आज

आज ३.०० तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा

भाजन

गौरवशाली परम्परा का २०७ वर्ष

एक लाखके अनारकली सूट में दिखायी खूबसूरत अदायें

यामी गौतम



वाराणसी, मंगलवार २७ अक्तूबर, २०२६ सौर १०, कार्तिक कृष्ण १, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

गृह मंत्रालय
भारत सरकार

जिन्होंने दिया नक्सल-मुक्त भारत बनाने में योगदान
सम्मान पट्ट पर उन वीरों के लिए लिखें संदेश और करें ऑनलाइन शेयर

आंतरिक सुरक्षा बलों का सम्मान
राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
एकता नगर, गुजरात

एक ही जगह देखें, एकता के रंग अनेक
भारत पर्व
1 से 15 नवंबर, 2026
एकता नगर, गुजरात



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर 2026 स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, एकता नगर, गुजरात

जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें या विज़िट करें rashtriyaektadiwas.com

CBC 19101/13/0020/2627

सपा-कांग्रेसने विकासमें रोड़े अटकाये-मुख्यमंत्री

कहा-छोटे मियां-बड़े मियांको घुसपैठियोंसे प्यार



कानपुर (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर में एक समारोह के दौरान अपने भाषण में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने अखिलेश यादव और राहुल गांधी का नाम तो नहीं लिया पर इशारों-इशारों दोनों को छोटे मियां और बड़े मियां कहते हुए सियासी हमला बोला। सीएम योगी ने कहा कि इस समय देश में दो मियां है-छोटे मियां और बड़े मियां। दोनों को घुसपैठियों से प्यार है। कानपुर बिठुर में वाल्मीकि जयंती के अवसर पर वाल्मीकि आश्रम में पूजा-अर्चना के बाद नाना राव पेशवा पार्क में 411 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसी समारोह में उन्होंने अपने संबोधन में राहुल और अखिलेश पर निशाना (शेष पृष्ठ ९ पर)

अयोध्याको फिरसे त्रेता युगकी ओरले जायेंगे-योगी

अयोध्या (आससे.)। अयोध्या में राम लला के भव्य मंदिर के निर्माण के साथ-साथ अयोध्या को फिर से त्रेता युग की ओर ले कर के जाएंगे। मथुरा, वृंदावन फिर से नए भव्य और दिव्य रूप में, प्रयागराज भव्य और दिव्यमहाकुंभ के रूप में मां विंध्यवासिनी का कॉरिडोर हो, शुकतीर्थ हो, नैमिषारण्य का विकास हो, बिठूर का विकास हो, ये सभी तो आगे बढ़ेंगे ही। हमारी सरकार ने तय किया है बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, सदुरु रविदास जी महाराज, भगवान महर्षि वाल्मीकि से जितने भी स्थल प्रदेश में हैं उनकी बाउंड्री वाल करना अगर ऊपर से छाजन नहीं है तो उसमें कैनोपी की व्यवस्था करके छत की व्यवस्था करना, सुरक्षा की पुख्ता (शेष पृष्ठ ९ पर)

ज्ञानेश कुमारको बचानेमें जुटी मोदी सरकार-खड़गे

नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कथित वोट चोरी के मामलों के बावजूद मोदी सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बचाने के लिए हर हथकंडा अपना रही है। खड़गे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में इस्तेमाल किए गए सॉफ्टवेयर की जानकारी सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगे जाने पर चुनाव आयोग ने 'ट्रेड सीक्रेट्स' का हवाला देकर जानकारी देने से इनकार कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में फॉर्म-6 के तहत आए 16.18 लाख आवेदनों का विवरण भी सार्वजनिक नहीं किया गया। खड़गे के मुताबिक, पीलीभीत में 10,470 मतदाताओं के रिकॉर्ड में अनियमितताएं पाई गई हैं। इसके बाद पूरे उत्तर प्रदेश में फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 की जांच के आदेश देने पड़े। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इंडिया गठबंधन की तीन प्रमुख मांगें हैं। पहली, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें और उन्हें संरक्षण देने वाला कानून निरस्त किया जाए। दूसरी, एसआईआर तत्काल रोका जाए तथा कथित तौर पर गैरकानूनी ढंग से हटाए गए मतदाताओं के नाम बहाल किए जाएं। तीसरी, देश में सभी चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएं। खड़गे ने लोगों से एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ-देश बचाओ' रैली में शामिल होने की अपील भी की।




ज्ञानेश कुमारको हटायें, ३० सेकेंडमें रोक देंगे आन्दोलन-राहुल

व्यापारियों की अपीलके बावजूद एक नवम्बरको दिल्लीमें कांग्रेसका होगा मार्च

नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित 'चलो दिल्ली मार्च' को जारी रखने के संकेत दिए हैं। उन्होंने दिल्ली के व्यापारियों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुख्य चुनाव आयुक्त

त्योहारोंके दौरान कारोबार प्रभावित होनेकी आशंका

ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग करें। राहुल ने कहा कि ऐसा होने पर आंदोलन 30 सेकंड में रोक दिया जाएगा। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कांग्रेस व्यापारियों की चिंताओं को सुन रही है और उनसे प्यार करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने मेट्रो बंद की, सड़कों को सील किया और राजधानी में आवाजाही बाधित की। उन्होंने



दावा किया कि जब वोट ही चोरी हो जाएं, तो दुकान, बचत और बच्चों का भविष्य भी सुरक्षित नहीं रह जाता।यह मार्च मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित वोट चोरी के विरोध में आयोजित किया जा रहा है। कांग्रेस ने देशभर से कार्यकर्ताओं को दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया है। इसमें विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के अन्य दलों के भी शामिल होने की संभावना है। इससे पहले दिल्ली के व्यापारिक संगठन चैंबर (शेष पृष्ठ ९ पर)

मानहानि मामलेमें राहुल बरी

नयी दिल्ली (आससे.)। राहुल गांधी को उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर की विशेष एमपी-एमएलए अदालत से मानहानि के एक मामले में बरी किए जाने के बाद कांग्रेस ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। पार्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा अपराधियों के हाथों में चल रही है। कांग्रेस ने कहा कि वह महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चलते हुए प्यार, करुणा और धैर्य के साथ भाजपा को हराने की लड़ाई जारी रखेगी।राहुल गांधी को साल 2018 में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह पर की गई टिप्पणी से जुड़े मानहानि के मामले में सोमवार को बरी कर दिया गया। शिकायतकर्ता विजय मिश्रा के वकील संतोष पांडे ने इसकी पुष्टि की। मामला सुल्तानपुर की विशेष एमपी-एमएलए अदालत में चल रहा था।अदालत के फैसले के बाद (शेष पृष्ठ ९ पर)

मोदीके पितापर खरगे की टिप्पणीको लेकर भाजपाका देशव्यापी प्रदर्शन



नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पीएम मोदी को लेकर दिए बयान पर विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी खरगे की आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ आज देशभर में विरोध प्रदर्शन कर रही है। दरअसल, पटना में बिहार के पहले मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह की जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में खरगे ने कहा कि मोदी का बाप भी जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान एक शख्स द्वारा यह कहे जाने पर पीएम मोदी कहीं जाएंगे, जवाब में गुस्से में आकर यह टिप्पणी की थी। (शेष पृष्ठ ९ पर)

१०० करोड़ के स्कूल घोटाले मामलेमें तमिलनाडु के पूर्व मंत्री गिरफ्तार

चेन्नई (एजेंसी)। चेन्नई पुलिस ने तमिलनाडु के पूर्व स्कूल शिक्षा मंत्री अनबिल महेश पोय्यामोझी को कथित 100 करोड़ रुपये के स्कूल मान्यता घोटाले में गिरफ्तार किया है। आरोप है कि निजी स्कूलों को सरकारी मान्यता, स्कूलों का स्तर बढ़ाने की मंजूरी और अन्य जरूरी अनुमतियां दिलाने के नाम पर स्कूल प्रबंधन से 100 करोड़ रुपये से अधिक की रकम वसूली गई। मद्रास हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद सोमवार को केंद्रीय अपराध शाखा की टीम ने चेन्नई स्थित उनके अपार्टमेंट से उन्हें गिरफ्तार किया।

राजनीतिक प्रभावसे मुक्त हो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया-पूर्व जस्टिस ओका

महाराष्ट्र (एजेंसी)। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज अभय ओका



ने बड़ा बयान दिया है। पूर्व जज ने कहा कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया राजनीतिक प्रभाव से मुक्त होनी चाहिए। उन्होंने स्वतंत्र संस्थाओं की गरिमा की रक्षा के लिए मजबूत कानूनी तंत्र और एक ढांचे की आवश्यकता पर भी जोर दिया। रविवार को ठाणे में फ्रीडम ऑफ स्पीच एंड अस (अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और हम) विषय पर आयोजित एक व्याख्यान में बोलते हुए, जस्टिस ओका (सेवानिवृत्त) ने उच्च-स्तरीय संवैधानिक नियुक्तियों में जवाबदेही को लेकर महत्वपूर्ण सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एक ऐसी व्यवस्था और कानूनी प्रावधान बनाना जरूरी है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में राजनीतिक वर्चस्व न चले।

अतीक अहमद की करोड़ों की १४ संपत्तियां कुर्क

प्रयागराज (एजेंसी)। माफिया अतीक अहमद की बेनामी संपत्तियों के खिलाफ प्रयागराज पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये के 14 भूखंड कुर्क कर लिए। ये भूखंड असदुल्लापुर भीटी में स्थित हैं। इनका कुल क्षेत्रफल करीब 11 बीघा बताया गया है। पुलिस के मुताबिक, इन संपत्तियों को अपराध से अर्जित धन से खरीदा गया था और इनकी रजिस्ट्री मदन लाल भारतीय के नाम पर कराई गई थी।पुलिस आयुक्त न्यायालय ने 27 जुलाई 2026 को इन संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश दिया था।

यूपी : पूर्व आईएएस राम बहादुर पासी समेत कई नेता हुए सपाई

लखनऊ (आससे.)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को

अखिलेश यादव बोले- जॉइनिंग से पूरब-पश्चिम हिल गया

लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान विभिन्न दलों से आए नेताओं का स्वागत किया। पूर्व आईएएस राम बहादुर पासी, कुशाग्र शाक्य, विनोद शाक्य और बसपा से जुड़े राम बहादुर पाल समेत कई नेताओं ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। अखिलेश यादव ने कहा कि नई जॉइनिंग से पूरब से पश्चिम तक राजनीतिक हलचल हुई है। उन्होंने नए साथियों को पीडीए का पिलर बताते हुए कहा कि आने वाले समय में जीत बड़ी (शेष पृष्ठ ९ पर)

जमीन बंटवारे को लेकर चली गोली, एक की मौत

गुना (एजेंसी)। गुना जिले के सिरसी थाना क्षेत्र के ग्राम सारेठा में करीब 500 बीघा जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहा विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। रविवार रात हुई गोलीबारी में 40 वर्षीय विजय सिंह की मौत हो गई, जबकि उनके भतीजे शांतनु मारपीट में घायल हो गए। पुलिस ने मामले में भारत सिंह यादव और उसके बेटे विशाल को गिरफ्तार किया है। वारदात में इस्तेमाल 12 बोर की बंदूक अवैध बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, 25 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे विजय सिंह अपने भतीजे शांतनु के साथ मोटरसाइकिल से खेत की ओर जा रहे थे। रास्ते में उनकी मुलाकात भारत सिंह यादव और उसके बेटे विशाल से हुई। आरोप है कि दोनों ने उन पर हमला कर दिया। पहले शांतनु के साथ लाठी से मारपीट की गई। इसके बाद विशाल ने कथित तौर पर 12 बोर की बंदूक से विजय सिंह के बाएं पैर में गोली मार दी। गोली लगने से विजय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

ब्रिक्स संसदें जन-केंद्रित विकास-वैश्विक शांतिमें निभायें अहम भूमिका- ओम बिरला

नयी दिल्ली (आससे.)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कहा कि ब्रिक्स की सफलता केवल चर्चाओं से नहीं,



बल्कि उनसे निकलने वाले ठोस परिणामों से तय होगी। उन्होंने सदस्य देशों की संसदों से जन-केंद्रित विकास, वैश्विक शांति और सतत विकास के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। बिरला संसद भवन स्थित संविधान सदन में 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच, 2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। बिरला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित ब्रिक्स राष्ट्राध्यक्षों के सम्मेलन में संयुक्त वक्तव्य को सर्वसम्मति से मंजूरी दिए जाने को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि अब साझा प्रतिबद्धताओं को ठोस नतीजों में बदलने की जरूरत है। कानून निर्माण, बजट और निगरानी के माध्यम से संसदें इसमें अहम भूमिका निभा सकती हैं।उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय संघर्षों, आर्थिक अस्थिरता, आतंकवाद (शेष पृष्ठ ९ पर)

यूपी विधान परिषद चुनाव की मतगणना आज

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की स्नातक की पांच और शिक्षक की छह निर्वाचन सीटों के द्विवार्षिक चुनाव-2026 की मतगणना मंगलवार, 27 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शुरू होगी। मतगणना संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर की उपस्थिति में निर्धारित केंद्रों पर कराई जाएगी। लखनऊ स्नातक सीट की मतगणना हॉल नंबर 7 और शिक्षक सीट की हॉल नंबर 8 में रमाबाई रैली स्थल, लखनऊ में होगी। वाराणसी स्नातक सीट की मतगणना हॉल नंबर 1 और शिक्षक सीट की हॉल नंबर 2 में स्टेट वेयरहाउस कॉरपोरेशन, वाराणसी में होगी। आगरा स्नातक सीट की मतगणना हॉल नंबर 1 और शिक्षक सीट की हॉल नंबर 2 में नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति, टूंडला रोड, आगरा में होगी।

चक्रवात अर्नब आंध्र की तरफ बढ़ा, चार राज्यों में अलर्ट

नयी दिल्ली (आससे.)।सैटेलाइट तस्वीर में चक्रवात अर्नब के चारों ओर घने बादल और बीच में तूफान का केंद्र दिखाई दे रहा है। चक्रवात अर्नब बंगाल की खाड़ी से आंध्र प्रदेश के तट की ओर बढ़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, यह 27 अक्टूबर तक तूफान का रूप ले सकता है। इसके 28 अक्टूबर की सुबह आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की आशंका है। इस दौरान 140 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।आंध्र प्रदेश में करीब 6 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की तैयारी है। तटीय जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मछुआरों को 29 अक्टूबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और पुडुचेरी में अलर्ट है।ओडिशा में 60 रेस्क्यू टीमें तैनात होंगी। छह जिलों में 28 और 29 अक्टूबर को स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे। इस तूफान के असर से रुक-रुक समेत 10 राज्यों में बारिश की भी संभावना है।वहीं, तमिलनाडु में पिछले 3 दिनों से लगातार बारिश हो रही है। अरनी के भास्कर नगर में पानी भर गया है। लोग अपने घरों में फंस गए हैं। कोडाइकनाल में पर्यटकों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है।


छह लाख लोगोंको सुरक्षित स्थानपर पहुंचाने की तैयारी, ओडिशामें स्कूल बंद

२.१२ लाख करोड़ की रक्षा खरीदको सरकार की मंजूरी

नयी दिल्ली (आससे.)। सरकार के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को तीनों सेनाओं के लिए 2.12 लाख करोड़ की खरीद को मंजूरी दी। इसमें मल्टीपरपज हेलिकॉप्टर, लंबी दूरी के कामिकाजे ड्रोन सिस्टम और हथियार शामिल हैं। इनमें करीब 82 प्रतिशत खरीदी भारतीय उद्योगों से की जाएगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल ने इन खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी। सेना के लिए हाई मोबिलिटी व्हीकल, सेल्फ-प्रोपेल्ड ट्रैक्ड गन सिस्टम, एयर डिफेंस सिस्टम और काउंटर ड्रोन सिस्टम खरीदे जाएंगे। नौसेना और वायुसेना के लिए भी कई अहम प्लेटफॉर्म, हेलिकॉप्टर, रडार और एयर डिफेंस सिस्टम को मंजूरी मिली है।

समुद्रमें भारत की नयी ताकत 'मातंगी'

नयी दिल्ली (आससे.)। भारत रक्षा क्षेत्र में नेक्स्ट जेनरेशन तकनीक और स्वदेशी क्षमताओं को लगातार मजबूत कर रहा है। इसी दिशा में स्वदेशी तकनीक से विकसित 'मातंगी' ऑटोनॉमस सरफेस वेसल भारत की समुद्री क्षमता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सागर डिफेंस इंजीनियरिंग द्वारा विकसित मातंगी एक ऐसा मानवरहित सतही पोत है, जो बिना किसी इंसान के सवार हुए समुद्र में लंबी दूरी तय करने में सक्षम है।वर्ष 2024 में इसने मुंबई से तमिलनाडु के तूतीकोरिन तक लगभग 1,500 किलोमीटर की यात्रा बिना मानवीय हस्तक्षेप के पूरी की थी। मातंगी में स्वायत्त नेविगेशन और टक्कर से बचने जैसी तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। ऐसी प्रणालियां समुद्र में पोत की दिशा निर्धारित करने, आसपास की परिस्थितियों को समझने और सुरक्षित संचालन में मदद कर सकती हैं। भारत की स्वदेशी रक्षा तकनीक में मानवरहित प्रणालियों के विकास की दिशा में एक अहम पहल है 'वरुणा' ड्रोन। पुणे की कंपनी सागर डिफेंस इंजीनियरिंग द्वारा विकसित यह एक पायलटलेस एरियल व्हीकल है,



बिना इंसान के १५०० किलोमीटर का सफर तय करने वाला स्वदेशी ऑटोनॉमस ड्रोन बोट

जिसे एक व्यक्ति को लेकर उड़ान भरने के लिए तैयार किया गया है। जुलाई 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय नौसेना के स्वावलंबन कार्यक्रम के दौरान वरुणा ड्रोन का प्रदर्शन देखा था। इस तकनीक ने भविष्य में मानव परिवहन के लिए मानवरहित हवाई प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल की संभावनाओं को सामने रखा। 150 किलो तक पेलोड ले जाने की क्षमता/ वरुणा को एक व्यक्ति को हवा में ले जाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। सार्वजनिक रूप से उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार, इसकी पेलोड क्षमता लगभग 150 किलोग्राम बताई गई है। इसमें ऑटोनॉमस टेक-ऑफ और लैंडिंग जैसी क्षमताएं भी शामिल हैं। समुद्र में युद्धपोतों के बीच जरूरी सामान पहुंचाना, आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता देना और भविष्य में मेडिकल इवैक्युएशन जैसे कार्य इस प्रकार की तकनीक के संभावित इस्तेमाल में शामिल हो सकते हैं।



यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज वैभव शाली परंपरा का गौरवशाली इतिहास
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राइब करें।

मौसम

सूर्योदय : ०६.०१
सूर्यास्त : ०५.२२

तापमान
अधि. : ३२.१
न्यून. : १९.२

एक नजर इधर भी

वसुधा दीक्षित के सुमधुर गायन से श्रोता हुए भाव विभोर

श्री काशी महाराष्ट्र सेवा समिति कीओर से सोमवार को नीलकंठ स्मृति भवन, पटनी टोला चौक में कोजागिरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत महालक्ष्मी भजन मंडली के देवी गीत और



भजन की सुमधुर प्रस्तुति से हुई। कार्यक्रम के दूसरी कडी में वाराणसी की उभरती गायिका कुमारी वसुधा दीक्षित का सुमधुर गायन हुआ। गायन की शुरुआत राग रागेश्री में बड़ा ख्याल- आयो अत मतवारो साँवरो एवं छोटा ख्याल- लगन लगी तुम्हरे चरण की समधुर प्रस्तुति दी। तत्पश्चात मराठी नाट्यसंगीत हे सुरानो चन्द्र व्हा गवळण श्रीरंगा कमलकांता या वृंदावनी वेणू या तथा सुप्रसिद्ध अभंग माझे माहेर पंढरी गाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। तबले पर पंडित किशन रामडोहकर व हारमोनियम पर जमुना वल्लभ गुजराती ने संगत की। कार्यक्रम के समाप्ति पर सभी उपस्थित लोंगों को रेवडी, नारियल, सिंघाडा का प्रसाद एवं केशरिया दुध का वितरण किया गया। इस अवसर पर ट्रस्टी संतोष सोलापुरकर, मंत्री षडानन पाठक, अध्यक्ष मकरंद महैस्कर, अनंतराम बक्षी, शशांक पुराणिक, सुहास पटवर्धन, प्रदीप थत्थे, ज्ञानेश्वर तोलेदार, सुहास कापशे, नेहा कोटेकर, अनिमा दीक्षित, सुखदा पालंदे, अंकिता पेठकर, राजश्री अनवेकर सहित सैकडों की संख्या में मराठी समाज के लोग उपस्थित रहे।

प्रतिष्ठित अवॉर्ड प्राप्त करने पर योगाचार्या अंजना त्रिपाठी को शंकराचार्य ने किया सम्मानित

दिल्ली में कंस्टीट्यूशन क्लब आफ इंडिया में आयोजित योग शक्ति महोत्सव २०२६ में श्री बी.के.एस. अयंगर योगश्री अवॉर्ड सम्मान प्राप्त करने एवं उत्तर प्रदेश का मात्र योगाचार्या अंजना त्रिपाठी द्वारा प्रतिनिधित्व किए जाने पर उनको गेस्ट ऑफ ऑनर का भी सम्मान ग्रहण करने के उपरांत काशी लौटने पर ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामिश्री : अविमुक्तेश्वरानंद- सरस्वती जी महाराज ने अंगवस्त्रम ,रुद्राक्ष माला एवं प्रसाद देकर सम्मानित किया।काशी के धरती से योग को विश्व पटल पर ले जाने वाली ख्यातिलब्ध योगाचार्या योगरत्न,मिसेज योगिनी ऑफ इंडिया,स्वामी विवेकानंद योग आइकॉनिक अवार्ड सहित अनेकों पुरस्कार



प्राप्त हो चुका है। शंकराचार्यजी का आशीर्वाद प्राप्त करने से प्रसन्न अंजना त्रिपाठी ने कहा कि पूज्यपाद शंकराचार्य जी का आशीर्वाद प्राप्त होने से हमारे आत्मविश्वास में नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है। जीवन में आगे बढ़ने एवं योग के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित स्थापित करने में शंकराचार्य जी का आशीर्वाद सहायक सिद्ध होगा।इस अवसर पर शंकराचार्यजी ने कहा कि वैदिक परम्परा एवं भारतीय संस्कृति में सदैव से मातृशक्ति का आपार आदर रहा है। अपनी प्रतिभा के बल पर किसी भी क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करने वाली मातृशक्ति का आदर करना हम सभी का दायित्व है। इस अवसर पर साध्वी पूर्णाम्बा दीदी,ब्रम्हचारी परमात्मानंद ,स्वामी निधिरव्यानंद ,उपेंद्र द्विवेदी सहित भारी संख्या में संत और भक्त उपस्थित रहे।

रामजन्म के साथ सिरिहिरा में रामलीला का आगाज

सेवापुरी। क्षेत्र के सिरिहिरा गांव में मंगलवार शाम श्रद्धा और आस्था का संगम देखने को मिला। रामजन्म के साथ ही रामलीला का भव्य शुभारंभ हुआ। नवयुवक मंगल दल के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में कलाकारों ने रामजन्म और ताड़का वध का ऐसा जीवंत मंचन किया कि दर्शक भावविभोर हो उठे। पूरे पंडाल में 'जय श्रीराम' के जयघोष गूंजते रहे। रामलीला आयोजन समिति के अध्यक्ष मुरु गुरु, टमाटर मिश्र, उदय प्रताप शुक्ला बबलू और महेश मिश्र ने बताया कि आगामी २८ अक्टूबर को धनुष यज्ञ का मंचन किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार सिरिहिरा में रामलीला की परंपरा वर्षों पुरानी है। हर वर्ष आयोजन के प्रति ग्रामीणों का उत्साह और श्रद्धा बढ़ती जा रही है।

कार्य में लापरवाही करने पर कार्यदायी एजेंसी हुई ब्लैकलिस्टेड

सफाई सुपरवाइजर के विरूद्ध हुई कारर्वाई

कंदवा क्षेत्र के कंचनपुर मियांवाकी हार्टिकल्चर निर्माणाधीन पार्क में लापरवाही एवं सुस्त रफ्तार को देखते हुए नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने गम्भीरता से लिया। इसके चलते उन्होंने वार्ड नं8 १९ के सफाई सुपरवाइजर राजू वालमीकि के विरूद्ध कारर्वाई की। ऋषि मांडवी जोने में निर्माण के लिए घटिया गिट्टी और सरिया जमीन पर रखकर जंग लगाने के साथ अन्य कमियां मिलने पर सम्बंधित फर्म के खिलाफ ब्लैकलिस्टेड कर दिया। नगर आयुक्त सोमवार को कंचनपुर के पार्क व पाथवे के किनारे मिट्टी भराव समय से न करना, इंट्री गेट के पास हैज प्लांटेशन करने, पार्क की अव्यवस्था, तालाब का डिजाइन तैयार कर स्टीमेट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। इसके साथ ही तालाब के चाहरदीवारी के पास हैज प्लांटेशन को पूरा करना था। वाल के ऊपरी सुरक्षा की दृष्टि से तार लगाने का भी कार्य और काशी के धार्मिक और वर्ली पेंटिग लगाना



पाथवे के किनारे प्लांटेशन, ग्रील लगाने, एसटीपी के पूर्व भवन को तोड़कर उन्हें पुर्ननिर्माण करते हुए लाइब्रेरी बनाने का निर्देश दिया गया था। औचक निरीक्षण में तालाब के उत्तरी ओर चहारदीवारी से सटे कुछ भवन स्वामी सीवर गन्दा पानी पार्क की ओर गिरा रहे है, जिसे तत्काल बन्द करने के लिए सम्बंधित विभाग के अभियंता को निर्देश दिया। पार्क में कर्मकाण्ड हेतु व्यवस्थित स्थल जिम और बच्चों के खेल के पास लैण्डफिलिंग कराने, ओपेन जिम का प्रस्ताव एवं सोलर लाइट लगाने का भी निर्देश दिया।

काशी की रामलीला



२७ अक्तूबर, मंगलवार

जैतपुरा :- श्रीराम घंडईल, चित्रकूट आश्रम। **औरंगाबाद** :- राम विहार, सनकादिक मिलन, पुरजन उपदेश। **लल्लापुरा** :- सनकादिक मिलन, पुरजन उपदेश। **गायघाट** :- भरत मिलाप। **काशीपुरा** :- कोट विदाई, कथा, दशोअवतार की झांकी। **कोटवां** :- कोप भवन, राम वनगमन, निषाद मिलन, केवट संवाद।

अश्विन पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में लगायी आस्था की डुबकी, किया दान पुण्य



अश्विन पूर्णिमा पर सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और दानपुण्य किया।अश्विन पूर्णिमा पर स्नान के लिए श्रद्धालु भोर से ही गंगा तट पर पहुंचने लगे। गंगा स्नान करने वालों की भीड़ प्राचीन दशाश्वमेधघाट, शीतलाघाट, पंचगंगाघाट और सामने घाट पर रही। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद दानपुण्य किया और निकट के मंदिरों में दर्शन पूजन किया। इस दौरान गंगाघाटों पर हर-हर महादेव व हर-हर गंगे के जयघोष गूंजते रहे।बताते चले आश्विन पूर्णिमा तिथि २५ को पूर्वाह्न ११:५५ मिनट पर लगी। जो सोमवार को पूर्वाह्न ९:४१ मिनट तक रही। दशाश्वमेध घाट के तीर्थ पुरोहित विनय चौबे के अनुसार चंद्रोदय कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा तिथि में हो रहा है, इस वजह से अश्विन पूर्णिमा का व्रत २५ अक्टूबर रविवार को रखा गया। प्रदोष काल में माता लक्ष्मी और चंद्रमा की पूजा के बाद गंगा स्नान श्रद्धालुओं ने उदयातिथि सोमवार को किया।

काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार पर जोशी ब्राह्मण संघ ने किया मां गंगा का दुग्धाभिषेक

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार, ललिता घाट पर जोशी ब्राह्मण संघ द्वारा माँ भगवती गंगा का ५१ दुग्धाभिषेक किया गया। राष्ट्र की सुख-समृद्धि और समाज के कल्याण की कामना से किया गया यह आयोजन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।कार्यक्रम में सरसों और पंचामृत से माँ गंगा का अभिषेक किया गया। पूजन से पूर्व प्रथम देवता भगवान गणेश का पूजन किया गया। जोशी ब्राह्मण संघ के सभी सदस्य इस अवसर पर मौजूद रहे। इस आयोजन में काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन और एसडीएम का विशेष सहयोग रहा।जोशी ब्राह्मण संघ वरिष्ठ सदस्य अमित कुमार पांडेय ने बताया कि शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को प्रत्येक वर्ष की भांति जोशी ब्राह्मण संघ के तत्वावधान में माँ भगवती गंगा जी का ५१ अभिषेक होता है। अपने राष्ट्र की सुख समृद्धि और समाज के विकास के लिए भगवती से प्रार्थना की जाती है कि माँ गंगा सबको सुख समृद्धि से संपन्न करें और देश को सर्वोत्तम विजय प्राप्त हो। यश, सम्मान, प्रतिष्ठा की शुभकामना के लिए हम माँ का अभिषेक पूजन करते हैं।

लोहता में फुलवारी, धनुष यज्ञ और परशुराम-लक्ष्मण संवाद का भव्य मंचन

जय श्री राम के उद्घोष से गूंजा पंडाल

लोहता। कोटवां, प्राचीन श्री रामलीला समिति कोटवां, लोहता के तत्वावधान में चल रही रामलीला में फुलवारी, धनुष यज्ञ और परशुराम-लक्ष्मण संवाद का भव्य मंचन हुआ। मंचन की शुरुआत फुलवारी के दृश्य से हुई। जनकपुर की फुलवारी में श्रीराम और लक्ष्मण फूल लेने पहुंचते हैं। वहीं सीता जी अपनी सखियों के साथ गौरी पूजन के लिए आती हैं। श्रीराम और सीता जी का प्रथम मिलन होता है। इस दृश्य को देखकर दर्शक भावविभोर हो गये। इसके बाद धनुष यज्ञ का मंचन हुआ। राजा जनक के प्रण के अनुसार जो भी शिव धनुष को तोड़ेगा, उसी से सीता जी का विवाह होगा। बड़े-बड़े राजा और वीर धनुष को हिला तक नहीं सके। तब गुरु विश्वामित्र के आदेश पर श्रीराम ने शिव धनुष को उठाकर तोड़ दिया। धनुष टूटते ही पूरा पंडाल जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। धनुष टूटने की आवाज सुनकर क्रोध में परशुराम जी वहां पहुंच गए। इसके बाद परशुराम और लक्ष्मण के बीच तीखा संवाद हुआ। लक्ष्मण जी की चतुराई भरी बातों और परशुराम जी के क्रोध को देखकर दर्शकों ने खूब तालियां बजायीं। अंत में श्रीराम के समझाने पर परशुराम जी शांत हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग रामलीला देखने पहुंचे थे।

आकर्षण का केंद्र रहा लाग विमान, काली दुर्गा की लड़ाई

रामेश्वर। क्षेत्र का सुप्रसिद्ध बाबा का मेला असत्य पर सत्य की विजय तथा बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाये जाने वाला विजयादशमी पर्व रावण वध के बाद बड़े श्रद्धा पूर्वक हर्षोल्लास वातावरण के बीच सकुशल सम्पन्न हुआ। बाबा के मेला में जाने का सिलसिला रात्रि नौ बजे तक जारी रहा। मेला में सायं पांच बजे रामेश्वर महादेव मन्दिर से दुर्गा - काली एवं अन्य आकर्षण झांकियां निकाली गयी। सायं छह बजे माता दुर्गा व काली की लड़ाई लड़ते हुए झांकी निकाली गयी जो आकर्षण का केंद्र रहा।झांकी के



जयश्री राम और राजारामचन्द्र की जय के उदघोष के साथ श्रद्धालु आगे चल रहे थे। इससे रामेश्वर क्षेत्र का वातावरण राममय हो गया था।मेला तीन विकास खण्डों के बीच परसीपुर-रामेश्वर पंचक्रोशी मार्ग पर लगता हैं। जिसमें लगभग तीस हजार के ऊपर मेलार्थियों ने राम, लक्ष्मण, माता सीता, जानकी और हनुमान का दर्शन पूजन किया। मेला परिधि क्षेत्र में लाई, चूड़ा, कंकनी, माला फूल, खिलौनों की आकर्षण सैकड़ो दुकानें लगी थी। महिलायें दैनिक खेती से सम्बंधित सामानों में दउरी, झौवा, मूसल, खुरपी, फावड़ा सहित श्रृंगार की दुकाने लगी थी। अपरान्ह तीन बजे मेला स्थल पूरी तरह अपने रंग में आ गयी जहा पर पैर रखने की जगह नही रही। मेलार्थियों के आने-साथ श्रद्धालु माता काली व दुर्गा की जय जयकार लगाते हुए चल रहे थे।मेला परिधि क्षेत्र में रावण के वध के साथ मेला सकुशल सम्पन्न हो गया। मेला के संयोजक रामेश्वर महादेव मन्दिर के महंत श्री श्री १०८ राममूर्ति दास उर्फ मद्रासी बाबा के गो लोक धाम वासी हो जाने के बाद इस वर्ष राधा कृष्ण मंदिर के स्वामी राधारमण दास महाराज ने मेला परिसर में राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान व अन्य पात्रों का आरती कर मेलार्थियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। मेला में महाबली त्रिपाठी, राजबली त्रिपाठी, रामजी तिवारी, त्रिभुवन तिवारी, पीयूष तिवारी, ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव, अनुराग मिश्रा, राजू चौरसिया, सहित तमाम लोग शामिल थे।



सन वैली पब्लिक स्कूल में सजी माता की चौकी, भक्ति गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों ने मोहा मन

सन वैली पब्लिक स्कूल, भौमी (उन्दी), सरसवां में सांस्कृतिक संध्या 'संचेतना' के अंतर्गत 'माता की चौकी' (स्वरांजलि) का भव्य आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, देवी भजनों और भक्तिमय नृत्य-नाटिकाओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाआरती और पुष्पवर्षा के बीच पूरा परिसर भक्तिरस में सराबोर हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन अखिलेश सिंह, वाइस चेयरपर्सन अनुसूइया सिंह, सेक्रेटरी विकास सिंह, ट्रस्टी संदीप सिंह, प्रबंधक सुमित सिंह, प्रधानाचार्य अल्पना सिंह तथा अतिथि कृपा शंकर सिंह (उपाध्यक्ष एवं महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री), अजगरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक त्रिभुवन राम, वाराणसी जिला डेवलपमेंट काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष सुजीत सिंह और आलोक हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर आलोक सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों की गणेश वंदना से हुई। कक्षा-सात के छात्र युवराज सैनी और उनके साथियों ने हनुमान अंश पर आधारित तबला वादन प्रस्तुत कर श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी। प्रख्यात गायक रवींद्र सिंह ज्योति और उनके साथियों ने देवी भजनों की सुमधुर प्रस्तुति से उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। कक्षा-११ की छात्रा खुशी शर्मा ने पारंपरिक देवी गीत 'निमिया के डार मैया' का मनमोहक गायन किया। विद्यार्थियों ने महिषासुर मर्दिनी नृत्य-नाटिका के माध्यम से देवी शक्ति का प्रभावशाली चित्रण किया। इसके साथ ही गंगा अवतरण पर भावनृत्य, 'रक्तबीज' नृत्य-नाटिका, 'माता की चौकी' गीत तथा गरबा और डांडिया नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। महाआरती और फूलों की वर्षा ने कार्यक्रम के आध्यात्मिक वातावरण को और भी भव्य बना दिया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत चेयरमैन अखिलेश सिंह, वाइस चेयरपर्सन अनुसूइया सिंह, निदेशक संदीप सिंह, प्रबंधक सुमित सिंह और प्रधानाचार्य अल्पना सिंह ने अंगवस्त्रम एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। मुख्य अतिथि कृपा शंकर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए सांस्कृतिक क्रांति की आवश्यकता है। इस प्रकार के आयोजन युवाओं को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के साथ ही उन्हें कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम का संगीत निर्देशन श्याम सुंदर यादव और अमित कुमार यादव ने किया, जबकि कोरियोग्राफी आनंद गुप्त की रही। मंच संचालन नंदन सिंह और पूजा दुबे ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य अल्पना सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य डॉक्टर सौरभ द्विवेदी, कोऑर्डिनेटर विकास दुबे, जय शंकर पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।



पारदर्शी और निष्पक्ष कार्यशैली जनविश्वास पर निर्भर-महाप्रबंधक बीएसएनएल

सतर्कता जागरुकता अभियान में अधिकारी और कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता का लिया संकल्प

किसी भी संस्था की प्रगति और जनविश्वास पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष कार्यशैली पर निर्भर करता है। यह बात बीएसएनएल के प्रधान महाप्रबंधक अनिल कुमार गुप्त ने भारत संचार निगम लिमिटेड की सतर्कता आयोग एवं मुख्यालय के दिशा निर्देश पर जागरुकता अभियान के तहत अधिकारियों को बतायी। उन्होंने कहा कि नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाने के लिए भ्रष्टाचार मुक्त कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना होगा साथ ही सतर्कता विभाग द्वारा सीवीसी पोर्टल के माध्यम से आनलाइन ई प्लेज लेने और सप्ताहभर इसकी जानकारी के लिए लोगों को प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि सतर्कता जागरुकता



अभियान २६ अक्तूबर से एक नवंबर तक शिवपुरवा स्थित सभागार में आयोजित किया गया है। इस संबंध में शेष अधिकारियों ने सतर्कता के प्रति उपभोक्ताओं को जागरुकता लाने के लिए विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम को रोकने के लिए उपभोक्ताओं में सतर्कता आवश्यक है और इसके लिए विभागीय कर्मचारी उपभोक्ताओं से संपर्क कर उनको आवश्यक जानकारी प्रदान कर सकते हैं। इस दौरान उपस्थित समस्त अधिकारी और कर्मचारियों को सामूहिक रूप से सत्य निष्ठा की शपथ दिलायी गयी और कर्मचारियों को अपने कार्य क्षेत्र और दैनिक जीवन में ईमानदारी, पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता बरतने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक के अलावा उपमहाप्रबंधक प्रशासन दिनेश कुमार उपाध्याय, आंतरिक वित्त सलाहकार एस.के.पुष्कर, जनसंपर्क अधिकारी अनिष कुमार सिंह, सहायक महाप्रबंधक प्रशासन अमित प्रकाश वर्मा, उपमंडल अभियंता बाल मुकुंद सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे।

श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव में झूमे भक्तगण

चौबेपुर क्षेत्र के सोनबरसा ग्राम में चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन कथा का रसपान करने के लिए सैकड़ो की संख्या में भक्तगण उमड़े। अयोध्या से पधारे कथा व्यास श्री श्री १०८ संत दास जी महाराज ने वामन अवतार कथा का सार बताया। साथ ही श्री कृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन भी किया गया। व्यास पीठ से संत दास जी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय हो जाता है। हमें भागवत कथा सुनने के साथ-साथ उसकी शिक्षाओं पर भी अमल करना चाहिए उन्होंने बताया कि वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी की दंभ और अहंकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता और यह धन संपदा क्षण भंगुर होती है। इसलिए इस जीवन में परोपकार करो, उन्होंने बताया कि अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की प्राप्त होती है। कथा के बीच में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया, कहां कि एक दृश्य से हमारा पूरा आचरण बदल सकता है। भगवान पर जितना विश्वास करोगे उतना ही अच्छा है। कथा व्यास ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिन भगवान कृष्ण की बाल लीला गोवर्धन पूजा ५६ भोग का वृतांत सुनाया जाएगा। इस अवसर पर मुन्नू चौबे, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री हंसराज विश्वकर्मा, पवन चौबे, राधेश्याम शुक्ला , राजू प्रजापति आदि लोग रहे।

गायत्री जप का अधिकार महिलाओं को भी- आचार्य आलोक रंजन मिश्र

दीप महायज्ञ में ५०१ दीप प्रज्वलित, ३१ बच्चों का विद्यारंभ और १४ लोगों ने ली गुरु दीक्षा

गायत्री शक्तिपीठ दानूपुर के तत्वावधान में प्रज्ञा एवं महिला मंडल, कोनिया के संयोजन में आयोजित चार दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा का सोमवार को अमरनाथ शिक्षण संस्थान, पलंग शहीद, कोनिया में समापन हुआ। माता भगवती देवी जन्मशताब्दी के परिप्रेक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ, दीप महायज्ञ और विविध संस्कार संपन्न हुए। दीप महायज्ञ में मानवता, शांति, समृद्धि और आपसी सौहार्द की कामना के साथ ५०१ दीप प्रज्वलित किये गये। ३१ बच्चों का विद्यारंभ, १४ लोगों का गुरु दीक्षा तथा दो बच्चों का नामकरण संस्कार हुआ। बच्चों के नाम सोहम और शाश्वत रखे गये। कथा व्यास आचार्य आलोक रंजन मिश्र ने कहा कि कुविचार, द्वेष और लालच समस्याओं के मूल कारण हैं, जबकि सद्बुद्धि उनका समाधान है। उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र के जप का अधिकार पुरुषों के समान महिलाओं को भी है। कार्यक्रम में डीके मिश्र ने भक्ति गीत प्रस्तुत किये। संयोजन बृजेंद्र मिश्र ने किया। रमन कुमार श्रीवास्तव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

क्षय मुक्त काशी – निरोग काशी
क्षय रोग (TB) के लक्षण
समुचित आहार लेने पर भी शरीर का वजन कम होना। * भूख न लगना, अरुचि होना। * दो हफ्तों से अधिक समय तक खाँसी का ठीक न होना। * गहरी सांस लेने, खाँसने, छींक या हँसी आदि से छाती में चुभन सा दर्द। * थोड़ा श्रम करने से भी हाँफना। * हल्का बुखार जो बना रहे। * मुख से बलगम के साथ रक्त आना। * गले में गाँठ का तीन सप्ताह से अधिक समय तक बने रहना।
क्षय रोग उन्मूलन हेतु
सामाजिक संस्था संकल्प द्वारा 26 वर्षों से अनवरत चलने वाला शिविर/अभियान
क्षय मुक्त काशी–निरोग काशी
डॉ0 अश्विनी जैन क्लिनिक,मलदहिया, वाराणसी से प्रत्येक कार्यदिवस में संचालित है।
चिकित्सक
डॉ0 हर्षित जैन डॉ0 आंचल अग्रवाल (जैन)
संकल्प द्वारा प्रचारित व प्रसारित
सहयोग :- आज
कन्हैयालाल गुलालचन्द सर्राफ
सोने, डुप्लेक्स व हीरे के आभूषणों का अतुलनीय संग्रह, चांदी के बर्तन, सोने व चांदी के सिक्कों एवं छद रत्नों की विशाल शृंखला उपलब्ध
चौक (टोरी बाजार पहली के सामने) वाराणसी फोन: 0542 - 2390754
चांदी सिल प्रति किलो- 2,00,000/-
सिक्का प्रति सैकड़ा- 2,33,000/-
सोना स्टैण्डर्ड 10 ग्राम- 1,44,500/-
सोना 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम- 1,35,800/-

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
Employees Provident Fund Organisation
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Labour & Employment, Govt. of India
क्षेत्रीय कार्यालय, वाराणसी / Regional Office, Varanasi
भविष्य निधि भवन अशोक विहार–1, पहाड़िया, वाराणसी–221007
Bhavishya Nidhi Bhawan, Ashok Vihar-I, Pahariya, Varanasi-221007, Ph. : 0542-2585738, Fax : 0542-2587736
PRO/Whatsapp : 0542-2585339, E-mail : ro.varanasi@epfindia.gov.in
निधि आपके निकट 2.0
(जिला संपर्क कार्यक्रम)
ईपीएफ, पेंशन, जीवन प्रमाण पत्र एवं नाम, जन्मतिथि, पिता एवं पति नाम में संशोधन से संबंधित जानकारी एवं सेवा के लिए दिनांक 27 अक्टूबर, 2026 को नजदीकी कैंप में पहुंचे।
27 अक्टूबर, 2026
प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, विश्वास योजना एवं न्यू रूल्स से संबंधित जानकारी के संदर्भ में
नियोक्ताओं, कर्मचारियों, पेंशनर्स आदि के लिए इंटरएक्टिव प्लेटफॉर्म
नाम, जन्म तिथि, पति एवं पिता के नाम में संशोधन के संदर्भ में
जीवन प्रमाण, वंद पड़ी पेंशन को पुनः चालू करवाने के संदर्भ में संपर्क करें: 7839588152, 7839588153
तत्काल शिकायत निवारण

जिला	कार्यक्रम के स्थल
वाराणसी	मुकुलारण्यं इंग्लिश स्कूल, सिगरा, वाराणसी
सोनभद्र	मेसर्स विनायक सर्विसेज, हिंदुआरी मोड़–रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र
भदोही	मेसर्स ओ.ए.सी. वूलन्स, मोध रोड, सलीमपुर, भदोही
मिर्ज़ापुर	ग्लेनहिल स्कूल, चुनार, मिर्जापुर–231304
गाजीपुर	एम.जे.आर.पी. पब्लिक स्कूल, शेखपुरा, रौजा, गाजीपुर
जौनपुर	संत साईं कॉन्वेंट स्कूल, मड़ियाहूँ, जौनपुर–221001
अम्बेडकर नगर	मेसर्स मनरेगा, अम्बेडकर ब्लॉक, रामनगर, अम्बेडकर नगर
चंदौली	कार्यालय खंड विकास अधिकारी, सदर, चंदौली
मऊ	पी.के.एस. पब्लिक स्कूल, धामदास गेट के निकट, ताजपुर, चिरैयाकोट, मऊ
आजमगढ़	जयपुरिया स्कूल, आजमगढ़, फैजाबाद रोड, मिरिया रेहरा

epfindia.gov.in @socialepfo @social_epfo

एक नजर इधर भी

सरदार पटेल जयंती पर परमपुर में सपा की जनसभा ३१ को, अखिलेश यादव होंगे मुख्य अतिथि

जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़ की अध्यक्षता में बैठक, कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर ३१ अक्टूबर को परमपुर (संजोई ग्रामसभा) में समाजवादी पार्टी की विशाल जनसभा होगी। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जनसभा की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष सुजीत यादव उर्फ लक्कड़ की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें तैयारियों की समीक्षा कर



पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक के बाद नेताओं ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक में चंदौली के सांसद वीरेंद्र सिंह, विधायक तूफानी सरोज, पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटेल, पूर्व विधायक उदय लाल मौर्य, मनोज राय धूपचंडी, ओपी सिंह, कृष्ण दीक्षित, पूजा यादव, विष्णु शर्मा, राम बालक पटेल, संजय मिश्रा, पूर्व विधायक जगदंबा पटेल और पूर्व एमएलसी राजदेव सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सपा ने जनसभा को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं।

अहिल्याबाई घाट पर प्रज्ज्वलित हुआ आकाशदीप, अजय राय ने किया शुभारंभ

पवित्र कार्तिक माह के शुभारंभ पर अहिल्याबाई घाट पर कांग्रेसजनों ने आकाशदीप प्रज्ज्वलित किया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अजय राय ने दीप प्रज्वलित कर मां गंगा को नमन किया। कार्यक्रम का



आयोजन वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनीष मोरोलिया ने किया। इस अवसर पर अजय राय ने कहा कि काशी की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं देश की आध्यात्मिक विरासत की पहचान हैं। कार्तिक माह में गंगा तट पर आकाशदीप प्रज्वलित करना श्रद्धा, आस्था और सकारात्मकता का प्रतीक है। इन परंपराओं का संरक्षण कर इन्हें अगली पीढ़ी तक पहुंचाना सभी का दायित्व है। कार्यक्रम में सुनील कपूर, प्रिंस राय खगोलन, आमोद कृष्ण, प्रमोद वर्मा, ब्रह्मदत्त त्रिपाठी, नरसिंह दास, दीपक यादव, चंचल शर्मा, आनंद पांडेय, गोपाल चौबे, मदन कन्नौजिया और आर्यन त्रिपाठी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

पिंकाथन में महिलाओं को स्वस्थ रहने के बताये गये उपाय

छावनी स्थित द प्रभु नारायण यूनियन क्लब (द पीएनयू क्लब) में महिलाओं को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पिंकाथन का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न आयु वर्गों की महिलाओं ने दौड़ और अलग-अलग श्रेणियों में वॉक के साथ जुंबा व योग जैसी



गतिविधियों में हिस्सा लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम के लिए प्रेरित करने और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक बनाना रहा। कार्यक्रम के माध्यम से स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने,समय पर जांच के महत्व को समझाने और शारीरिक सक्रियता के जरिए मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनाने का संदेश दिया गया। पिंकाथन महिलाओं को अपनी सेहत को प्राथमिकता देने, आत्मविश्वास बढ़ाने और फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करने की पहल है।आयोजन में डाक्टर श्वेता यादव,प्रियंका ओझा, एथलीट नीलू मिश्रा, सुमित्रा, शांभवी, सीमा, सुचिता, नवनीत, प्रीति और शिवानी सहित अन्य लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के जरिए महिला स्वास्थ्य, फिटनेस और सशक्तीकरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

डीआरएम ने कैंट और काशी स्टेशन का किया निरीक्षण

यात्री सुविधाओं, भीड़ प्रबंधन और विकास कार्यों की समीक्षा, निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश

उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने सोमवार को कैंट स्टेशन और काशी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं, भीड़ प्रबंधन और विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। डीआरएम ने काशी स्टेशन पर चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों का जायजा लिया। वहीं, कैंट स्टेशन पर यात्री सुविधाओं, निर्माण कार्यों और यात्रियों के आवागमन की व्यवस्था का निरीक्षण किया। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उन्होंने सुरक्षित और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने तथा भीड़ प्रबंधन को प्रभावी बनाने पर जोर



दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप तय समय-सीमा में पूरे किये जाएं। साथ ही स्टेशन परिसर में स्वच्छता, यात्री सुविधाओं और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। निर्माण कार्यों के दौरान यात्रियों को होने वाली असुविधा कम करने और कार्यों की नियमित निगरानी करने के निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक बीके यादव और स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

अर्नब की आहट, मौसम विभाग ने चेताया

अगले दो दिन भारी बारिश और आकाशीय बिजली का रेड अलर्ट, प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

कार्तिक मास चढ़ने के बाद मौसम में परिवर्तन शुरू हो गया है लेकिन इस दौरान भारी वर्षा और बिजली गिरने की भी आशंका बनी हुई है। चक्रवाती तूफान अर्नब की आहट के बाद मौसम विभाग ने लोगों के लिए सतर्क रहने के लिए विशेष चेतावनी जारी की है। बंगाल की खाड़ी में तेजी से विकसित हो रहे चक्रवाती मौसम तंत्र के चलते वाराणसी सहित समूचे पूर्वांचल में मौसम का मिजाज बिगड़ने की गंभीर आशंका है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, २८ और २९ अक्टूबर को पूर्वांचल के कई जिलों में तेज आंधी, झोंकेदार हवाओं के साथ भारी वर्षा और वज्रपात की तीव्र संभावना व्यक्त की गयी है। राहत आयुक्त कार्यालय, उत्तर प्रदेश ने वाराणसी समेत संबंधित जिलों के प्रशासन को २४×७ अलर्ट मोड पर रहने और व्यापक एहतियाती कदम उठाने का कड़ा निर्देश जारी किया है। मौसम विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार बीते चौबीस घंटों में अधिकतम तापमान ३३.४ डिग्री सेल्शियस दर्ज किया गया जो सामान्य से १.० डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान १८.० डिग्री सेल्शियस दर्ज किया गया जो सामान्य से ०.७ डिग्री कम रहा। आर्द्रता इस दौरान न्यूनतम ६८ फीसद और अधिकतम ७७ फीसद दर्ज की गयी। अधिकतम तापमान में इजाफा इस बात का संकेत है कि बादल आ सकते हैं। जबकि नमी युक्त हवाएं कुछ घंटों के बाद मौसमी बदलाव का



अहसास कराने लगेंगी।

इन जिलों में विशेष सतर्कता

अति संवेदनशील/विशेष सतर्कता वाले जनपद- वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मिर्जापुर, संत रविदास नगर (भदोही), गाजीपुर और बलिया।

अन्य प्रभावित होने वाले आसपास के जिले

जौनपुर, आजमगढ़, मऊ, देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, बस्ती, संत कबीर नगर, प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, सुल्तानपुर और अंबेडकर नगर।

यह हैं तैयारियां

२४×७ एक्टिव हुए आपदा कंट्रोल रूम जिले के सभी आपदा कंट्रोल रूम को २४ घंटे सक्रिय रखने को कहा गया है। एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और सिंचाई विभाग के सभी अफसरों को फील्ड में मुस्तैद रहने के आदेश हैं।

किसान बचाएं अपनी फसल

खेतों में तैयार फसलों की तुरंत कटाई कराने और कटी हुई फसलों या खुले में रखे अनाज को सुरक्षित और ढके स्थानों पर पहुंचाने के लिए ग्रामीण इलाकों में लाउडस्पीकर व मुनादी के जरिए जागरूक किया जा रहा है।

जर्जर मकानों से सुरक्षित स्थानों पर शिफ्टिंग

नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में चिह्नित किये गये जर्जर और असुरक्षित मकानों में रहने वाले लोगों को तुरंत खाली कराकर राहत शिविरों या पक्के भवनों में भेजा जा रहा है।

दामिनी ऐप डाउनलोड करने की अपील

आकाशीय बिजली की पूर्व चेतावनी पाने के लिए आमजन से अपने मोबाइल पर दामिनी ऐप डाउनलोड करने और जारी चेतावनियों का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है।

जनता के लिए सुरक्षा एडवाइजरी

खराब मौसम, आंधी और बिजली चमकने के दौरान खुले मैदानों, खेतों, जलभराव वाले इलाकों या ऊंचे पेड़ों के नीचे बिल्कुल शरण न लें। केवल अत्यंत आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकलें। किसी भी प्रकार की जनहानि, पशुहानि या फसलों के नुकसान पर फौरन आपदा राहत नियमों के तहत सहायता राशि वितरित करने की व्यवस्था तय की गयी है। चंदौली, सोनभद्र, मिर्जापुर, संत रविदास नगर (भदोही), गाजीपुर और बलिया।

लहुराबीर से गिरजाघर सड़क चौड़ी करने के मामले में लगा ग्रहण

दो विभागों के समन्वय में अभाव के कारण अन्य सड़कों का मामला अटका

नगर निगम सीमा में यात्रियों, पर्यटकों एवं क्षेत्रीय लोगों के लिए सड़क चौड़ी करना आवश्यक हो चुका है। इसी के चलते दालमंडी सड़क को चौड़ी करने का अभियान लगभग १४ महीने से चल रहा है जबकि पिछले वर्ष लहुराबीर से गिरजाघर लगभग दो किलोमीटर सड़क चौड़ी करने के लिए ८३ करोड़ का डीपीआर तैयार कर शासन की मंजूरी के लिए भेजा गया था लेकिन एक वर्ष से ज्यादा हो जाने के बाद यह मामला अभी भी विचाराधीन चल रहा है। इस प्रकार से यह साफ कहा जा सकता है कि लहुराबीर से गिरजाघर, गिरजाघर से रेवड़ी तालाब तक होने वाली सड़क चौड़ीकरण का मामला फिलहाल ग्रहण में फंस चुका है। संबंधित विषय में लोक निर्माण विभाग के एक सहायक अभियंता ने बताया कि यह सही है कि विभाग से सड़क चौड़ी करने के लिए एक प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था लेकिन लहुराबीर से गिरजाघर की सड़क नगर निगम के अधीन है। जबकि नगर निगम के मुख्य अभियंता सुरेश चन्द्र ने बताया कि सड़क



चौड़ी करने का प्रस्ताव के विषय में उन्हें जानकारी नही है। संबंधित विषय में लोक निर्माण विभाग स्तर से लिखा-पढ़ी हुई थी जबकि असलियत यह है कि अब शहर के अंदर सड़क चौड़ी करने का मामला नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के पाले में कभी इधर कभी उधर जायेगा। संबंधित विभाग के अभियंताओं की मानें तो उन्हें दालमंडी सड़क चौड़ी करने में कई तरह की समस्याएं झेलनी पड़ी। जिसमें नगर निगम, विकास प्राधिकरण से इन लोगों को कोई खास मदद नही मिली। जिसमें बिना अनुमति के दालमंडी में भवन और दूकानों का निर्माण अचानक नगर निगम के स्तर से भेजी गयी जर्जर भवन की सूचना हालांकि इसके पूर्व भी सूचना भेजी गयी थी इसमें काररवाई करने के नाम पर शून्य रहा। अभी भी दालमंडी सड़क चौड़ी करना इनके लिए टेढ़ी खीर है हालांकि लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं का कहना है कि दिसम्बर के दूसरे सप्ताह तक दालमंडी का कार्य पुरा हो जायेगा लेकिन शेष अन्य जगहों पर चौड़ी करने के मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

कैंट पुलिस और एसओजी-२ की जुए के अड्डे पर छापेमारी, १५ जुआड़ी गिरफ्तार

कैंट थाना पुलिस और एसओजी-२ की संयुक्त टीम ने सोमवार को ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत नदेसर स्थित कम्फर्ट इन होटल के पास खाली प्लॉट में छापेमारी कर जुआ खेल रहे १५ जुआड़ी को गिरफ्तार किया। मौके से १.४५ लाख रुपये से अधिक नकदी और ताश के पत्ते बरामद किये। आरोपित हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस के मुताबिक, मुखबिर से मिली सूचना पर टीम ने सोमवार को दोपहर करीब तीन बजे छापा मारा। मौके से जुए की फड़ पर मिले ९६ हजार पांच सौ रुपये और आरोपितों की जामा तलाशी में ४८ हजार नौ सौ रुपये बरामद हुए। इसके अलावा ५२ खुले ताश के पत्ते और नौ नयी ताश की गड्डियां भी मिलीं। बरामद नकदी की कुल राशि एक लाख ४५ हजार चार सौ रुपये है। गिरफ्तार आरोपितों में भग्गू, विष्णु, यश, राहुल, विशाल, राजा यादव, अजय, शिकारी, सूरज, धीरज, राजन, बाबू, निखिल कुमार, जयराम और राज शामिल हैं। ये वाराणसी के कैंट, कोतवाली, लालपुर-पांडेयपुर, चेतगंज और मिर्जामुराद थाना क्षेत्रों के अलावा गाजीपुर जिले के निवासी हैं। पुलिस ने इस मामले में कैंट थाने में सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा १३ में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक काररवाई शुरू कर दी है। काररवाई में कैंट थाना पुलिस के साथ एसओजी-२ की टीम शामिल रही।

एक लाख ४५ हजार रुपये से अधिक नकदी और ताश के पत्ते बरामद

पीआईबी में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का शुभारंभ

भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण और सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी एवं पारदर्शिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), वाराणसी में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इस दौरान कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध दृढ़ता से खड़े रहने और अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। अभियान के पहले दिन आयोजित कार्यक्रम में पीआईबी वाराणसी के मीडिया एवं संचार अधिकारी प्रशांत कक्कड़ ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी। सभी ने देश के प्रति निष्ठावान रहते हुए अपने कार्यों में ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने की प्रतिज्ञा की। शपथ के दौरान भ्रष्टाचार के किसी भी रूप का समर्थन नहीं करने का संकल्प लिया अभियान के तहत सप्ताहभर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा और सुशासन के प्रति प्रेरित किया जाएगा।

संघटनात्मक कार्यप्रणाली में सत्यनिष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान

रेलवे बोर्ड के निर्देश पर बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में एक नवम्बर तक चलने वाले सतर्कता जागरुकता सप्ताह का शुभारम्भ सोमवार को प्रशासन भवन स्थित स्वागती हॉल में सत्यनिष्ठा के शपथ से हुआ। 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि'

बरेका में महाप्रबंधक आशुतोष पंत ने अधिकारियों, कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर सतर्कता जागरुकता सप्ताह का किया शुभारम्भ

विषय पर आधारित शपथ ग्रहण समारोह में बरेका के महाप्रबंधक आशुतोष पंत ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। सभी ने अपने कार्यों एवं दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ करने तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध सदैव सजग रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी अंकुर चंद्रा ने बताया कि यह सप्ताह लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती वाले सप्ताह में आयोजित किया जाता है। उन्होंने सतर्कता जागरुकता सप्ताह का प्रमुख उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों में



नैतिक आचरण, ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही की भावना को प्रोत्साहित करना है। इस आयोजन के माध्यम से संगठनात्मक कार्यप्रणाली में सत्यनिष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा जनहित एवं संस्थागत विश्वास को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया। समारोह में प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर मनीष कुमार, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विवेक शील, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक आलोक अग्रवाल, प्रधान वित्त सलाहकार मुक्तेश मित्तल, प्रमुख मुख्य इंजीनियर राम जन्म, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी लालजी चौधरी, प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार, महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त देवराज कुमार मौर्य, उप महाप्रबंधक सागर, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी नीरज सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुलिस कमिश्नर ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण, सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाओं का लिया जायजा

मोबाइल फोन, स्याही वाली पेन, नुकीली वस्तु, ज्वलनशील पदार्थ, पान मसाला आदि पर रहेगा प्रतिबन्ध

पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-२०२६ की मंगलवार को प्रस्तावित मतगणना को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत मतगणना स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। तत्पश्चात कान्फ्रेंस हाल में राजपत्रित अधिकारियों एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। मतगणना स्थल पर आउटर कार्डन, इनर कार्डन एवं आइसोलेशन कार्डन के अंतर्गत त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। मतगणना स्थल से एक किलोमीटर की परिधि में निर्धारित आउटर कार्डन के भीतर वैध प्रवेश पासधारक अधिकृत व्यक्तियों को ही जांच के उपरांत तलाशी तथा प्रतिबंधित वस्तुओं की रोकथाम सुनिश्चित की जाएगी।



प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश द्वारों पर डीएफएमडी से जांच एवं सघन सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त पुलिस बल, पीएसी, क्यूआरटी एवं राजपत्रित अधिकारियों की तैनाती की गयी है। सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन एवं कंट्रोल रूम से सतत निगरानी रखी जाएगी। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण मुस्तैदी एवं आपसी समन्वय से ड्यूटी का निर्वहन करेंगे। साथ ही, यातायात सुचारु रखने, निर्धारित पार्किंग का अनुपालन कराने तथा आमजन को असुविधा से बचाने हेतु प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय शिवहरी मीणा, पुलिस उपायुक्त वरूणा जोन राजेश कुमार पाण्डेय सहित समस्त राजपत्रित अधिकारीगण एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे ।

पारिवारिक कलह से परेशान महिलाने ट्रेन से कटकर दी जान

लोहता। थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के सामने रविवार की रात में पारिवारिक कलह से तंग आकर एक महिला ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। सुबह अखबार में खबर पढ़कर पति ने थाने पर पहुंच कर कपड़े और फोटो से शिनाख्त किया। कैंट थाना क्षेत्र के फुलवरिया का संदीप अपनी पत्नी अंतिमा के साथ लोहता थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में किराये पर रहता था। मंडुवाडीह में एक होटल में काम करता था। रात में पति-पत्नी से कुछ विवाद हुआ?। पत्नी अंतिमा गोपालपुर गांव के सामने ट्रेन से कटकर जान दे दी। पति रात में खोजा लेकिन पता नहीं चला। सुबह अखबार में खबर पढ़कर थाने पर जाकर शिनाख्त किया। मृतका को एक लड़की है एक साल की। थानाध्यक्ष अभिजीत सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर पति को सौंप दिया गया।

आंध्रा आश्रम में मनी महर्षि वाल्मीकिकी जयंती

मानसरोवर स्थित श्री राम तारक आंध्र आश्रम में महर्षि वाल्मीकि जी का जयंती आश्रम के प्रांगण में रामालयम में भक्तों के द्वारा किया गया



प्रात: भक्तों के द्वारा वाल्मीकि रामायण का पाठ किया गया और वाल्मीकि जी की चित्र पर पूजा अर्चना माल्यार्पण किया गया इस पाठ का कार्यक्रम श्री उरमिरी सोमायजुलु जी के शिष्यों के द्वारा किया गया तथा भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आश्रम के मैनेजिंग ट्रस्टी वी वी सुंदर शास्त्री, पप्पू कृष्ण प्रसाद, विरुपाक्ष शर्मा, मारकंडे शर्मा, पप्पू नरसिम्हा मूर्ति, श्रीमती रुकमणी देवी, सीता देवी आदि लोग रहे। कार्यक्रम का संचालन आश्रम के मैनेजर वी वी सीताराम ने किया

निजी अस्पताल के निदेशक के भाई के ऊपर चाकू से जानलेवा हमला

रोहनिया। निजी अस्पताल के निदेशक के भाई के ऊपर बीती रात गला पर चाकू से हमला कर दिया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गये। कुरहुआ निवासी उमेश शेखर (४० वर्ष) अपने घर में पत्नी एवं बच्चों के साथ सोये थे। चाहारदीवारी फांदकर दो लोग अंदर घुसे और पेंचकस से दरवाजा का लाक खोलकर घुसे और सो रहे उमेश शेखर के गर्दन पर चाकू से वार कर दिया पत्नी के शोर मचाने पर भाग निकले लेकिन पेंचकस खेत में गिर गया। घायल युवक ने घटना की सूचना अपने भाई डाक्टर सी. एस. वर्मा को दी। लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मिसिरपुर ले गये। वहां से ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया जहां पर इलाज चल रहा है। बताया कि दो साल पहले भी घर के पास टहलते समय भी चाकू से हमला किया गया था। उस समय भी घायल हो गये थे घायल ने बताया कि गजाधरपुर निवासी मंगरु प्रसाद यादव एवं एक व्यक्ति था। इन्होने ही चाकू से हमला किया एक व्यक्ति जो साथ था उसको पहचान सकते है। वही डाडाक्टर सी एस वर्मा ने बताया कि हमारे हास्पिटल के सामने जमीन है जिसकी चारदीवारी सितंबर में रात में लोग गिरा दिये थे। सीसीटीवी फुटेज देने के बाद भी पुलिस ने काररवाई नहीं की जिसका मामला न्यायालय में चल रहा है। एसीपी अवधेश विश्वकर्मा ने बताया कि तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच किया जा रहा है।

दरवाजे के सामने खड़ी टेंट कारोबारी की पिअकप चोरी

मिर्जामुराद क्षेत्र के कछवां रोड हाईवे के दक्षिण औराई मार्ग पर टेंट कारोबारी कादीर अली के दरवाजे पर खड़ी पिकअप सोमवार की रात चोरी हो गयी। टेंट कारोबारी द्वारा सुरक्षा के लिए पिकअप में चैन लगाया जिसको काटते हुए पिकअप के दरवाजे का लॉक तोड़ने के साथ स्टेरिंग लॉक तोड़कर पिकअप स्टार्ट कर कर लेकर चले गये। सुबह टेंट कारोबारी जब उठे और घर के बाहर निकले, तो देखा तो पिकअप दरवाजे पर नहीं थी और चैन कटा हुआ था सीसीटीवी चेक किया, तो सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई। चोरी की पिक्चर में रात १.४८ पर एक बाइक पर दो नकाबपोश आते हैं पिकअप के बगल में अपनी बाइक लगाने के साथ ही घटना को अंजाम देते हैं घटना की आस पास हल्ला होने पर पड़ोस के निजाम पहुंचे और उन्होंने बताया कि हमारे दरवाजे के सामने खड़ी पिकअप का गेट का लाक टूटा हुआ था पर स्टेरिंग लॉक नहीं टूट पाया जिसके चलते चोर पिंकअप ले जाने में असफल रहे। इसके अलावा थोड़ी दूर पर किराना व्यवसायी प्रहलाद जायसवाल के दरवाजे पर खड़ी पिकअप का लॉक तोड़कर स्टार्ट न होने के चलते सड़क पर खड़ी पिकअप छोड़ दिया सेंड कारोबारी ने पिकअप चोरी होने की घटना की शिकायत मिर्जा मुराद पुलिस से की है हालांकि निजाम और प्रहलाद में पुलिस को घटना के संबंध में कोई लिखित सूचना नहीं दिया है। इस मामले में मिर्जामुराद थाना प्रभारी गोपाल जी कुशवाहा ने कहा है कि घटना की शिकायत की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए पिकअप किस दिशा में ले गये हैं उसकी जांच पड़ताल करने के साथ चोरों की तलाश की जा रही है।

कार की टक्कर से युवक की मौत, दो घायल

लालपुर-पांडेयपुर थाना क्षेत्र के पहड़िया में रविवार देर रात तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक युवक की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनों युवक दुर्गा पूजा के बाद सजावट का सामान हटा रहे थे। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार रविवार की रात गीता रेडियो के कर्मचारी विशाल कुमार निवासी हुकुलगंज, किशन विश्वकर्मा निवासी रमरेपुर और आनंद कुमार पटेल उर्फ सोनू पटेल निवासी श्रीनगर दुर्गा पूजा के बाद सजावट का सामान समेट रहे थे। इसी दौरान मौर्या भोजनालय के सामने तेज रफ्तार से आयी कार तीनों को टक्कर मारते हुए निकल गयी। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां बीएचयू ट्रामा सेंटर में चिकित्सकों ने आनंद कुमार पटेल को मृत घोषित कर दिया। विशाल कुमार और किशन विश्वकर्मा का उपचार चल रहा है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

चौबेपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को दोपहर में हुए सड़क हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार, मृतक उमरहा से वाराणसी की ओर जा रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसएसआई चौबेपुर राजेंद्र मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से घायल को सीएससी नरपतपुर भेजा, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी काररवाई शुरू कर दी है। वहीं अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान संजय पुत्र भंवरी, निवासी मुड़ियार, सैदपुर, जिला गाजीपुर (५० वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पिता की पेंशन को लेकर दो भाइयों में खूनी संघर्ष, छोटे भाई समेत दो भतीजों को चाकू मारकर किया घायल

रोहनिया। नगर पंचायत गंगापुर स्थित बलवंत नगर में सोमवार को पिता की पेंशन को लेकर दो भाइयों



के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। एक भाई ने चाकू से हमला कर अपने छोटे भाई सहित परिवार के चार लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि बेलाश यादव की पेंशन को लेकर उनके दो पुत्रों सुबाष यादव और विभूति नारायण यादव के बीच कहासुनी हुई थी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और सुबाष यादव ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे विभूति नारायण यादव (६० वर्ष), नन्दा यादव (५५ वर्ष), सावन यादव (३० वर्ष) और दीपक यादव (२८ वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को बीएचयू स्थित ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां पर हालत गंभीर बतायी जा रही है। सूचना पर पहुंची रोहनिया पुलिस ने आरोपी सुबाष यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। रोहनिया थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर ली गयी है।

भेलूपुर में युवती के साथ अश्लील हरकत करने वाला गिरफ्तार

भेलूपुर थाना क्षेत्र के गौरीगंज तिराहा के समीप गौड़िया मठ के बगल में एक युवती के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। उपनिरीक्षक संजय कुमार पांडेय ने बताया कि फरीदपुरा सोनारपुरा का रहने वाला आकाश जैसवार है। दुर्गाकुंड क्षेत्र की रहने वाली एक युवती पैदल जा रही थी। गौरीगंज तिराहा के समीप आरोपी पीड़िता के साथ अश्लिल हरकत करने लगा। युवती द्वारा अश्लील हरकत करने का विरोध करने पर आरोपी गाली-गलौज करने लगा। मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गयी थी। पुलिस ने आरोपी को सोमवार को जेल भेज दिया।

साइबर फ्राड के मामले में आरोपित को मिली जमानत

इंश्योरेंस पर बोनस देने का झांसा देकर साइबर फ्राड करके धोखाधड़ी करते हुए ११.७२ लाख रुपये हड़प लेने के मामले में आरोपित को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गयी। जिला जज संजीव शुक्ल की अदालत ने इस मामले में बोदला, आगरा निवासी आरोपित रंजन कुमार की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए उसे ५०-५० हजार रुपये की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार उमरहा, चौबेपुर निवासी वादी श्यामलाल पाल ने ८ जुलाई २०२६ को साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। आरोप था कि वादी ने वर्ष २०२१ में पीएनवी बैंक में पीएनबी मेट-लाइफ इंश्योरेंस करवाया था। जिस पर वादी मार्च २०२६ को लोन लिया था। जिसके बाद लगभग १२ अप्रैल २०२६ को मोबाइल ८७००७३२६७८ से अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन करके उसके द्वारा कराये गये इंश्योरेंस पर बोनस देने की बात करते हुए अधिक पैसों का लाभ देने की बात बताकर उससे अलग-अलग दिनांक पर कई बार में कुल ११७२१९०/-रूपये उसके द्वारा अलग-अलग जनसेवा केन्द्रों से कैश पैसा देकर जमा करा लिया गया। जिन खातों में पैसा जमा कराया गया, उन खातों का डिटेल भी बहला कर मैसेज डिलीट करवा दिया गया। उसके साथ साइवर धोखाधड़ी कर ली गयी, जिसका कम्पलेन (एनसीआरपी) पोर्टल पर किया गया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान आरोपित का नाम प्रकाश में आने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

मारपीट-धमकी के आरोप में १६ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

चौबेपुर। क्षेत्र के बर्थरा कला गांव में २४ अक्तूबर की सुबह हुए विवाद के मामले में पुलिस ने १६ नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा १९०, १९१(२), १९१(३), १०९(१), ११५(२), ३५२ और ३५१(३) के तहत काररवाई की है। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब आठ बजे विवाद के दौरान मारपीट हुई। शिकायतकर्ता धर्मशीला देवी ने आरोप लगाया है कि १६ लोगों ने एकजुट होकर मारपीट की और धमकी दी। घटना में कई लोगों के घायल होने पर उन्हें उपचार के लिए सीएचसी नरपतपुर ले जाया गया।

निर्माणाधीन मकान से ४.५ क्विंटल सरिया-पंखा चोरी

सेवापुरी। कपसेठी थाना क्षेत्र के लोहराडीह निवासी सूरज सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपने निर्माणाधीन मकान से करीब ४.५ कुंतल सरिया और एक पंखा चोरी होने की शिकायत की है। उन्होंने चोरी की घटना में एक व्यक्ति के संलिप्त होने का आरोप लगाते हुए पुलिस से उचित कारवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, सूरज सिंह के निर्माणाधीन मकान से सरिया और पंखा चोरी कर लिया गया। उन्होंने दावा किया कि चोरी की घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति को पकड़ लिया गया है। आरोपित शिवदासपुर गांव का निवासी बताया गया है। सूरज सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी तत्काल डायल ११२ पर फोन करके पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, जहां उन्हें पूरी घटना से अवगत कराया गया। पीड़ित ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर चोरी की घटना में संलिप्त व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कारवाई करने की मांग की है। वही इस मामले में थानाध्यक्ष कपसेठी विकास मौर्य ने बताया कि उक्त मामले तहरीर मिला है जांच कराकर उचित कारवाई की जा रहीं है।

पति-पत्नी के विवाद में ससुराल पक्ष से मारपीट, मुकदमा दर्ज

शिवपुर। मीरापुर बसही निवासी जितेन्द्र चौहान ने शिवपुर थाने में लिखित तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि पत्नी से घरेलू बातों को लेकर विवाद हुआ जिसके बाद पत्नी ने इसकी सूचना तत्काल अपने भाई को दी। पत्नी का भाई विपीन सिंह निवासी बाराबंकी (विनेबा) ने अपने चाचा और दोस्तो के साथ घर पर चढ़कर आ गये और कुछ पूछताछ किये बिना मुझे गाली गलौज देते हुए मुझे और मेरे पिता को मारना शुरू कर दिया। प्रार्थी के हाथ में चोट लगी है जाते-२ ये लोग कहे कि अब हमारी बहन को मारोगे, तो पूरे परिवार को साफ कर देंगे।

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

कार्पोरेट कार्यालय : ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सुबुरबन (जिला), महाराष्ट्र-400072

सोनभद्र (रॉबर्ट्सगंज) शाखा: प्रथम मंजिल, इमरती कॉलोनी मेन रोड, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र, (कीर्ति अस्पताल के पास) - 231216 (उत्तर प्रदेश)

आधिपत्य सूचना परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतू)

जबकी, **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के **60 दिवस** में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ/प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ता राशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

क्रं	ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकता (ओ)(शाखा का नाम)	धरोहर संपत्ति विवरण (अचल संपत्ति)	मांग सूचना का दिनांक एवं राशि	आधिपत्य की दिनांक
1	(लोन कोड नं.59910000028 / सोनभद्र (रॉबर्ट्सगंज) शाखा) कन्हैया सेठ (ऋणी) रेनू (सह-ऋणी)	संपूर्ण संपत्ति का वह भाग एवं समस्त अंश, मौजा हिंदुआरी, अराजी नं. 175 मि., क्षेत्रफल 0.0074 हेट., परगना बड़हर, तहसील रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र उत्तर प्रदेश **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः शिवदानी का मकान, पश्चिम: कांता का मकान, उत्तर: रॉबर्ट्सगंज मिर्जापुर रोड, दक्षिण: मुराली का खेत	10-07-2026 & ₹ 5,25,060/-	23-10-2026

स्थान : उत्तर प्रदेश
दिनांक : 27-10-2026

प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं. : 9220262027 दिनांक : 23.10.2026

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यो के लिये ई-निविदांए प्रपत्र पर दिनांक 18.11.2026 को 13:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है:-

क्र0 सं0 : 1 | नि0 सं0 : 193 | अनुमानित मूल्य (रू) : 4,67,77,919.20

कार्यो का विवरण : सहायक मण्डल इंजीनियर/उत्तर मध्य रेलवे/नैनी के क्षेत्र में नैनी से मानिकपुर विभिन्न स्टेशनों पर पैदल मार्ग (pathways) उपलब्ध कराने/निर्माण करने का कार्य।

अग्रिम धनराशि मूल्य (रू) : 9,35,600.00 | कार्य समापन की अवधि : 12 माह

निविदा खुलने की तिथि : 18.11.2026

पात्रता मापदंड के अर्न्तगत सिमिलर कार्य : सिविल इंजीनियरिंग का कोई कार्य

क्र0 सं0 : 2 | नि0 सं0 : 194 | अनुमानित मूल्य (रू) : 84,39,338.35

कार्यो का विवरण : नैनी से मानिकपुर सेक्शन के तहत मानिकपुर में कनेक्टेड पाइपलाइन कार्यों के साथ निस्पंदन (फिल्ट्रेशन) प्लांट के प्रावधान द्वारा जल आपूर्ति का संवर्धन।

अग्रिम धनराशि मूल्य (रू) : 1,68,800.00 | कार्य समापन की अवधि : 12 माह

निविदा खुलने की तिथि : 18.11.2026

पात्रता मापदंड के अर्न्तगत सिमिलर कार्य : सिविल इंजीनियरिंग का कोई कार्य

नोट :- 1. उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 13:30 बजे तक निविदा खुलने की तिथि दिनांक 18.11.2026 तक उपलब्ध है। निविदा खोलने की नियत तारीख को 15:00 बजे या उसके बाद खोला जाएगा। 2. उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act-2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है, तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. सभी निविदादाता निविदा संख्या 193 से 194 जिसमें निविदा का मूल्य रू0 **50 लाख** से ज्यादा है के लिए **Annexure-V & V(A) (Document Verification Certificate)** की आवश्यकता है। माल एवं/अथवा सेवाओं के सप्लायर/ठेकेदार समय-समय पर निर्धारित जी.एस.टी. एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होंगे। 5. निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट www.ncr.indianrailways.gov.in पर भी अपलोड कर दिया गया है। 6. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 7. आनलाइन निविदा दिनांक 18.11.2026 को 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 8. ई-टेण्डर फार्म सभी निविदाकारों का मुफ्त जारी किए जाएंगे। 9. **निविदा संख्या 193 से 194 के लिए निविदादाता को जी.सी.सी.-2022 (वर्क्स मामले भाग-1) के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में आवश्यक दस्तावेजों का निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी।** 2426/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

वर्गीकृत विज्ञापन

आज

सूचना

सूचना-मेरा हाई स्कूल माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश का प्रमाण पत्र सह अंक पत्र सन् 2019 जिसका अनुक्रमांक 2690159 है। वास्तव में कहीं खो गया है। **अनुराधा** पुत्री पारस नाथ ग्राम- मदका, पोस्ट, अमिलौधा (घोरावल) जिला-- सोनभद्र (उत्तर प्रदेश)

सूचना-मेरे आधारकार्ड नंबर 616895264207 में मेरा नाम दिलेंद्र अंकित है जबकि मेरा सही नाम दिलेंद्र कुमार है। वहीं आधारकार्ड में मेरे पिता का नाम शिवधनी अंकित है जबकि उनका सही नाम **शिवधनी राम**है। अत: आधारकार्ड में मेरा और मेरे पिता का नाम सही दर्ज किया जाए। **दिलेंद्र कुमार** पुत्र शिवधनी राम, ग्राम व पोस्ट विद्या भवन नारायणपुर, जिला बलिया, उ.प्र.

आवश्यकता है

चन्द्रदीप सिंह स्मारक महाविद्यालय राघोपुर रसड़ा बलिया (उ.प्र.) सम्बन्द्ध जननायक चन्द्रशेखर विश्व. विद्यालय बलिया में प्राचार्य पद हेतु योग्य एवं अनुभवी अभ्यर्थियों से आवे. दन आमंत्रित है। वेतनमान यूजीसी मानक एवं शासन के नियमानुसार देय होगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा एवं शैक्षणिक अभिलेख महाविद्यालय में प्रस्तुत करें। **प्रबन्धक- चन्द्रदीप सिंह स्मारक महाविद्यालय राघोपुर रसड़ा बलिया (उ.प्र.)**

सूचना

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरे 4 पुत्र है, मैं, दो पुत्रो को **अमर शक्ति चौरसिया उर्फ गोलू** व **देशशक्ति चौरसिया उर्फ बलिराम** दोनो मेरे कहने में नही है, वह अलग रहते है उनके द्वारा किये गये कोई कार्य व लेन-देन की जिम्मेदारी मेरी या परिवार की नही होगीं मैं अपने भरथरा स्थित मकान व समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। **सूरज प्रकाश चौरसिया,** पुत्र स्व. ओम प्रक. श चौरसिया, निवासी भरथरा पो. व थाना लोहता वाराणसी।

आवश्यकता है

देवराज महाविद्यालय, चक मेहरल्ली उर्फ मउरहां, बलिया उ.प्र. में एन.सी. टी.ई. रेगुलेशन 2014 के क्रम में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) पाठ्यक्रम हेतु रिक्त पदों के सापेक्ष प्राचार्य/विभागाध्यक्ष एक पद एवं निम्न पद प्राध्यापकों की। प्रवक्ता (गणित, सामाजिक विज्ञान, भाषा, शारीरिक शिक्षा) एक-एक पद। योग्यता एवं वेतनमान यू.जी.सी./ एन. सी.टी.ई./एन.सी.ई.आर.टी./उ.प्र. शासन के परिनियमावलीनुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त अभिलेखों की मूल प्रति एवं छायाप्रति तथा फोटोग्राफ के साथ दिनांक 25.11.2026 को प्रातः 10:00 बजे साक्षात्कार हेतु महाविद्यालय प्रांगण में उपस्थित हों।
प्रबंधक मो.नं.9415492938

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबन्धक

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते है:-

क्रम सं.-1, ई-प्रापण निविदा संख्याः उप मु.इं.-नि.-सा.-जीकेपी-09-2026,दिनांक:17-11-2026, कार्य का नामः खलीलाबाद-बहराइच नई बी०जी० रेल लाइन परियोजना के तहत भगौली (छोड़कर) से बखिरा (शामिल) सेक्शन के बीच मिट्टी, फॉर्मेशन, ब्लैंकेटिंग का कार्य और छोटे पुल सं० 15, 25, 35 और 37 के शेष निर्माण कार्य। अनुमानित निविदा मूल्यः ₹ 94,90,98,102.56, बयाना राशि (रू.): ₹ 1,89,82,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: Nil, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 09 (नौ) माह

नोटः ♦ बिड प्रारम्भ करने की तिथिः दिनांक 03-11-2026, ♦उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथिः दिनांक 17-11-2026, 11:00 बजे तक। ♦ उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथिः दिनांक 17-11-2026, 11:00 बजे। ♦ निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। ♦ निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखो में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/सामान्य,
मुजाधि/डब्लू-390 **गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

कार्यालय जिलाधिकारी, सोनभद्र (खनिज अनुभाग)

पत्रांक-643/खनिज/ई-निविदा/2026-27 दिनांक-23.10.2026

ई-निविदा आमन्त्रण हेतु सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद-सोनभद्र में नदी तल स्थित निजी भूमि में उपलब्ध निम्न विवरण के अनुसार मोरम के खनन क्षेत्र का उ.प्र. उप खनिज (परिहार) नियमावली, 2021 के नियम-23(2)(ड.) में दिये गये निर्देशानुसार 06 माह की अल्प अवधि के लिये ई-निविदा के माध्यम से खनन परिहार पर स्वीकृत किये जाने हेतु उपलब्ध घोषित करते हुए दिनांकः 26/11/2026 समय 10:00 बजे से दिनांकः 02/12/2026 समय 5:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसे दिनांक 03/12/2026 को समय 12:30 बजे गठित समिति के समक्ष क्वैरी कार्यालय, सोनभद्र में खोली जायेगी

क्षेत्र का विवरण:-

क्र0 सं0	भूस्वामी/ भूस्वामियों का नाम	तहसील / ग्राम	गाटा संख्या / खण्ड संख्या	क्षेत्रफल (हे0 में)	उप खनिज का नाम	खनन योग्य अनुमानित उपखनिज की मात्रा (घन मी0 में)	नियमावली 2021 के अनुसूची 1 के अनुसार उपलब्ध उपखनिजों में से सर्वाधिक रायल्टी दर (रू0 प्रति घन मीटर)	खनन हेतु आंकलित मात्रा की कुल रायल्टी (रूपयों में)	अर्नेस्ट मनी (कॉलम 09 में अंकित सकल धनराशि का 25 प्रतिशत)	जियो कोआर्डिनेट
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1.	श्रीमती मालती देवी पत्नी श्री नरेन्द्र सिंह कुशवाहा, निवासी- ग्राम- नगवां, दुद्धी, तहसील- दुद्धी, जनपद- सोनभद्र।	दुद्धी/ नगवां	166ख	1.300	मोरम	24,700	190.00	46,93,000	11,73,250	A 24° 9' 48.42"N 83° 18' 35.03"E B 24° 9' 48.69"N 83° 18' 35.53"E C 24° 9' 38.69"N 83° 18' 42.04"E D 24° 9' 37.62"N 83° 18' 41.20"E E 24° 9' 39.84"N 83° 18' 39.77"E F 24° 9' 41.39"N 83° 18' 39.05"E G 24° 9' 42.42"N 83° 18' 38.32"E H 24° 9' 43.14"N 83° 18' 37.52"E I 24° 9' 45.86" N83° 18' 35.61"E

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है एवं सम्बन्धित सम्पूर्ण प्रक्रिया एवं शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में खनिज कार्यालय, सोनभद्र के यहां से प्राप्त की जा सकती है।

उ.प्र.-259588
दिनांक-26.10.2026

जिलाधिकारी
सोनभद्र ।

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय सहायक अभियन्ता, द्वितीय सिंचाई निर्माण खण्ड राबर्ट्सगज सोनभद्र

अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-01/सहा0अभि0-द्वितीय/2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु अलग-अलग मुहर बन्द निविदाएं दिनांक 20.11.2026 अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष अधोहस्ताक्षरी या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं अन्य सम्बन्धित प्रपत्र दिनांक 17.11.2026 से दिनांक 19.11.2026 समय 10:30 बजे से सायं 5:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सहायक अभियन्ता-द्वितीय, सिंचाई निर्माण खण्ड राबर्ट्सगज सोनभद्र से प्राप्त किये जा सकते है।

क.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित मात्रा	धरोहर धनराशि (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. में समस्त कर सहित	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1.	Scrapping internal section and jungle clearance of Sarraigarh minor from ch.km 0.00 to 2.160 km and Sonbarsa minor from ch km 0.00 to 1.800 km and veerkala minor ch km 0.00 to 2.370 km	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	13000.00	15 दिवस	रू. 75.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी
2.	Scrapping internal section and jungle clearance of Karahi minor from ch.km 0.00 to 2.600 km and Deori minor from ch km 0.00 to 3.800 km.	बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार	16000.00	15 दिवस	रू. 75.00 +18%GST	सिविल श्रेणी डी या उच्च श्रेणी

नोटः- यह निविदा सूचना उ0प्र0 सरकार सिचांई विभाग के बेबसाइड (http://irrigation.up.nic.in) पर उपलब्ध है। नियम व शर्ते सिंचाई विभाग के बेबसाइड पर देखी जा सकती है। यह निविदा बजट आवंटन की प्रत्यशा में निकाली जा रही है।

(राम मिलन गोंड)
सहायक अभियन्ता, द्वितीय
सिंचाई निर्माण खण्ड राबर्ट्सगंज
सोनभद्र

उ.प्र.-259522
दिनांक-26.10.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय ग्राम पंचायत मलिकपुरा वि.ख. कासिमाबाद, गाजीपुर

पत्रांक: मेमो /निविदा सूचना/2026-27 दिनांक: 25.10.2026

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत मलिकपुरा में डिजीटल लाइब्रेरी लागत 997000/- एवं नाली निमार्ण एवं स्मार्ट क्लास की स्थापना का कार्य आदि हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्तिकर्ता हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छूक आपूर्तिकर्ता दिनांक 27.10.2026 से दिनांक 01.11.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो कि दिनांक 02.11.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे निविदा हेतु ग्राम पंचायत के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। अत: ग्राम सभा / विकास खण्ड जनपद में पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सील बन्द निविदा आमंत्रित है।

नियम व शर्ते -

1- सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जाएगी।
2- आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान और सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) के आदेश पर ही की जाएगी अन्यथा नहीं।
3- सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5- सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जाएगा।
6- आपूर्तिकर्ता का जीएसटी विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होना चाहिए सलग्न जाय।
7- सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जाने अनिवार्य होगी।
8- निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार है हधोहस्ताक्षरी का होगा।

प्रिंस कुमार गुप्ता
सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण)
ग्राम पंचायत मलिकपुरा
वि.ख. कासिमाबाद गाजीपुर

तलत
ग्राम प्रधान / प्रशासक
ग्राम पंचायत मलिकपुरा
वि.ख. कासिमाबाद गाजीपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद आजमगढ़

अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

एतद्द्वारा नगर पालिका परिषद आजमगढ़ के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/इच्छूक निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत स्वीकृत निम्नवत कार्य को कराये जाने हेतु सील बन्द निविदायें दिनांक 17.11.2026 को अपरान्ह 02.00 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र की धनराशि नगर पालिका परिषद आजमगढ़ के खाता संख्या 24760100003103 आई0एफ0एस0सी0 कोड-FDRL0002476 फेडरल बैंक शाखा आजमगढ़ में जमा करके प्राप्ति रसीद अथवा नगर पालिका परिषद आजमगढ़ में निविदा मूल्य नकद जमा करके प्राप्ति रसीद निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। प्राप्त निविदायें अद्योहस्ताक्षरी एवं उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख दिनांक 17.11.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले निविदा शुल्क जमा रसीद एवं जमानत धनराशि एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0/एन0एस0सी0 की मूल प्रति दिनांक 17.11.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद आजमगढ़ में जमा करना अनिवार्य होगा। यदि किन्ही कारणवश निविदा तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित होता है तो अगले कार्य दिवस में निविदा खोलने सम्बन्धी कार्यवाही यथावत की जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में किसी प्रकार की जानकारी के लिये कार्य दिवस में कार्यर्यालय में सम्पर्क कर के जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।

क्र. सं0	कार्य का नाम	अनुमानित व्यय प्रति व्यक्ति प्रतिदिन समस्त कर सहित	जमानत धनराशि लाख में	निविदा शुल्क	कार्य अवधि
1	नगर पालिका परिषद-आजमगढ़ के फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लान्ट ग्राम बयासी पो0 चण्डेश्वर आजमगढ के संचालन एवं रखरखाव के कार्य हेतु कर्मचारियों की आपूर्ति का कार्य ।		1.50	2000. 00	1 वर्ष
	प्लांट हेड -01	दरें आमंत्रित			
	आपेरटर -02	दरें आमंत्रित			
	ड्राइवर-02	दरें आमंत्रित			
	गार्ड -02	दरें आमंत्रित			
	स्वीपर - 01	दरें आमंत्रित			

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
आजमगढ़

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
आजमगढ़

पत्रांक 1061/ न0पा0प0आ0/2026-27 दिनांक 24/10/26

कार्यालय नगर पालिका परिषद आजमगढ़

अति अल्पकालीन, ई-निविदा सूचना

एतद्द्वारा नगर पालिका परिषद आजमगढ़ के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/इच्छूक निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि से नगर पालिका परिषद आजमगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत सीवर ट्रीटमेंट प्लान्ट, बलरामपुर आजमगढ़-क्षमता (8 एम0एल0डी0) के संचालन एवं रख-रखाव तथा सीवर लाइनों की सफाई एवं मरम्मत का कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदायें बेबसाइट **http://etendar.up.nic.in** पर दिनांक 27.10.2026 से दिनांक 16.11.2026 तक अपरान्ह 2.00 बजे तक डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है। निविदा प्रपत्र की धनराशि नगर पालिका परिषद आजमगढ़ के 24760100003103 आई0एफ0एस0सी0 कोड-FDRL0002476 फेडरल बैंक शाखा आजमगढ़ में जमा करके प्राप्ति रसीद अथवा नगर पालिका परिषद आजमगढ़ में निविदा मूल्य नकद जमा करके प्राप्ति रसीद एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ बेबसाइट पर अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क जमा रसीद एवं जमानत धनराशि एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0/एन0एस0सी0 की मूल प्रति व निविदा में अपलोड किये समस्त अभिलेखों की एक प्रति सील बन्द लिफाफे में दिनांक 16.11.26 को अपरान्ह 2.00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद आजमगढ़ में जमा करना अनिवार्य होगा। यदि किन्ही कारणवश निविदा तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित होता है तो अगले कार्य दिवस में निविदा खोलने सम्बन्धी कार्यवाही यथावत की जायेगी। निविदा/आगणन/कार्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की जानकारी के लिये कार्य दिवस में कार्यालय में सम्पर्क कर के जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित धनराशि जी0एस0टी0 सहित लाख में	निविदा में प्रतिभाग हेतु धरोहर धनराशि लाख में 2%	निविदा प्रपत्र मुल्य (जी0एस0टी 0 सहित)	कार्य अवधि छः माह
1	सीवर ट्रीटमेंट प्लान्ट बलरामपुर, आजमगढ क्षमता (8 एम0एल0डी0) के संचालन एवं रख-रखाव तथा सीवर लाइनों की सफाई एवं मरम्मत के कार्य। (कुल छः माह हेतु)	57.33	1.14	5000.00	6 माह

नोट - उक्त निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते निविदा के पोर्टल http://etendar.up.nic.in पर अपलोड की गयी है। इच्छुक निविदादाता उक्त का अवलोकन पोर्टल के माध्यम से कर सकते है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
आजमगढ़

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
आजमगढ़

पत्रांक 1060/न0पा0प0आ0/2026-27 दिनांक 24/10/26

कार्यालय ग्राम पंचायत होरिलपुर बरेसर वि.ख. कासिमाबाद, गाजीपुर

पत्रांक: मेमो /निविदा सूचना/2026-27 दिनांक: 25.10.2026

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत होरिलपुर बरेसर में डिजीटल लाइब्रेरी लागत 997000/- एवं नाली निमार्ण एवं स्मार्ट क्लास की स्थापना का कार्य आदि हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्तिकर्ता हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छूक आपूर्तिकर्ता दिनांक 27.10.2026 से दिनांक 01.11.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो कि दिनांक 02.11.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे निविदा हेतु ग्राम पंचायत के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। अत: ग्राम सभा / विकास खण्ड जनपद में पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सील बन्द निविदा आमंत्रित है।

नियम व शर्ते -

1- सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जाएगी।
2- आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति ग्राम प्रधान और सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) के आदेश पर ही की जाएगी अन्यथा नहीं।
3- सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5- सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जाएगा।
6- आपूर्तिकर्ता का जीएसटी विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होना चाहिए सलग्न जाय।
7- सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जाने अनिवार्य होगी।
8- निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार है हधोहस्ताक्षरी का होगा।

प्रिंस कुमार गुप्ता
सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण)
ग्राम पंचायत होरिलपुर बरेसर
वि.ख. कासिमाबाद गाजीपुर

मेवाती देवी
ग्राम प्रधान / प्रशासक
ग्राम पंचायत होरिलपुर बरेसर
वि.ख. कासिमाबाद गाजीपुर

एक नजर इधर भी

खड़गे की टिप्पणी पर भाजपा का प्रदर्शन, राहुल गांधी और खड़गे के पुतले फूंके

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में सोमवार को कचहरी स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं ने




राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के पुतले फूंककर कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में जगदीश पटेल, प्रदीप अग्रहरि, रवींद्र जायसवाल और डॉक्टर दयाशंकर मिश्र 'दयालु' शामिल रहे। जगदीश पटेल ने कहा कि राजनीतिक विरोध विचारों से होना चाहिए, अमर्यादित शब्दों से नहीं। प्रदीप अग्रहरि ने सार्वजनिक माफी की मांग करते हुए आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी। अशोक कुमार तिवारी, डॉक्टर नीलकंठ तिवारी और सौरभ श्रीवास्तव ने भी राजनीतिक मर्यादा बनाये रखने पर जोर दिया। प्रदर्शन में रामगोपाल मोहले, नवरतन राठी, अमित राय, अनूप जायसवाल, जगदीश त्रिपाठी, शैलेश राम, रजनीश कनौजिया, मधुकर चित्रांश, नवीन कपूर, पूजा दीक्षित, शैलेंद्र मिश्र, अशोक जाटव, राहुल सिंह, चंद्रशेखर उपाध्याय, जगन्नाथ ओझा, प्रज्ञा पाण्डेय, प्रमिल पाण्डेय, सत्येंद्र सिंह, नेहा कक्कड़, शोभनाथ मौर्य, मनोज सोनकर, विवेक पाण्डेय, राकेश जायसवाल, सपना सिंह, योगेश सिंह 'पिंकू', साधना वेदांती, विभव सिंह, अनुराग शर्मा, मधुप सिंह और हीरा यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

समाजसेवी के स्मृति में सांसद ने बांटे जरूरतमंद लोगों को कम्बल

पिंडरा विकास खण्ड के पश्चिमपुर (अहरक) गांव में सोमवार को समाजसेवी रहे रामराज पटेल के १३ वीं पुण्यतिथि पर २०० जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण किया गया। इस दौरान आयोजित श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए चंदौली सांसद वीरेंद्र सिंह एवं रोहनिया विधायक डॉक्टर सुनील पटेल ने कहाकि रामराज सदैव समाजसेवा के लिए तैयार रहते थे। इस दौरान २०० से अधिक महिलाओं एवं जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किया गया। अध्यक्षता अर्जक संघ के राष्ट्रीय सचिव रामजी वर्मा एवं संचालन ग्राम संघ के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बालकिशुन पटल एवं ग्राम प्रधान ओमप्रकाश पटेल एवं धन्यवाद ज्ञापन तहसील बार पिंडरा के पूर्व बार अध्यक्ष जवाहरलाल वर्मा ने दिया। इस दौरान भाजपा नेता रविशंकर सिंह, पूर्व तहसील बार अध्यक्ष पंधारी यादव, जदयू के प्रदेश सचिव मोहन राजभर, रामअवध, राजेन्द्र पटेल, पंकज प्रधान, मेवालाल कवि, चन्द्रबली मास्टर एवं जवाहर बाबा समेत अनेक गणमान्य लोग रहे।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर अजय राय ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, खड़गे का पुतला जलाने पर जतायी नाराजगी

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सोमवार को कैंटोनमेंट स्थित सेंट मैरी स्कूल तिराहे पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन सत्य, न्याय, करुणा और सामाजिक



समरसता की प्रेरणा देता है। अजय राय ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला जलाये जाने पर नाराजगी जताते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने भाजपा के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि दलित समाज के सम्मान और सामाजिक न्याय के प्रति सभी दलों की प्रतिबद्धता उनके आचरण से झलकनी चाहिए। उन्होंने वाराणसी में लागू भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा १६३ के दौरान पुतला दहन की घटना की निष्पक्ष जांच और उल्लंघन प्रमाणित होने पर नियमानुसार कारवाई की मांग की। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, फसाहत हुसैन बाबू, अनुराधा यादव, राजीव राम, अरविंद वाल्मीकि और संतोष मौर्य सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

सपा महानगर कार्यालय में मनायी गयी महर्षि वाल्मीकि जयंती

समाजवादी पार्टी के महानगर कार्यालय भेलूपुर (ललिता) में सोमवार को महानगर महासचिव योगेंद्र यादव के नेतृत्व में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनायी गयी। इस दौरान उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। योगेंद्र यादव ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन दृढ़



इच्छाशक्ति, तपस्या और मानवता की प्रेरणा देता है। उन्होंने कर्म, धर्म और कर्तव्य को जीवन का आधार माना। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रजत वाल्मीकि ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन सिखाता है कि दृढ़ संकल्प और कठिन परिश्रम से बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त की जा सकती है। गोष्ठी में अमन यादव, अजहर अली सिद्दीकी, जाहिद नासिर, राजेश यादव, रश्मि भारती, अखिलेश चंद्र, सत्यनारायण यादव, बृजेश राजभर, राहुल सोनकर और कलाम आजाद ने विचार व्यक्त किये। धन्यवाद विनोद केशरी ने दिया।

चित्रगुप्त युवक मंडल के साथ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने की बैठक

भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने चित्रगुप्त युवक मंडल, बरेका के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ बैठक कर सामाजिक उत्थान, शिक्षा, युवाओं की भागीदारी और संगठन की मजबूती पर चर्चा की। उन्होंने समाज की समस्याएं और सुझाव सुनते हुए एकता, आपसी सहयोग तथा सामाजिक जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर अमित कुमार श्रीवास्तव ने संरक्षक योगेश श्रीवास्तव, अमलेश श्रीवास्तव, मुकेश वर्मा और कोषाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव के साथ अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। बैठक में नवीन सिन्हा, वी. आनंद श्रीवास्तव, धीरज श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव, अनिकेत, सुरेश, राकेश और मुकुल सहित कायस्थ समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

दहेज को लेकर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला, पति समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैंट थाना क्षेत्र के सिकरौल निवासी महिला ने अपनी पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट कर घर से निकालने और जेठ पर अश्लील हरकत करने का आरोप में पुलिस ने शिकायत पर पति मान प्रताप सिंह, सास, ननद और जेठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की काररवाई की जा रही है।

स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने पर जोर

किशोरियों व महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण, मासिक धर्म स्वच्छता एवं शिक्षा के प्रति जागरूक और सशक्त बनाने के उद्देश्य से सृजन सेवा ट्रस्ट की ओर से बच्छांव गांव में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सोमवार को हुआ। प्रशिक्षण के दौरान यूनिसेफ राजस्थान की पूर्व स्टेट कोआर्डिनेटर प्रभा कुमारी ने किशोरियों व महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण, मासिक धर्म स्वच्छता और शिक्षा के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार, एनीमिया से बचाव, सुरक्षित मासिक धर्म व्यवहार तथा स्वास्थ्य संबंधी भ्रांतियों को दूर करने के लिए जागरूक किया। प्रशिक्षण के दौरान किशोरियों एवं महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, पौष्टिक आहार अपनाने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही शिक्षा को आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने विभिन्न गतिविधियों एवं चर्चा के माध्यम से अपने अनुभव साझा किये साथ ही स्वास्थ्य तथा स्वच्छता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इस दौरान राजेश सिंह, प्रियंका, बिंदु कुमारी, नेहा आदि थे।

बिना जांच के पैरासिटामॉल दवा खाना नुकसानदायक-डॉक्टर वी.बी. सिंह

बुखार को न करें नजरअंदाज, मलेरिया-टाइफाइड-स्वाइन फ्लू व डेंगू का हो सकता संकेत

बदलते मौसम के चलते शहर से लेकर गांव तक सर्दी-जुकाम,बुखार और सांस संबंधी बीमारियों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।पूर्व मंडलीय अपर निदेशक एवं वरिष्ठ (फिजीशियन) डॉक्टर वी.बी. सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में बुखार को बिल्कुल अनदेखा न करें। यह बुखार मलेरिया, टाइफाइड, स्वाइन फ्लू या डेंगू का संकेत हो सकता है। कई प्रकरणों में एक ही मरीज में डेंगू,स्वाइन फ्लू या मलेरिया और डेंगू दोनों पाए जा रहे हैं। जिले के दो बड़े सरकारी चिकित्सालयों में श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय और पण्डित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय में सर्दी,जुकाम व बुखार के ६१५ मरीजों को इलाज किया गया। इसमें ५० गंभीर मरीजों को भर्ती किया गया।वर्तमान में मौसमी बुखार के पीड़ितों की संख्या काफी बढ़ गये हैं। मरीजों में नाक से पानी आना,बुखार,शरीर में दर्द और सिरदर्द जैसे लक्षण आम देखे जा रहे हैं। बदलता मौसम मौसमी संक्रमण के लिए अनुकूल बना हुआ है। इसके अलावा मच्छरजनित बीमारियां डेंगू और मलेरिया भी तेजी से बढ़ रही हैं। सुबह-शाम ठंड पड़ने से सांस के मरीजों, खासकर अस्थमा के रोगियों को विशेष परेशानी हो रही है। सलाह दिया कि सांस संबंधी मरीज अपनी दवाइयां नियमित रूप से लें और थोड़ी भी तकलीफ होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। उन्होंने सावधानियों पर जोर देते हुए कहा कि बरसात के पानी से भरे कंटेनरों को खाली रखें,घर के आसपास सफाई बनाए रखें और मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। रोजाना कम से कम तीन लीटर पानी पिएं और हरी सब्जियां खाएं।



सांस के मरीज अपनी नियमित रूप से लें दवाइयां,थोड़ी भी तकलीफ होने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं

सुबह-शाम मौसम ठंड पड़ने से सांस के मरीजों, विशेषकर अस्थमा के रोगियों की बढ़ रही संख्या

अनुमान नहीं जांच बाद ही पैरासिटामाल जैसी दवाएं लें

सबसे विशेष बात यह है कि बिना जांच के पैरासिटामाल जैसी दवाएं लेना नुकसानदेह साबित हो सकता है। सही जांच कराकर ही बुखार का इलाज कराना चाहिए। चिकित्सालय में गंभीर बुखार के मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। उचित जांच और इलाज के बाद ही उन्हें छुट्टी दी जा रही है। उच्च श्रेणी के बुखार वाले मरीजों को विशेष रूप से भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है।

पीडीए व्यापारी मण्डलीय सम्मेलन ३१ को

समाजवादी व्यापार सभा, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में पीडीए मण्डलीय सम्मेलन ३० अक्तूबर को पूर्वाहन दस बजे से कबीर रोड स्थित सरोजा पैलेस में आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन में वाराणसी के अलावा चंदौली, जौनपुर एवं गाजीपुर के समाजवादी व्यापार सभा के जिला संघटन के पदाधिकारियों, व्यापारियों तथा वैश्य बनिया समाज के प्रतिनिधियों का आगमन होगा। इस संबंध में समाजवादी व्यापार सभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि घोसी से पार्टी के सांसद राजीव राय होंगे।

बांग्ला भाषा एवं साहित्य में रोजगार की अपार संभावनाएँ- डाक्टर स्वप्ना बंद्योपाध्याय

महिला महाविद्यालय के प्रांगण में सोमवार को महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में बांग्ला विभाग की ओर से 'बांग्ला साहित्य में रोजगार के अवसर' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता आर्य महिला पी.जी. कालेज, वाराणसी के बांग्ला विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डाक्टर स्वप्ना बंद्योपाध्याय थीं। अपने व्याख्यान में डाक्टर बंद्योपाध्याय ने '२१वीं शताब्दी में बांग्ला भाषा एवं साहित्य- रोजगार की संभावनाएँ और नये आयाम' विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में बांग्ला भाषा एवं साहित्य का अध्ययन केवल शिक्षण और शोध तक सीमित नहीं है, बल्कि अनुवाद, पत्रकारिता, प्रकाशन, डिजिटल मीडिया, कंटेंट राइटिंग तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसे आधुनिक क्षेत्रों में भी रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। उन्होंने छात्राओं को भाषा संबंधी कौशल विकसित करने, आधुनिक तकनीक से जुड़ने तथा नए व्यावसायिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उनका व्याख्यान छात्राओं के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डाक्टर अफजल, डाक्टर मोनिका, प्रोफेसर सरिता रानी तथा प्रोफेसर सरस्वती कुमारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डाक्टर सोमा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डाक्टर उत्तम गिरि ने किया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।

आईआईटी बीएचयू ने ग्रामीण बच्चों को सिखाए विज्ञान के गुर

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू की ओर से ग्राम विज्ञान २०२६ का आयोजन काशी विद्यापीठ ब्लॉक के टिकरी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में किया गया। वर्चुअल सस्टेनेबल डेवलपमेंट सेंटर ने भारतीय राष्ट्रीय युवा विज्ञान अकादमी और संस्थान की सोशल सर्विस काउंसिल के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों को विज्ञान के सिद्धांतों और प्रयोगों से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में विज्ञान के कार्यशील माडल, प्रयोग, प्रश्नोत्तरी, परिचर्चा और यंग इनोवेटर्स चैलेंज के माध्यम से बच्चों को सीखने का अवसर मिला। कचरा प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण, सूक्ष्मजीव, टिकाऊ कृषि, जैव विविधता और जनस्वास्थ्य जैसे विषयों पर गतिविधियां आयोजित की गयीं। विद्यार्थियों ने दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए अपने विचार भी प्रस्तुत किये। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक एवं स्कूल ऑफ बायोकेमिकल इंजीनियरिंग के असिस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक सुरेश धाबले , एसडीजी सेंटर के प्रभारी एवं सह-संयोजक प्रोफेसर विकास कुमार दुबे , सह-संयोजक डॉक्टर प्रांजल चंद्र आदि ने भी विचार व्यक्त किये। भारतीय राष्ट्रीय युवा विज्ञान अकादमी के सदस्य और भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई से जुड़े डाक्टर संतोष ने विद्यार्थियों से संवाद किया। उनसे बातचीत के बाद कुछ बच्चों ने परमाणु वैज्ञानिक बनने की इच्छा जतायी। आइआइटी बीएचयू के निदेशक प्रोफेसर अमित पात्रा ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों को वैज्ञानिक ज्ञान समाज तक पहुंचाना चाहिए। ऐसे कार्यक्रम विज्ञान को स्थानीय जरूरतों से जोड़ने और बच्चों में नवाचार की भावना विकसित करने में सहायक हैं।

राही मासूम रजा का साहित्य साझी विरासत का प्रतीक- लक्ष्मण आचार्य

असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने कहा कि राही मासूम रजा की रचनाएं भारतीय संस्कृति की साझी विरासत और सामाजिक यथार्थ की सशक्त अभिव्यक्ति हैं। उनके साहित्य में मिट्टी की खुशबू, लोकजीवन और सामाजिक सरोकार स्पष्ट रूप से दिखायी देते हैं। साहित्यकार अपने समय की चुनौतियों को स्वर देते हैं। राही मासूम रजा का साहित्य इसी सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना का महत्वपूर्ण उदाहरण है। वह सोमवार को काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संगीत एवं मंच कला संकाय स्थित पंडित ओंकार नाथ ठाकुर प्रेक्षागृह में 'भारत बोध के राही' कार्यक्रम के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। प्रख्यात साहित्यकार राही मासूम रजा के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर माटी फाउंडेशन, भारत वैभव और संगीत एवं मंच कला संकाय की ओर से आयोजित कार्यक्रम में साहित्य, भारतीय संस्कृति और साझी विरासत पर विमर्श हुआ। लक्ष्मण आचार्य ने कहा कि राही मासूम रजा और भारत रत्न भूपेन हजारिका का जन्म शताब्दी वर्ष भारतीय सांस्कृतिक चेतना और विविधता को समझने का महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वाइस चांसलर प्रोफेसर अजित कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि राही मासूम रजा जैसे साहित्यकारों के योगदान को याद रखना आवश्यक है। उनका साहित्य समाज की संवेदना और चेतना से जुड़ने की प्रेरणा देता है। इंडिया हैबिटेट सेंटर के निदेशक के. जी. सुरेश ने कहा कि राही मासूम रजा ने महाभारत धारावाहिक के माध्यम से भारतीय संस्कृति और विरासत को व्यापक पहचान दिलायी।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

रेलगाड़ियों की समय-सारणी में बदलाव और विस्तार

रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि परिचालन कारणों की वजह से रेलवे द्वारा कुछ रेलगाड़ियों की समय-सारणी में बदलाव करने और कुछ रेलगाड़ियों की सेवा का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

गाड़ी संख्या 12381 हावड़ा - नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन साथ ही शकूर बस्ती तक विस्तार

स्टेशन	गाड़ी सं. 12381 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
नई दिल्ली	06:05	---	06:20	06:45
शकूर बस्ती	---	---	07:20	---

गाड़ी संख्या 12382 नई दिल्ली - हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन साथ ही शकूर बस्ती तक विस्तार

स्टेशन	गाड़ी सं. 12382 (30.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
शकूर बस्ती	—	---	—	16:35
नई दिल्ली	---	17:40	17:15	17:40

गाड़ी संख्या 12303 हावड़ा - नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन साथ ही शकूर बस्ती तक विस्तार

स्टेशन	गाड़ी सं. 12303 (30.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
नई दिल्ली	06:05	---	06:20	06:45
शकूर बस्ती	---	---	07:20	---

गाड़ी संख्या 12304 नई दिल्ली - हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन साथ ही शकूर बस्ती तक विस्तार

स्टेशन	गाड़ी सं. 12304 (29.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
शकूर बस्ती	—	---	—	16:35
नई दिल्ली	---	17:40	17:15	17:40

गाड़ी संख्या 54085 दिल्ली जं. - सातरोड पैसेंजर की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 54085 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
दिल्ली जं.	---	07:10	---	06:35
दिल्ली सराय रोहिल्ला	07:25	07:26	06:50	06:51
पटेल नगर	07:34	07:35	06:58	06:59
दिल्ली कैंट.	07:47	07:48	07:11	07:12
पालम	07:54	07:55	07:18	07:19
शाहाबाद मोहम्मद पुर	08:00	08:01	07:24	07:25
बिजवासन	08:06	08:07	07:30	07:31
गुडगाँव	08:15	08:16	07:38	07:39
बसई धनकोट	08:22	08:23	07:44	07:45
गढ़ी हरसरू	08:28	08:29	07:50	07:51
पातली	08:37	08:38	07:57	07:58
ताज नगर	08:43	08:44	08:03	08:04
जटौला जौड़ी सांपका	08:48	08:49	08:08	08:09
पटौदी रोड़	08:55	08:56	08:14	08:15
इंच्छापुरी	09:02	09:03	08:20	08:21
खलीलपुर	09:10	09:11	08:27	08:28
कुम्भावास मुंढलिया डाबड़ी	09:17	09:18	08:34	08:35
रेवाडी जं.	09:40	10:10	09:25	10:20

गाड़ी संख्या 64437 गाज़ियाबाद-दिल्ली जं. ईएमयू की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 64437 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
गाज़ियाबाद	---	06:10	---	05:45
साहिबाबाद	06:19	06:20	05:54	05:55
चन्द्र नगर हॉल्ट	06:24	06:25	06:02	06:03
आनन्द विहार हॉल्ट	06:27	06:28	06:05	06:06
तिलक ब्रिज	06:33	06:34	06:15	06:16
शिवाजी ब्रिज	06:37	06:38	06:19	06:20
नई दिल्ली	06:53	06:55	06:33	06:35
सदर बाज़ार	07:02	07:03	06:44	06:45
दिल्ली जं.	07:50	---	07:35	---

गाड़ी संख्या 22437 प्रयागराज जं. - आनन्द विहार (ट) हमसफर एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 22437 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
आनन्द विहार (ट)	06:10	---	06:25	—

गाड़ी संख्या 15565 ललितग्राम - नई दिल्ली वैशाली एक्सप्रेस (प्रतिदिन) की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 15565 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
गाज़ियाबाद	05:43	05:45	05:58	06:00
नई दिल्ली	06:30	---	06:45	---

गाड़ी संख्या 12281 भुवनेश्वर - नई दिल्ली दुरंतो एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 12281 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
नई दिल्ली	06:40	---	06:55	—

गाड़ी संख्या 15734 बठिण्डा जं. - बालुरघाट फरक्का एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 15734 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
बठिण्डा जं.	---	15:00	---	15:00
बठिण्डा जं. - दिल्ली जं. के बीच कोई परिवर्तन नही				
दिल्ली जं.	21:25	21:40	21:30	21:45
गाज़ियाबाद	22:25	22:27	22:27	22:29
खुर्जा जं.	23:10	23:12	23:23	23:25

गाड़ी संख्या 12427 रीवा - आनन्द विहार (ट) रीवा एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 12427 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
गाज़ियाबाद	06:03	06:05	06:18	06:20
आनन्द विहार (ट)	06:40	---	06:55	---

गाड़ी संख्या 12417 प्रयागराज जं. - नई दिल्ली प्रयागराज एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 12417 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
गाज़ियाबाद	06:13	06:15	06:28	06:30
नई दिल्ली	07:00	---	07:15	---

गाड़ी संख्या 12225 आज़मगढ़ - दिल्ली जं. कैफियात एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 12225 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
गाज़ियाबाद	06:23	06:25	06:38	06:40
दिल्ली जं.	07:05	---	07:25	---

नोटः प्रयागराज जंक्शन - रेलगाड़ी के सुपरफास्ट प्रकार से मेल/एक्सप्रेस में बदलाव के कारण, दिल्ली जंक्शन से दिनांक 01.01.2027 को चलने वाली गाड़ी 12226 की संख्या बदलकर 14026 हो जाएगी, और आजमगढ़ से दिनांक 01.01.2027 को चलने वाली गाड़ी 12225 की संख्या बदलकर 14025 हो जाएगी।

गाड़ी संख्या 12367 भागलपुर - आनन्द विहार (ट) विक्रमशिला एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 12367 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
आनन्द विहार (ट)	07:20	---	07:35	—

गाड़ी संख्या 12556 बठिण्डा जं. - गोरखपुर गोरखधाम एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 12556 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
कानपुर सेन्ट्रल	02:55	03:05	03:00	03:10

गाड़ी संख्या 20802 नई दिल्ली - इसलामपुर मगध एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 20802 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
नई दिल्ली	---	21:05	---	21:05
अलीगढ़ जं. - कानपुर सेन्ट्रल के बीच कोई परिवर्तन नही				
प्रयागराज जं.	06:20	06:25	06:15	06:20
विन्ध्याचल - पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. के बीच कोई परिवर्तन नही				

गाड़ी संख्या 12309 राजेन्द्र नगर (ट) - नई दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 12309 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
नई दिल्ली	07:40	---	07:55	—

गाड़ी संख्या 12393 राजेन्द्र नगर (ट) - नई दिल्ली संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 12393 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
नई दिल्ली	07:55	---	08:05	—

गाड़ी संख्या 12229 लखनऊ-नई दिल्ली लखनऊ मेल की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 12229 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
गाज़ियाबाद	05:53	05:55	06:01	06:03
नई दिल्ली	06:55	---	07:00	---

गाड़ी संख्या 14218 चण्डीगढ़ - प्रयागराज संगम ऊंचाहार एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 14218 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
चण्डीगढ़	---	16:45	---	16:45
चण्डीगढ़ - दिल्ली जं. के बीच कोई परिवर्तन नही				
दिल्ली जं.	21:05	21:20	21:15	21:30
साहिबाबाद	21:42	21:44	21:56	21:58
गाज़ियाबाद	22:11	22:13	22:16	22:18
अलीगढ़ जं.	23:30	23:35	23:40	23:45
हाथरस जं.	23:57	23:59	00:07	00:09
टूण्डला जं.	01:10	01:15	01:15	01:20
फिरोज़ाबाद	01:40	01:42	01:40	01:42
शिकोहाबाद जं. - रूरा के बीच कोई परिवर्तन नही				
कानपुर सेन्ट्रल	05:30	05:35	05:35	05:40
उन्नाव	06:06	06:08	06:12	06:14
बीघापुर	06:37	06:39	06:40	06:42
तकिया	06:51	06:52	06:51	06:53
तकिया से आगे कोई परिवर्तन नही				

गाड़ी संख्या 12418 नई दिल्ली - प्रयागराज जं. प्रयागराज एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 12418 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
नई दिल्ली	---	22:10	---	22:15
गाज़ियाबाद	22:42	22:44	22:50	22:52
अलीगढ जं.	23:55	23:57	00:02	00:04
कानपुर सेंट्रल	03:50	03:55	03:55	04:00
फतेहपुर	04:50	04:52	05:00	05:02

गाड़ी संख्या 22438 आनन्द विहार (ट) - प्रयागराज जं. हमसफर सुपरफास्ट एक्सप्रेस की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 22438 (29.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
आनन्द विहार (ट.)	---	22:35	---	23:15
कानपुर सेंट्रल	03:25	03:30	04:10	04:15
प्रयागराज जं.	06:20	---	07:55	---

गाड़ी संख्या 54058 शामली - दिल्ली जं. पैसेंजर की समय-सारणी में परिवर्तन

स्टेशन	गाड़ी सं. 54058 (28.10.2026 से प्रभावी)			
	मौजूदा समय		परिवर्तित समय	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
दिल्ली जं.	---	07:40	—	07:45

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सुभाषित *जीवनमें यदि सफलता चाहते हैं तो कर्म और लोक कल्याणमें समन्वय जरूरी है। तभी जीवनका समग्र विकास हो पायेगा।* ❒ **शतपथ ब्राह्मण**

साइबर आतंकियोंके खतरे

साइबर आतंकियोंके हमले तेजीसे बढ़ते जा रहे हैं जो गम्भीर खतरेका संकेत है। साइबर आतंकियोंसे बैंकिंग क्षेत्रकी सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती बन गयी है। इसका यह बड़ा कारण है कि भारतमें बैंकिंग व्यवस्था तेजीसे डिजिटल हो रही है। इण्टरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, कार्ड भुगतान, डिजिटल ऋण और एपीआई आधारित वित्तीय सेवाओंने बैंकिंगको तेजीसे सुविधाजनक बना दिया है। इसका दूसरा पहलू यह है कि डिजिटल विस्तारने साइबर अपराधियोंके लिए हमले के नये रास्ते भी खोल दिये हैं। आज खतरा केवल ग्राहकके खातेका पासवर्ड चुरानेतक सीमित नहीं है। बैंकके आईटी नेटवर्क, एपीआई क्लाउड, भुगतान प्रणालियों, कर्मचारियों और तीसरे पक्षके सेवा प्रदाताओंको निशाना बनाकर बड़े पैमानेपर धनकी चोरी अथवा बैंकिंग व्यवस्थाको बाधित करनेकी क्षमता विकसित हो रही है। यह खतरा इसलिए भी और गम्भीर हो गयी है, क्योंकि बैंकिंग क्षेत्रकी सबसे बड़ी ताकत-आपसमें जुड़ी हुई डिजिटल व्यवस्था ही उसकी सबसे बड़ी कमजोरी बन सकती है। इनमें अनेक डिजिटल सम्पर्क-बिन्दु होते हैं। एक कड़ीके कमजोर पड़नेपर उसका प्रभाव दूसरी संस्थाओंतक पहुंच सकता है। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं साइबर आतंकियोंकी बढ़ती हरकतोंसे चिन्तित हैं। रविवारको उड़ीसाके भुवनेश्वरमें भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के १६९ करोड़ रुपयेकी लागतसे बने डाटा सेण्टर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थानका उद्घाटन करनेके बाद सभाको सम्बोधित करते हुए कहा कि युद्ध अब पारम्परिक तरीकोंसे नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्थाओंको निशाना बनाकर लड़े जा रहे हैं। भारतकी बैंकिंग प्रणालीको साइबर आतंकवादियोंसे बचानेकी सख्त जरूरत है। प्रधान मंत्रीके उद्बोधनमें सबसे महत्वपूर्ण पहलू बैंकिंग क्षेत्रको साइबर आतंकियोंके हमलेसे बचाना है। वर्तमान परिदृश्यमें मोदीके विचार महत्वपूर्ण और प्रासंगिक हैं। इसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक और साइबर सुरक्षासे जुड़े विशेषज्ञोंको समन्वित ढंगसे बड़े प्रयास करने होंगे। साइबर आतंकियोंके हमलेके स्वरूप भी अनेक प्रकारके हैं। अब तो एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) ने इस खतरेको और गम्भीर बना दिया है। इससे बैंकिंग क्षेत्रकी सुरक्षा व्यवस्थाके समक्ष चुनौतियां बढ़ गयी हैं। बैंकिंग सुरक्षाके लिए चरणबद्ध ढंगसे कार्य करनेकी जरूरत है। इसमें ग्राहकोंकी जागरूकता और भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण है। बैंक ग्राहकोंको काफी सतर्क रहना होगा। बैंकोंके निर्देशोंका सख्तीसे अनुपालन भी करना होगा तभी नयी चुनौतियोंका सामना किया जा सकता है।

चुनाव आयोगकी सख्ती

उत्तर प्रदेशकी मतदाता सूचीमें गड़बड़ियोंको लेकर चुनाव आयोगने जो सख्त रुख अपनाया है वह उचित और मजबूत लोकतंत्रके लिए आजकी महती आवश्यकता है। राजनीतिक दलों और सोशल मीडियाके माध्यमसे एकके बाद एक मतदाता सूचीमें जो गड़बड़ियां सामने आ रही हैं, वह बेहद चिन्तनीय और जिम्मेदार अधिकारियोंके कर्तव्यबोधपर गम्भीर सवाल खड़ा करता है। अभीतक किसी मामलेमें गड़बड़ी मिलनेपर केवल निचले स्तरके कर्मचारियोंपर गाज गिरती थी और मामला रफा-दफा हो जाता था, लेकिन मतदाता सूचीमें गड़बड़ियोंका निस्तारण करने और भविष्यमें इसकी पुनरावृत्ति रोकनेके लिए मंडलायुक्त और जिला निर्वाचन अधिकारी (डीएम) की भी चुनाव आयोगने जिम्मेदारी और जवाबदेही तय कर दी है, यानी अब उनपर भी काररवाई होगी। चुनाव आयोगकी यह सख्ती मतदानकी पारदर्शिता और शुचिताके लिए सार्थक कदम है। पीलीभीत प्रकरणके बाद चुनाव आयोगने आजमगढ़ समेत सभी जिलोंमें निगरानी बढ़ा दी है। साथ ही कम्प्यूटर सहायकोंकी फीडिंगपर रोक लगा दी गयी है और दस अप्रैलके बाद अबतक फीड किये गये फार्म-६, फार्म-७ और फार्म-८ की अनिवार्य रूपसे जांच करायी जायगी। विभिन्न माध्यमोंसे प्राप्त शिकायतोंका समयबद्ध निस्तारण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) करेंगे। इस सम्बन्धमें सभी अधिकारियोंको ईआरओ नेटकी लांगिन आईडी एवं पासवर्ड किसीसे भी साझा न किये जानेकी हिदायत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके दुरुपयोग होनेकी सम्भावनासे इनकार नहीं किया जा सकता है। यानी अब बीएलओ ही भौतिक रूपसे जमा फार्मोंको बीएलओ एपसे डिजिटल रूपसे जमा करेंगे। चुनाव आयोगका प्रदेशभरमें पुनरीक्षणकी प्रक्रियापर कड़ा रुख कितना प्रभावी होगा यह तो आने वाला समय ही बतायेगा लेकिन इतना तो तय है कि मतदाता सूचीमें गड़बड़ी रोकनेकी दिशामें यह महत्वपूर्ण पहल है। इससे जिम्मेदार अधिकारियोंकी लापरवाहीपर अंकुश लगेगा।

लोक संवाद

नयी उम्मीदकी किरण

महोदय,-ब्लड कैंसरके मरीजोंके इलाजको बेहतर बनानेकी दिशामें एक नयी पहल की गयी है। भारत बायोटेककी सहायक कम्पनी न्यूसेलियन थेराप्यूटिक्सने हैदराबादकी वेजेन बायोके साथ साझेदारी की है। दोनों कम्पनियां मिलकर मल्टीपल मायलोमा नामके ब्लड कैंसरके इलाजके लिए एक नयी थेरेपी विकसित करनेपर काम करेंगी। कम्पनियोंका लक्ष्य साल २०२८ तक इसे बाजारमें उपलब्ध करानेकी दिशामें आगे बढ़ना है। इसके साथ ही कोशिश की जायगी कि मरीजोंको यह इलाज किफायती कीमतपर मिल सके। हालांकि अभी यह थेरेपी विकास और जांचके चरणमें है, इसलिए मरीजोंके लिए इसकी उपलब्धता कई जरूरी प्रक्रियाओं और क्लिनिकल ट्रायलके नतीजोंपर निर्भर करेगी। मल्टीपल मायलोमा एक तरहका ब्लड कैंसर है, जो प्लाज्मा सेल्सको प्रभावित करता है। ये सफेद रक्त कोशिकाओंका एक प्रकार हैं और शरीरको संक्रमणसे लड़नेमें मदद करने वाली एंटीबॉडी बनानेका काम करती हैं। ये कोशिकाएं बोन मैरो यानी हड्डियोंके अंदर मौजूद उस ऊतकमें पायी जाती हैं, जहां खूनकी कोशिकाएं बनती हैं। इस बीमारीमें असामान्य प्लाज्मा सेल्स बढ़ने लगती हैं और बोन मैरोमें जमा होकर सामान्य रक्त कोशिकाओंके निर्माणको प्रभावित कर सकती हैं। इससे मरीजको कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं, जैसे हड्डियोंमें दर्द, लगातार थकान, बार-बार संक्रमण होना और किडनीसे जुड़ी समस्याएं। कुछ मरीजोंमें बीमारी समयके साथ दोबारा बढ़ सकती है या मौजूदा इलाजसे पूरी तरह नियंत्रित नहीं हो पाती। ऐसे मामलोंमें नये उपचार विकल्पोंकी जरूरत महसूस होती है। सेल थेरेपीके रूपमें विकसित किया जा रहा है। यह एक खास तरहका इलाज है, जिसमें मरीजकी अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमताकी कोशिकाओंको कैंसरसे लड़नेके लिए तैयार किया जाता है। इस प्रक्रियामें सबसे पहले मरीजके खूनसे टी-सेल्स नामकी प्रतिरक्षा कोशिकाएं निकाली जाती हैं। इसके बाद प्रयोगशालामें इन कोशिकाओंमें बदलाव किया जाता है, ताकि वे कैंसर कोशिकाओंपर मौजूद खास पहचान वाले प्रोटीनको पहचान सकें और उनपर हमला कर सकें। तैयार की गयी कोशिकाओंको फिर मरीजके शरीरमें वापस पहुंचाया जाता है। इस तरहकी थेरेपीका उद्देश्य शरीरकी प्रतिरक्षा प्रणालीको कैंसर कोशिकाओंके खिलाफ अधिक प्रभावी बनाना है। हालांकि थेरेपी हर मरीजके लिए उपयुक्त नहीं होती और इससे कुछ गम्भीर दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं। इसलिए इसका इस्तेमाल विशेषज्ञ डॉक्टरोंकी निगरानीमें और निर्धारित चिकित्सा प्रक्रियाओंके अनुसार किया जाता है। वेजेन बायोकी थेरेपीको कैंसर कोशिकाओंपर मौजूद प्रोटीनकी निशाना बनानेके लिए तैयार किया जा रहा है। इन प्रोटीनको पहचाननेकी क्षमता विकसित करके थेरेपीका उद्देश्य कैंसर कोशिकाओंको पहचानना और उनपर हमला करना है। इस परियोजनामें वेजेन बायो अपनी तकनीक उपलब्ध करायेगी, जबकि न्यूसेलियन थेराप्यूटिक्स थेरेपीके निर्माण और उत्पादनसे जुड़ी प्रक्रिया विकसित करनेपर काम करेगी। कम्पनी हैदराबाद स्थित अपनी विशेष सुविधामें इसके निर्माण और भविष्यमें बड़े स्तरपर उत्पादनकी तैयारी करनेकी योजना बना रही है। उपलब्ध जानकारीके अनुसार इस थेरेपीपर चीनमें क्लिनिकल विकासका काम हो चुका है और अमेरिकामें भी इसे विकसित किया जा रहा है। भारतमें इसे आगेकी जांच और क्लिनिकल ट्रायलके लिए तैयार करनेकी योजना है। हालांकि किसी भी नयी कैंसर थेरेपीको मरीजोंके लिए उपलब्ध करानेसे पहले उसकी सुरक्षा, प्रभावशीलता और नियामकीय मंजूरीसे जुड़ी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी करनी होती हैं। इसलिए २०२८ का लक्ष्य तय समयमें पूरा होगा या नहीं, यह आगे होने वाली जांच और ट्रायलके नतीजोंपर निर्भर करेगा। **-शिप्रा शाह, वाया ईमेल।**

अपने वैज्ञानिकोंसे विमुख भारत

चीन अपने वैज्ञानिकोंको सर्वोच्च सहायता देता है, जिससे वे चीनके उत्थानमें सहयोग कर सकें। इन वैज्ञानिकोंने कई महत्वपूर्ण और उन्नत शोध किये हैं। इसके विपरीत भारत अपने वैज्ञानिकोंके विशाल और उत्कृष्ट समूहका लाभ नहीं उठा पाया है जिनके पास कई क्षेत्रोंमें उन्नत ज्ञान और कौशल मौजूद हैं।

❒ **श्याम सरन**

जब वर्ष १९७८ में चीनके नेता तंग श्याओफिंगने अपने देशकी अर्थव्यवस्थामें सुधार करने और उसे खोलने या उदार बनानेकी शुरुआत की तो उनकी कार्य योजनामें देशके शैक्षणिक, वैज्ञानिक और तकनीकी संस्थानोंको दोबारा पटरीपर लाना पहली प्राथमिकता थी। दस वर्षोंतक चली 'सांस्कृतिक क्रांति' (वर्ष १९६६-१९७६) के दौरान हुई भारी उथल-पुथलने इन संस्थानोंको पूरी तरह बरबाद कर दिया था। शैक्षिक संस्थानोंके बंद होने, पढ़े-लिखे और पेशेवर वर्गके खिलाफ वैचारिक अभियानों और ग्रामीण जीवनके महिमामंडनके कारण चीनने अपनी एक पूरी युवा पीढ़ी खो दी थी। तंग श्याओफिंगको महसूस हो गया था कि आधुनिक ज्ञान और कौशलके मामलेमें चीनको बाकी दुनियाकी बराबरी करनी होगी। चीनके प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों, वैज्ञानिक एवं तकनीकी अनुसंधान केन्द्रों और पेशेवर क्षमता बढ़ाने वाले संस्थानोंको दोबारा शुरू करनेके साथ शियाओपिंगने अमेरिका और पश्चिमी देशोंके साथ अपने अच्छे संबंधोंका भी फायदा उठाया। उन्होंने बड़ी संख्यामें चीनके युवाओंको इन देशोंके शीर्ष विश्वविद्यालयोंमें पढ़नेके लिए भेजा। कई वर्षोंतक चीन एक स्पंजकी तरह काम करता रहा यानी जहांसे भी संभव हुआ वहांसे ज्ञान, तकनीक और कौशल तहे दिलसे स्वीकार करता रहा। विकसित देशोंसे सीखनेकी प्रक्रियामें चीनने विनम्रता और सीखनेकी इच्छा दिखायी। सबसे अहम बात यह है कि चीनने एक ऐसा तंत्र तैयार किया जिससे न केवल उन्नत ज्ञान, कौशल और तकनीक अपनाये गये, बल्कि उन्हें गहराईसे सीखा और आत्मसात भी किया गया।



एआईके अत्याधुनिक शोध और अनुप्रयोगोंमें काम करनेवाले कई लोग भारतीय मूलके हैं। उन्हें वापस भारत लाकर यहां कामपर लगाना, भविष्यके इस बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्रमें आगे रहनेका एकमात्र मौका हो सकता है। ऐसे तंत्रकी सख्त जरूरत है जो ज्ञान और कौशलसे संपन्न लोगोंको स्वदेशमें ही बेहतरीन कैरियरके अवसर दे सके जिससे भारतके बदलावमें मदद मिल सके। भारतीय पेशेवर स्वदेशमें ही अवसरोंकी तलाश कर सकते हैं। उनके लिए ऐसा माहौल तैयार करना होगा कि वे भारतको प्रमुख विज्ञान और प्रौद्योगिकी शक्तिके रूपमें स्थापित करनेमें अपना योगदान दें।

इसीने आगे चलकर स्वतंत्र रूपसे ज्ञान सृजनका रास्ता खोला जिसे आज हम देख पा रहे हैं। पश्चिमी देशोंकी कम्पनियोंके साथ शुरू किये गये संयुक्त उद्यम चीनके साझेदारों और कर्मचारियोंके लिए प्रशिक्षणका मंच बन गये। बादमें यही लोग स्वयं नये आविष्कारक बने और अपने विदेशी समकक्षोंसे भी आगे निकल गये। चीनके एक विकास बैंकके पूर्व चेयरमैनने बताया कि चीनमें आने वाली पूंजीका बड़ा हिस्सा पश्चिमी देशोंसे नहीं, बल्कि 'ग्रेटर चाइना' (ताइवान, हॉन्ग कॉन्ग और सिंगापुर) से आया था। परन्तु पश्चिमी देशोंसे निवेश अपने साथ उन्नत तकनीक और आधुनिक प्रबंधन कौशल लेकर आया चाहे वह विदेशी सहायक कम्पनियोंके जरिये हो या संयुक्त उद्यमोंके जरिये। चीन सरकारने अपने बाजारमें प्रवेश देनेके लिए शर्तके तौरपर तकनीक हस्तांतरणपर जोर दिया। इससे चीनकी अर्थव्यवस्था बदलनेमें मदद मिली। सुधारोंकी शुरुआत और बाजार खोलनेके शुरुआती दौरमें चीनको इस बातसे कोई परवाह नहीं थी कि विदेशमें पढ़ने वाले बहुतसे छात्र वहीं रुककर काम करनेका विकल्प चुन रहे थे। हालांकि समयके साथ चीनने उत्कृष्टता केन्द्र बना, जहां अत्याधुनिक शोध सुविधाएं और आकर्षक वेतन दिये जाते थे। इनमेंसे कई संस्थानोंने विदेशी वैज्ञानिकोंको उन्नत शोध करनेके लिए चीन आनेका न्योता दिया। यहांतक कि चीनकी सरकारके खर्चपर शोध प्रयोगशालाएं भी स्थापित की गयीं, बस एक शर्त रखी गयी कि उनके साथ चीनके कुछ युवा शोधकर्ता भी काम करेंगे।

एक भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक (जिनके नाम कई उच्च-तकनीक पेटेंट हैं) चीनके प्रमुख प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग संस्थान चिंगहुआ विश्वविद्यालयमें हर वर्ष कुछ महीने बिताते थे। कई वर्षोंके दौरान उन्होंने चीनके लगभग २,००० वैज्ञानिकोंको प्रशिक्षित किया जो आज भी उनके संपर्कमें हैं। इन वैज्ञानिकोंने आगे चलकर स्वयं भी कई महत्वपूर्ण और उन्नत शोध किये हैं। हालमें अमेरिकी सरकारने इस तरहकी गतिविधियोंपर रोक लगायी है। इसके विपरीत भारत अपने उन प्रवासियोंके विशाल और उत्कृष्ट समूहका लाभ नहीं उठा पाया है जिनके पास कई क्षेत्रोंमें उन्नत ज्ञान और कौशल मौजूद हैं। अपने निजी अनुभवसे मैं जानता हूं कि उनमेंसे कई लोग बिना किसी बड़े आर्थिक पारितोषिककी उम्मीद किये देशवासियोंके साथ अपना ज्ञान साझा करनेके लिए उत्सुक हैं। परन्तु वे शोधके लिए उचित सुविधाएं चाहते हैं। वे चाहते हैं कि जिन संस्थानोंमें उन्हें काम करनेके लिए भेजा जाय वहां उनका स्वागत किया जाय। परन्तु कई संस्थानोंके कर्मचारी ऐसे अत्यधिक योग्य लोगोंको देखकर असुरक्षित महसूस करते हैं।

उन्हें इस बातका डर सताता रहता है कि कहीं वे उनके सामने कम काबिल न साबित हो जायं। वे उन्नत ज्ञान और कौशल वाले व्यक्तिकी मौजूदगीको सीखने और अपनी क्षमताएंको बेहतर बनानेके एक अवसरके रूपमें नहीं देखते। यह चीनके अनुभवसे बिल्कुल अलग स्थिति है। ऐसी सरकारी नीति अपने आपमें अजीब है जिसका मकसद अपने पेशेवर और कुशल लोगोंको विदेशमें भेजना हो। व्यापार वार्ताओंमें भारत चाहता है कि उसके शिक्षित और पेशेवर नागरिकोंको विदेशमें अवसर मिलें। यह इस बातको स्वीकार करने जैसा है कि हम अपने देशमें ही उन्हें सार्थक रोजगार दिलानेमें लगातार विफल रहे हैं।

कड़वा सच यह है कि सही मौका मिलनेपर उच्च शिक्षित युवा भारतीय अपना भविष्य विदेशमें बनाना पसंद करते हैं। हम अपने युवाओंकी शिक्षापर निवेश तो कर रहे हैं परन्तु इस निवेशका फायदा कहीं और उठाया जा रहा है। यह कोई अच्छी अर्थ नीति नहीं है। पहले कमसे कम इस बातकी समझ तो थी कि भारतसे प्रतिभाओंका पलायन हो रहा है और यह देशके लिए एक नुकसान है। अब तो इस प्रतिभा पलायनको एक खूबीके रूपमें पेश किया जाने लगा है। अपने देशमें ही युवा पेशेवरोंके लिए अच्छे अवसर पैदा करने वाली नीतियां बनानेके बजाय हम अपने सबसे बेहतरीन और होनहार लोगोंको विदेशमें अपना भविष्य तलाशने दे रहे हैं। यह एक बड़ी नीतिगत विफलता स्वीकार करने जैसा है। हालमें अमेरिकाके कुछ फैसलोंको लेकर काफी चिन्ता है, जिनमें अमेरिकी कम्पनियों (जिनमें अच्छे वेतन देने वाली तकनीकी कम्पनियां भी शामिल हैं) द्वारा भारतीय कर्मचारियोंको कामपर रखनेपर पाबंदियां लगायी गयी हैं। इसे एक झटकेके रूपमें देखनेके बजाय क्यों न भारतीय कम्पनी जगतके साथ मिलकर काम किया जाय, ताकि हमारे अत्यधिक कुशल देशवासियोंका स्वागत किया जा सके और वे अपने ही देशमें एक सार्थक करियर बना सकें।

भारतने अंतरिक्ष एवं परमाणु ऊर्जा कार्यक्रमों और इलेक्ट्रॉनिक, दवा और सूचना-प्रौद्योगिकी (आईटी) जैसे कुछ क्षेत्रोंमें उत्कृष्टताके केन्द्र (आइलैंड्स ऑफ एक्सीलेंस) बनानेमें सफलता पायी है। परन्तु इन केन्द्रोंका विस्तार होना चाहिए ताकि ये उत्कृष्टताके बड़े क्षेत्र बन सकें। आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस (एआई) का क्षेत्र तेजीसे विकसित हो रहा है और इसके लिए सबसे अधिक उच्च प्रशिक्षित लोगोंकी जरूरत होगी। एआईके अत्याधुनिक शोध और अनुप्रयोगोंमें काम करने वाले कई लोग भारतीय मूलके हैं। उन्हें वापस भारत लाकर यहां कामपर लगाना, भविष्यके इस बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्रमें आगे रहनेका एकमात्र मौका हो सकता है। एक ऐसा तंत्र बनानेकी सख्त जरूरत है जो ज्ञान और कौशलसे संपन्न इन लोगोंको स्वदेशमें ही बेहतरीन करियरके अवसर दे सके जिससे भारतके बदलावमें मदद मिल सके। विदेशमें भारतीय मूलके पेशेवरोंके लिए माहौल अब उतना अनुकूल नहीं रहा है। ऐसेमें वे स्वदेशमें ही अवसरोंकी तलाश कर सकते हैं। हमें उनके लिए ऐसा माहौल तैयार करना चाहिए कि वे भारतको एक प्रमुख विज्ञान और प्रौद्योगिकी शक्तिके रूपमें स्थापित करनेमें अपना योगदान दें।

सेहत सुरक्षा हो प्राथमिकता

राज्योंमें सूखा घोषित करनेकी प्रक्रिया सरल बनायी जानी चाहिए। कृषि योजनाओंमें बहुवर्षीय जलवायु जोखिम मॉडलको शामिल करना जरूरी है। दीर्घकालिक विकासकी क्षमता के लिए अर्थव्यवस्थाको मजबूत करना होगा।

❒ **ज्ञानेन्द्र रावत**

अलनीनो भयावह खतरेका सबब बनता जा रहा है। दुनियाके मौसम विज्ञानियोंने अलनीनोके खतरनाक स्तरको 'सुपर-डुपर अलनीनो' नाम दिया है। शिकागो विश्वविद्यालयके एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूटकी हालिया रिपोर्टके मुताबिक सामान्य वर्षोंकी तुलनामें सुपर-डुपर अलनीनोके कारण अगले छह महीनोंमें दुनियाभरमें करीब ४.५१ लाख अतिरिक्त मौतें हो सकती हैं। अलनीनो पहलेसे गर्म होती जलवायुपर अपना असर दिखा रहा है, जिससे आने वाले महीनोंमें तापमानके रिकॉर्ड टूटनेकी संभावना बढ़ रही है। इस बार फरवरीमें ही गर्मी दस्तक दे सकती है। सुपर अलनीनोके प्रभावसे आने वाले महीनोंमें वैश्विक स्तरपर सतहका तापमान १.२ डिग्री सेल्सियसतक अधिक रह सकता है। अनुमान है कि अगले २० वर्षोंतक तापमानका यही रुझान देखनेको मिल सकता है। विश्व मौसम संघटनकी हालिया चेतावनीके मुताबिक, अलनीनो फरवरी २०२७ तक बना रह सकता है। ऐसी स्थितिमें इसका असर भारतमें अगले मानसूनकी शुरुआततक रहनेकी संभावना है। चिन्ताकी बात यह है कि यह सर्दियोंकी बारिश और तापमानको भी प्रभावित कर सकता है। यही नहीं, दुनियाके कई हिस्सोंमें तापमान और बारिशके पैटर्नपर भी इसका असर पड़ सकता है। नतीजतन कहीं सूखेकी स्थिति बन सकती है तो कहीं सामान्यसे अधिक बारिश और बाढ़का खतरा बढ़ सकता है।

दरअसल विश्व मौसम संघटनके पूर्वानुमानके मुताबिक नवंबर महीनेमें तापमानके चरमपर पहुंचनेकी सम्भावना जतायी गयी थी। लेकिन अब प्रशांत महासागरमें भू-मध्य रेखाके पास समुद्रका तापमान सामान्यसे तीन गुना अधिक है और इसमें तेजीसे वृद्धिकी आशंका है। समुद्रकी गहराईमें भी कई हिस्सोंमें पानी सामान्यसे आठ डिग्रीतक अधिक गर्म पाया गया है, जिससे अलनीनोको और ताकत मिली है। वैज्ञानिकोंका मानना है कि दुनियाके सभी भू-भागोंमें इस साल नवंबरतक सामान्यसे अधिक तापमान रहेगा। प्रशांत महासागरका पानी गर्म होनेपर भारतकी ओर आने वाली हवाओंके दबाव और उनकी दिशामें बदलाव आता है। इससे बादलोंकी आवाजाही और बारिशका रास्ता भी बदल सकता है। यही अहम कारण है कि प्रशांत महासागरमें होने वाला बदलाव भारत जैसे हजारों किलोमीटर दूर स्थित देशोंके मौसमको भी प्रभावित करता है। मौसम विज्ञानियोंके मुताबिक अलनीनोका असर केवल मानसूनतक सीमित नहीं रहेगा। इसके मजबूत बने रहनेपर सर्दियोंमें भी तापमान सामान्यसे अधिक रहनेकी आशंका है। उत्तर भारतमें सर्दियोंके छोटा होने और फरवरी-मार्चमें गर्मी बढ़नेका रुझान पहलेसे ही देखा जा रहा है। यही नहीं, पश्चिमी विक्षोभ, हिमालयमें बर्फबारी और हिन्द महासागरकी स्थितिकी भूमिका भी इसमें काफी महत्वपूर्ण होगी। वर्ष २०२३-२४ के मजबूत अलनीनोने २०२४ को दुनियाका सबसे गर्म साल बनानेमें प्रमुख भूमिका निभायी थी। ठीक उसी तरह, इस साल भी तापमानका नया रिकॉर्ड बननेका खतरा बना हुआ है।

सम्भावना है कि दिसंबर महीनेमें तापमान उच्च स्तरपर पहुंच जायगा। इससे पहले अलनीनोकी स्थिति और तीव्र होगी, जो चार डिग्री सेल्सियसतक पहुंच सकती है। गौरतलब है कि यह अबतककी सर्वाधिक तापमान वृद्धि होगी। इससे स्पष्ट है कि अलनीनोका दायरा लगातार बढ़ रहा है। इससे पहले २०१५ में अधिकतम २.६ डिग्री सेल्सियसकी वृद्धिका रिकॉर्ड दर्ज किया गया था। मौसम विज्ञानी रयान माउका कहना है कि अलनीनो सर्दियोंमें अपनी अधिकतम शक्तिपर बना रहेगा और अमेरिकाको छोड़कर हर जगह वैश्विक तापमानमें वृद्धि होगी। प्रभावित क्षेत्रोंमें तापमान सामान्यसे ३.४ डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया है, जो इतिहासमें दर्ज किसी भी पिछले अलनीनोसे अधिक है। यह १९५० के बादसे दर्ज की गयी सबसे शक्तिशाली मौसमी घटनाओंमेंसे एक हो सकती है। दरअसल अलनीनोकी स्थितिमें मानसून कमजोर और अनियमित रहता है। साथ ही अधिक गर्मी पड़नेसे मिट्टीमें नमी कम हो जाती है, जिससे खरीफकी फसलोंकी पैदावार घटनेकी आशंका रहती है। खरीफका सीजन सीधे तौरपर देशकी खाद्य सुरक्षासे जुड़ा हुआ है। धान, मक्का, दालें और तिलहन जैसी प्रमुख फसलें इसी मौसममें बोई जाती हैं। ऐसेमें अलनीनोका खतरा केवल मौसमका मुद्दा नहीं है, बल्कि उत्पादन, खाद्य कीमतों और ग्रामीण अर्थव्यवस्थासे भी जुड़ा हुआ है। इस स्थितिमें सबसे बड़ी चिन्ता उन क्षेत्रोंको लेकर है, जहां खेती अब भी बारिशपर निर्भर है।

भारत अलनीनोके कारण सर्वाधिक जोखिम वाले देशोंमें शामिल है। क्लाइमेट ट्रेंड्सके मुताबिक उष्णकटिबंधीय क्षेत्रोंमें अलनीनो और जलवायु परिवर्तनका संयुक्त प्रभाव खेतीसे जुड़े जोखिम बढ़ा रहा है। वर्ष २०५० तक इन दोनोंके मिले-जुले प्रभावसे वैश्विक फसल पैदावार आधार स्थितिकी तुलनामें १० से २५ प्रतिशततक घट सकती है। इस संबंधमें एम्सके एक संकाय सदस्य और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञका कहना है कि हर परिस्थिति और हर स्तरपर हीट एक्शन प्लान लागू करने जैसी रणनीतियोंपर तत्काल काम करनेकी जरूरत है। उनके अनुसार, बुजुर्गों, पहलेसे बीमार लोगों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और खुलेमें काम करने वाले श्रमिकों जैसे कमजोर वर्गोंको प्राथमिकता देना जरूरी है। चूंकि जलवायु परिवर्तनका प्रभाव लगातार बढ़ता जा रहा है, इसलिए ऐसे हालातसे निबटनेके लिए मौसमी पूर्वानुमानोंके आधारपर बुआईसे पहले फसलोंमें बदलाव किये जाने चाहिए। राज्योंमें सूखा घोषित करनेकी प्रक्रिया सरल बनायी जानी चाहिए। कृषि योजनाओंमें बहुवर्षीय जलवायु जोखिम मॉडलको शामिल किया जाना चाहिए। साथ ही दीर्घकालिक विकासकी क्षमता बनाये रखनेके लिए अर्थव्यवस्थाके ढांचेको मजबूत करनेके प्रयास किये जाने चाहिए।



शांतिका संदेश

❒ **श्री श्री रविशंकर**

प्राचीन ऋषियों और ज्ञानियोंका संदेश था कि शांति ही एकमात्र मार्ग है। भारतमें हम तीन बार 'ओम शांति शांति शांति' कहते हैं, अपने भीतरकी शांति, वातावरणकी शांति और राष्ट्रोंके बीचकी शांति। ये सभी आयाम आपसमें गहराईसे जुड़े हुए हैं। यदि किसी इमारतकी नींव कमजोर हो तो वह इमारत मजबूत कैसे हो सकती है। शांतचित्त व्यक्ति एक शांत परिवारका निर्माण करते हैं और ऐसे शांत परिवार एक शांत समाज बनाते हैं। जबतक प्रत्येक व्यक्तिके हृदयमें शांति स्थापित नहीं हो जाती, तबतक विश्व शांतिकी स्थापना होना संभव नहीं है। हर परिवारमें कुछ कठिन क्षण आते हैं जब टकरावकी स्थिति उत्पन्न होती है। हम अलग-अलग विचारों वाले भिन्न व्यक्ति हैं और कभी-कभी इन विचारोंमें टकराव होता है। परन्तु जो बात हमें जोड़े रखती है, वह है अपनेपन और समुदायकी भावना। हम इस अपनेपनकी भावनाको कैसे उत्पन्न कर सकते हैं। इसका उत्तर है, ध्यान। ध्यान हमें तनावसे मुक्त होनेमें सहायता करता है और हमें संपूर्ण विश्वके साथ जुड़ावका अनुभव कराता है। जब हम तनावमें होते हैं तो हमारी सोच और हमारा दृष्टिकोण अत्यंत संकुचित हो जाता है। जब हम तनाव या चिन्तासे घिरे होते हैं तो हम गलत निर्णय ले सकते हैं जिनपर हमें बादमें पछताना पड़ता है। एक शांत मस्तिष्क और स्पष्ट दृष्टि प्राप्त करनेके लिए हमें विश्रामकी आवश्यकता है और ध्यान वास्तवमें यही विश्राम है। विश्व स्वास्थ्य संघटनके अनुसार आज सबसे बड़ी चुनौती लोगोंका मानसिक स्वास्थ्य है और हम इसे प्रत्यक्ष देख रहे हैं। हम देख रहे हैं कि घरोंमें कलह और विवाद बढ़ रहे हैं। लोग आक्रामक स्वभावके हो रहे हैं या फिर अवसादका शिकार हो रहे हैं। जब आप स्वयंको शक्तिहीन और निराश अनुभव करते हैं, यही वह क्षण है जब हमें यह कहना चाहिए, 'मैं शांति का समर्थन करता हूं।' जब प्रत्येक व्यक्ति शांतिके प्रति अपना पूर्ण समर्पण दिखायेगा तब हम कभी असहाय महसूस नहीं करेंगे। प्रत्येक व्यक्तिके भीतर असीम आंतरिक शक्ति विद्यमान है। किसी भी कार्यको करनेमें सबसे अधिक महत्व इस बातका होता है कि लोग किस मानसिक अवस्थामें हैं। क्या यह एक सकारात्मक और रचनात्मक मन:स्थिति है या फिर नकारात्मक और विनाशकारी। किसी भी प्रकारका निर्णय लेनेमें, मन:स्थितिकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है, इसलिए ध्यान आवश्यक है। ध्यान आपके मस्तिष्कको कुशाग्र बनाता है, भावनाओंको शांत करता है, जिससे आप स्पष्ट निर्णय लेनेमें सक्षम हो पाते हैं। आपका दृष्टिकोण व्यापक हो जाता है और आप स्वयंको एक जीवंत एवं ऊर्जावान रूपमें अनुभव करते हैं। ध्यानके प्रभावसे हम उत्कृष्ट मन:स्थिति प्राप्त कर पाते हैं।

फ्रांसमें धीमी अर्थव्यवस्थासे नाराज युवा

❒ **आर.पी. सिंह**

जैसे-जैसे छात्र विरोध प्रदर्शन पूरे फ्रांसमें फैल रहे हैं, इसे एक आम लेकिन फ्रांसकी विशिष्ट समस्या मानकर खारिज करना आसान है लेकिन इसके मूलमें वह बात है जो दुनियाभरकी सरकारोंमें तेजीसे आम होती जा रही है- राजकोषीय फिजूलखर्ची। २००९-१० के ग्रीक संकटकी पुनरावृत्ति दूरकी कौड़ी लग सकती है लेकिन जैसे-जैसे अशांति फ्रांसकी सीमाओंसे परे फैल रही है, यह सोचनेका समय आ गया है कि क्या इससे हमें कोई सबक मिल सकता है। समस्याकी जड़में फ्रांसकी राजकोषीय व्यवस्थाको सुधारनेमें असमर्थता है। देखनेमें तो ये विरोध प्रदर्शन भारतमें शिक्षाको लेकर हुए कॉकरोच आन्दोलनकी चिन्ताओंको दोहराते हैं-जर्जर कक्षाएं, खराब ढंगसे संचालित सरकारी स्कूल इत्यादि। लेकिन समानता यहीं खत्म हो जाती है। भारतके विपरीत जहां बहुपक्षीय संस्थानोंके वर्षोंके व्याख्यानोंने आर्थिक नीति-निर्माताओंको उच्च राजकोषीय घाटेको लेकर सतर्क कर दिया था, पश्चिमी देशोंके धनी देशोंको ऐसी कोई चिन्ता नहीं थी। अंतत: अब इसका परिणाम भुगतना ही पड़ेगा। निवेशकोंने फ्रांसको 'यूरोपका बीमार आदमी' मानना शुरू कर दिया है, जिसका ऋणसे-जीडीपी अनुपात लगभग १२० प्रतिशत है (भारतके लगभग ८० प्रतिशतके विपरीत)।

फ्रांसके मामलेमें, उसका बढ़ता घाटा और कर्जका बोझ मुख्य रूपसे तेजीसे बढ़ते पैंशन बिलको नियंत्रित करनेमें उसकी अक्षमताका परिणाम है। पैरिस इस बातसे लम्बे समयसे अवगत है लेकिन जब भी किसी सरकारने व्यवस्थामें सुधार करनेका प्रयास किया, उसे पीछे हटना पड़ा। इसका नतीजा यह है कि उसके कई युवा धीमी आर्थिक वृद्धि, दबावग्रस्त सार्वजनिक सेवाओं और पहलेकी तुलनामें कहीं कम सहायक कल्याणकारी व्यवस्था वाले भविष्यके लिए अभिशप्त हैं। देशमें व्याप्त राजनीतिक उथल-पुथलको भी इसमें जोड़ दें, जहां अगले साल राष्ट्रपति पदके लिए धुर दक्षिणपंथी और धुर वामपंथी उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं तो फ्रांसमें आने वाले महीनोंमें ऐसी उथल-पुथलकी आशंका है, जो पूरे यूरो क्षेत्रमें फैल सकती है।

फ्रांसको जिस प्रश्नका उत्तर देना होगा और पुलिस बलका प्रदर्शन इसका उत्तर नहीं माना जा सकता, वह यह है कि क्या वह राजकोषीय संयम बरत सकता है। गौर करें-फ्रांसका बजट घाटा उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के पांच प्रतिशतसे अधिक है, जो पिछले वर्ष भारतके ४.४ प्रतिशत और इस वर्षके ४.३ प्रतिशतके लक्ष्यसे अधिक है और छात्रोंकी जरूरतोंको पूरा करनेके लिए अतिरिक्त धन जुटानेकी गुंजाइश बहुत कम रह जाती है। बैल्जियम, पुर्तगालए स्पेन और अल्बानियामें असंतोषके संकेत उभरनेके साथ ही यूरोपीय संघको एक गम्भीर परीक्षाका सामना करना पड़ सकता है। यूरोपीय संघका विकास और स्थिरता समझौता, जो राष्ट्रीय राजकोषीय घाटेको सकल घरेलू उत्पादके तीन प्रतिशततक सीमित करता है, आंशिक रूपसे एक सांझा मुद्रा, यूरोको सक्षम बनानेके लिए एकजुटता हेतु बनाया गया था। आज यह केवल कागजोंपर ही मौजूद है लेकिन यूरो क्षेत्रमें एक एकीकृत मौद्रिक प्राधिकरण है जिसने हालमें मुद्रास्फीतिसे निबटनेके लिए अपनी नीतिगत दरमें वृद्धि की है। महंगा ऋण पूरे यूरोपको प्रभावित करता है, लेकिन फ्रांसीसी बांड अपनी बढ़ती उपज और जोखिम प्रीमियमके कारण विशेष रूपसे प्रभावित करते हैं, जिससे पैरिसके लिए सार्वजनिक व्यय हेतु धन उधार लेना बेहद महंगा हो जाता है।

एआईके बढ़ते इस्तेमालके बीच तेल संकटको देखते हुए, पूंजीकी बढ़ती कीमत एक वैश्विक प्रवृत्ति है। अमेरिका, जिसका कर्ज भी बहुत बढ़ गया है, के पास दो प्रमुख फायदे हैं। पहला, उसकी अर्थव्यवस्थाकी वृद्धि मजबूत है, जिसका श्रेय काफी हदतक एआईको जाता है और फ्रांसकी तरह कमजोर नहीं है। दूसरा, अमेरिकी डालरकी व्यापार और आरक्षित मुद्रा होनेके कारण उसके बांडोंकी वैश्विक मांग बहुत अधिक है, जिससे अमेरिका हर साल भारी घाटा उठा सकता है। चूंकि अन्य देशोंके मामलेमें ऐसा नहीं है, इसलिए जितनी जल्दी वे इसे पहचान कर उसके अनुसार काररवाई करें, उतना ही बेहतर होगा। किसी भी स्थितिमें, अमेरिकी ब्याज दरें भी बढ़ रही हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि यह सिर्फ युद्धके कारण आयी अस्थिरता है या नहींए, क्योंकि डाटा केन्द्रोंसे परे एआई निवेश चक्र ब्याज दरोंको 'लम्बे समयतक उच्च' रख सकता है (यदि कुल बचत इसके साथ तालमेल नहीं बैठा पाती)। जब ऋण अब आसानीसे उपलब्ध नहीं है और कई मोरचोंपर भविष्य अनिश्चित है तो कोई भी देश अपनी वित्तीय सतर्कतामें ढील नहीं दे सकता।

सेंसेक्स-निफ्टी में तेजी



निवेशकों की संपत्ति में 4.23 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी

मुम्बई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 483 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि निफ्टी में 153 अंकों से अधिक की बढ़त दर्ज की गई। बाजार में आई इस तेजी से निवेशकों की संपत्ति में 4.19 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का इजाफा हुआ। हालांकि, वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की आगामी बैठक को लेकर निवेशकों की नजर आगे के बाजार रुख पर बनी हुई है। सोमवार को उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 483 अंक की तेजी के साथ 73,606.75 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक इसी स्तर पर दिन के उच्चतम स्तर पर भी पहुंचा। वहीं, एनएसई का निफ्टी 153.20 अंक बढ़कर 22,753.20 पर बंद हुआ।

पिछले सप्ताह बाजार में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई थी। ऐसे में सोमवार की तेजी से निवेशकों को कुछ राहत मिली। बाजार में सुधार के पीछे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में करीब दो प्रतिशत की गिरावट को एक प्रमुख वजह माना जा रहा है। तेल की कीमतों में कमी से महंगाई और कंपनियों की लागत को लेकर चिंताओं में कुछ राहत मिल सकती है। सोमवार के कारोबार में अडानी पोर्ट्स, एटरनल और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में करीब तीन प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज की गई। ट्रेंट, टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, इंडिगो, आईटीसी, बजाज फिनसर्व और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी दो प्रतिशत तक चढ़े। इसके विपरीत, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में करीब एक प्रतिशत की गिरावट आई। व्यापक बाजार में भी तेजी का रुख रहा। निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक बढ़े। हालांकि, बाजार की अस्थिरता को दर्शाने वाला इंडिया ङ्कढ्ढङ्ग करीब दो प्रतिशत बढ़कर 17.14 पर पहुंच गया। शेयर बाजार में तेजी का असर कुल बाजार पूंजीकरण पर भी दिखाई दिया। बीएसई के आंकड़ों के मुताबिक, शुक्रवार को सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 4,51,83,393.14 करोड़ रुपए था। सोमवार को कारोबार समाप्त होने पर यह बढ़कर 4,56,02,438.15 करोड़ रुपए हो गया। इस तरह एक कारोबारी सत्र में बाजार पूंजीकरण में 4,19,045.01 करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज की गई। बाजार पूंजीकरण में इस बढ़ोतरी को निवेशकों की संपत्ति में हुए इजाफे के रूप में देखा जाता है।

एचडीएफसी बैंक ने इलेक्ट्रिक गाड़ियों के लिए नया फ्लेक्सी इलेक्ट्रिक कार लोन प्रोडक्ट लान्च किया

मुंबई, भारत के प्राइवेट सेक्टर के बड़े बैंक, एचडीएफसी बैंक ने अपनी तरह का पहला फ्लेक्सी इलेक्ट्रिक कार लोन लॉन्च किया है। यह इलेक्ट्रिक गाड़ियों (ईवी) की खरीद को फाइनेंस करने के लिए एक नया ऑटो लोन प्रोडक्ट है। फ्लेक्सी इलेक्ट्रिक कार लोन, ईवी गाड़ी की बॉडी और बैटरी के लिए अलग-अलग लोन देगा। बैटरी लोन को लंबे समय में चुकाया जा सकता है। इससे ईएमआई आउटफ्लो को कस्टमाइज़ करने की फ्लेक्सिबिलिटी मिलेगी। यह लोन अब देश भर में बैंक की 9700 से ज़्यादा ब्रांच में लाइव है। ईवीज का मौजूदा कॉस्ट स्ट्रक्चर, इंटरनल कम्बशन इंजन (आईसीई) गाड़ियों की तुलना में गाड़ियों को खरीदने की कॉस्ट को ज़्यादा बनाता है, क्योंकि बैटरी इलेक्ट्रिक गाड़ी का सबसे महंगा हिस्सा होती है।बैटरी के लिए ईएमआई का हिस्सा आईसीई गाड़ी की रनिंग कॉस्ट के बराबर होगा। यह तरीका बदलते बैटरी सब्सक्रिप्शन मॉडल से भी मेल खाता है जो ईवी ओनरशिप को ज़्यादा आसान और कॉस्ट-इफेक्टिव बना रहे हैं। एचडीएफसी बैंक के रिटेल एसेट्स और रूरल बैंकिंग के ग्रुप हेड श्री अरविंद वोहरा ने कहा कि भारत में ईवी क्रांति तेज़ी से बढ़ रही है जिसे सरकारी इंसेंटिव, बेहतर टेक्नोलॉजिकल माहौल और सही पॉलिसी का सपोर्ट मिल रहा है।

आईसीआईसीआई लाइफ गारंटीशुदा इंडेक्स्ड पेंशन प्लान लान्च

मुंबई -प्रयागराज -गोरखपुर -आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने आईसीआईसीआई लाइफ गारंटीशुदा इंडेक्स्ड पेंशन लॉन्च किया है। यह सेवानिवृत्ति आय से जुड़ा उत्पाद है, जो ग्राहकों को गारंटीशुदा एन्युटी और वेरिएबल एन्युटी का मिश्रण प्रदान करता है। इस सुविधा के तहत गारंटीशुदा आय वाला हिस्सा ग्राहकों को आय में स्थिरता प्रदान करता है, वहीं वेरिएबल वाला हिस्सा इंडेक्स से जुड़ी आय के जरिए उन्हें महंगाई से बचाने में मदद करता है। आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य उत्पाद अधिकारी श्री विकास गुप्ता ने इस लॉन्च केसंबंध में अपनी टिप्पणी में कहा लोगों की जीवन प्रत्याशा बढ़ रही है, ऐसेमें उन्हें लंबी सेवानिवृत्ति अवधि के लिए योजना बनाने की ज़रूरत है। बढ़ते खर्चों और बदलती वित्तीय प्राथमिकताओं को देखते हुए, ऐसे सेवानिवृत्ति समाधान होना बहुत जरूरी है, जो स्थिरता भी प्रदानकरें और साथ ही बाज़ार से जुड़ी आय में वृद्धि की संभावना भी प्रदान करें। इस उत्पाद की मुख्य खूबी यह है कि इसमें ग्राहक 60 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक का हिस्सा गारंटीशुदा एन्युटी के रूप में चुन सकते हैं। शेष हिस्सा निफ्टी 50 टोटल रिटर्न इंडेक्स से जुड़ा होता है, जिससे ग्राहक बाज़ार में भागीदारीकर अपने सेवानिवृत्ति के वृद्धावस्था में आय बढ़ने की संभावना का लाभ उठा सकते हैं।

भारत की पहली महिला प्रो वालीबाल लीग ने तैयार कीं अपनी टीमें

पैडल शुरू से ही उठने लगे और बोली की गर्मी आख़िर तक कम नहीं हुई। स्टीयरिंग कमेटी, वॉलीबॉल फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया से संबद्ध, भारत की पहली पेशेवर महिला वॉलीबॉल लीग, विमेंस प्रो वॉलीबॉल लीग की सीज़न 1 प्लेयर ऑक्शन में छह फ्रैंचाइज़ियों ने कुल 78.85 लाख में 66 खिलाड़ियों को अपने पाले में किया। दांव बड़ा है। हर फ्रैंचाइज़ी का बजट 25 लाख है- 15 लाख नीलामी के लिए, 7 लाख विदेशी खिलाड़ियों के लिए और 3 लाख आइकन खिलाड़ी के लिए। इस तरह लीग का कुल खिलाड़ी बजट 1.5 करोड़ है। हर टीम 14 खिलाड़ियों की होगी, यानी कुलष 84 खिलाड़ी। डब्ल्यूपीवीएल की संस्थापक श्रीमती रितु शाही ने कहा आज भारत की महिला वॉलीबॉल खिलाड़ियों के पास आख़िरकार अपनी लीग है। सीज़न 1 तो बस शुरुआत है। हम एक ऐसी स्थायी राह बनाना चाहते हैं जो हर साल बढ़े और देश भर की युवा लड़कियों को वॉलीबॉल उठाने के लिए प्रेरित करे।

एशियन पेंट्स ने 'तैयारी शुरू, त्योहार शुरू' का जश्न मनाया

वाराणसी, दिवाली की भावना को खूबसूरती से दर्शाते हुए, एशियन पेंट्स ने अपनी संगीतमय विज्ञापन फिल्म 'तैयारी शुरू, त्योहार शुरू' पेश की है। यह फिल्म इस बात का जश्न मनाती है कि दिवाली की शुरुआत घर में होने वाली तैयारियों से ही हो जाती है। दिवाली का उत्साह त्योहार आने से काफी पहले ही शुरू हो जाता है। घर की सफाई और सजावट से लेकर दीवारों पर रंगों की नई परत चढ़ाने तक, हर काम त्योहार की तैयारियों का अहम हिस्सा बन जाता है। जब परिवार के सदस्य, चचेरे-ममेरे भाई-बहन, रिश्तेदार और दोस्त दिवाली के लिए घर सजाने और संवारने में जुटते हैं, तो रोजमर्रा के काम भी हंसी-मजाक और आपसी मेलजोल के खुशनुमा पलों में बदल जाते हैं। यह फिल्म इन्हीं खूबसूरत पलों को सजीव रूप में प्रस्तुत करती है। यह कैंपेन रंगों से भरपूर एक संगीतमय प्रस्तुति के जरिए दिवाली की तैयारियों की रौनक को सामने लाता है।

रुपया शुरुआती कारोबार में पांच पैसे टूटकर 94.98 प्रति डॉलर पर

मुम्बई। पश्चिम एशिया में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और भू-राजनीतिक तनाव के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में सीमित दायरे में कारोबार करते हुए पांच पैसे टूटकर 94.98 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बीच वैश्विक बाजारों में जोखिम लेने से बचने की प्रवृत्ति के कारण रुपए की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। हालांकि, अमेरिकी डॉलर और अमेरिकी कोष बॉन्ड के प्रतिफल में नरमी से रुपये की गिरावट सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.92 प्रति डॉलर पर खुला। बाद में यह और कमजोर होकर 94.98 प्रति डॉलर पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से पांच पैसे कम है। रुपया शुक्रवार को 12 पैसे टूटकर 94.93 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.15 प्रतिशत फिसलकर 101.49 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल का भाव वायदा कारोबार में 1.92 प्रतिशत बढ़कर 114.48 डॉलर प्रति बैरल पर आ गयस। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 536.30 अंक फिसलकर 72,583.86 अंक पर जबकि निफ्टी 200.10 अंक टूटकर 22,402.80 अंक पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 887.65 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

बीआईएस के गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन करने पर जुर्माना

मुम्बई। भारतीय मानक ब्यूरो ने सोमवार को बताया कि महाराष्ट्र, केरल और ओडिशा में अदालतों ने अनिवार्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन करने के मामले में कई कंपनियों पर जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई घटिया गुणवत्ता वाले उत्पादों के विनिर्माण और गुणवत्ता प्रमाणन में धोखाधड़ी के खिलाफ देशव्यापी अभियान के तहत की गई है। अदालतों ने बीआईएस अधिनियम, 2016 के तहत अनिवार्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन करने के मामले में कई कंपनियों पर जुर्माना लगाया है। भारत की राष्ट्रीय मानक संस्था बीआईएस ने विनिर्माताओं, आयातकों और खुदरा विक्रेताओं से गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों (क्यूसीओ), अनिवार्य आईएसआई चिह्न संबंधी आवश्यकताओं तथा सोने की हॉलमार्किंग के प्रावधानों का सख्ती से पालन करने का आग्रह किया। उसने साथ ही आगाह किया कि बीआईएस अधिनियम, 2016 के तहत नियमों का पालन नहीं करना दंडनीय अपराध है। इसके लिए भारी जुर्माना, सामान जब्त किया जाना और कारावास का प्रावधान है। बयान में कहा गया कि अदालतों के ये आदेश बीआईएस की देशव्यापी प्रवर्तन छापेमारी के बाद आए हैं। इन छापेमारी में नियमों का पालन नहीं करने वाले औद्योगिक उत्पादों, बिना हॉलमार्क वाले सोने के आभूषणों और नकली पैकेटबंद पेयजल को निशाना बनाया गया। हाल ही में बड़े वित्तीय जुर्मानों में से एक के तहत महाराष्ट्र के भिवंडी की प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत ने आयातक कंपनी एडोर वेल्डिंग लिमिटेड और उसके 16 निदेशकों एवं अधिकारियों पर अनिवार्य बीआईएस मानकों का उल्लंघन करने के लिए कुल 34 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। केरल के त्रिशूर की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत ने 15 अक्टूबर, 2026 को डीईएमएसी ब्रांड नाम से निर्मित खोखले संरचनात्मक इस्पात खंडों की 162 मीट्रिक टन खेप को जब्त करने का आदेश दिया। अदालत ने वैध लाइसेंस के बिना बीआईएस मानक चिह्न (आईएस 4923) प्रदर्शित करने के लिए न्यू मलयालम स्टील प्राइवेट लिमिटेड और उससे जुड़े दो व्यक्तियों पर भी दो-दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया। इस तरह कुल जुर्माना छह लाख रुपए हुआ। नकली आईएसआई चिह्न तथा बिना हॉलमार्क वाले सोने के संबंध में बीआईएस ने बयान में कहा कि इस अभियान के दायरे में उपभोक्ता वस्तुएं भी शामिल थीं। भिवंडी में श्री समर्थ वाटर सप्लायर्स के मालिक नीलेश जयराम पाटिल को पैकेटबंद पेयजल की थैलियों पर अनधिकृत आईएसआई चिह्न छापने का दोष स्वीकार करने के बाद दोषी ठहराया गया और दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं, ओडिशा के भुवनेश्वर में हिंदुस्तान ज्वेलर्स ने अदालत के आदेश पर तीन लाख रुपये का जुर्माना जमा कराया। यह कार्रवाई बिना हॉलमार्क वाले 138.80 ग्राम सोने के आभूषण जब्त किए जाने के बाद हुई। जब्त आभूषणों में बालियां, चेन, हार, पेंडेंट, कंगन और चूड़ियां शामिल थीं।

बैंकिंग सिस्टम में सेंध का शक

नयी दिल्ली। बैंक में पैसा जमा करने का सबसे बड़ा कारण उसकी सुरक्षा और जरूरत के समय आसानी से रकम निकाल पाने का भरोसा होता है लेकिन बैंकिंग सिस्टम में करोड़ों रुपए के कथित अनधिकृत ट्रांजैक्शन का मामला सामने आया है। मामला मुंबई के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से जुड़ा है, जहां बैंक ने तीन दिनों के भीतर 187 संदिग्ध ट्रांजैक्शन के जरिए 13.96 करोड़ रुपए ट्रांसफर होने की शिकायत की है। बैंक के मुताबिक, यह रकम भारतीय रिजर्व बैंक के पास मौजूद उसके सेटलमेंट अकाउंट से निकाली गई। हालांकि, इस मामले में ग्राहकों के व्यक्तिगत सेविंग अकाउंट से सीधे पैसे कटने की पुष्टि नहीं हुई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ये ट्रांजैक्शन 15 से 17 अक्टूबर के बीच हुए। बैंक की शिकायत के मुताबिक, 15 अक्टूबर को छह, 16 अक्टूबर को 88 और 17 अक्टूबर को 93 ट्रांजैक्शन किए गए। इस तरह कुल 187 ट्रांजैक्शन के जरिए 36 अलग-अलग बैंकों के खातों में करीब 13.96 करोड़ रुपए भेजे गए। बैंक की आंतरिक जांच में इन ट्रांजैक्शन का रिकॉर्ड सामान्य बैंकिंग सिस्टम में नहीं मिला। इनमें शाखाओं के रिकॉर्ड, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, कोर बैंकिंग सिस्टम और आरटीजीएस सेटलमेंट रिकॉर्ड शामिल हैं। शिकायत में आईएफटीएएस के सेंट्रल एफएसएमएस सर्वर तक अनधिकृत पहुंच बनाए जाने की आशंका जताई गई है। आईएफटीएएस, आरबीआई की सहायक कंपनी है। आरबीआई यानी स्ट्रक्चर्ड फाइनेंशियल मैसेजिंग सिस्टम बैंकों के बीच वित्तीय लेनदेन से जुड़े संदेशों के सुरक्षित आदान-प्रदान में मदद करता है। यदि भुगतान से जुड़े सिस्टम तक अनधिकृत पहुंच बनाई गई है, तो यह बैंकिंग सुरक्षा के लिहाज से गंभीर मामला हो सकता है। हालांकि, घटना के कारण और जिम्मेदार लोगों को लेकर अंतिम निष्कर्ष जांच के बाद ही सामने आएगा। फिलहाल उपलब्ध जानकारी के आधार पर ग्राहकों के व्यक्तिगत खातों से सीधे रकम कटने की पुष्टि नहीं हुई है। इसलिए घबराकर खाता बंद करने की जरूरत नहीं है। फिर भी, ग्राहकों को अपने बैंक स्टेटमेंट और ट्रांजैक्शन अलर्ट नियमित रूप से जांचने चाहिए। किसी भी अनजान लेनदेन की जानकारी मिलने पर तुरंत बैंक को सूचित करें। ओटीपी एटीएम, पिन और इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें।

सैनडिस्क 320 साटा एसएसडी और सैनडिस्क 520 साटा एसएसडी

रोज़मर्रा के पीसी अपग्रेड से लेकर क्रिएटिव और प्रोडक्टिविटी वर्कफ़्लो को पावर देने तक

नई दिल्ली, जैसे-जैसे एप्लिकेशन, मीडिया फ़ाइलों और डिजिटल वर्कलोड के लिए अधिक स्टोरेज और डेटा तक तेज़ एक्सेस की मांग बढ़ रही है, सैनडिस्क के नए साटा एसएसडी पीसी के परफॉर्मेंस और क्षमता को अपग्रेड करने का एक व्यावहारिक तरीका पेश करते हैं। नए ड्राइव 2.5-इंच फॉर्म फैक्टर के साथ सॉलिड-स्टेट परफॉर्मेंस को जोड़ते हैं, जो इन्हें मौजूदा कंपैटिबल सिस्टम को अपग्रेड करने के लिए उपयुक्त बनाता है। सैनडिस्क 520 साटा एसएसडी और सैनडिस्क 320 साटा एसएसडी को कई तरह की कंप्यूटिंग ज़रूरतों के लिए डिज़ाइन किया गया है। सैनडिस्क 320 साटा एसएसडी 3-साल की सीमित वारंटी के साथ आता है।यह भारत के रिटेल स्टोर्स में 5,700 रुपये की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है।सैनडिस्क 520 साटा एसएसडी- आईटी प्रोफ़ेशनल्स, कंटेंट क्रिएटर्स और प्रोज्यूमर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है ताकि इंटेंसिव क्रिएटिव और प्रोडक्टिविटी वर्कफ़्लो को सपोर्ट किया जा सके।

अब रेलवे काउंटर से टिकट लेने पर भी मिलेगा 10 लाख तक का बीमा

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भारतीय रेलवे ने एक बड़ा कदम उठाया है। 27 अक्टूबर से रेलवे के पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (क्कक्रस्) काउंटर यानी खिड़की से रिजर्व टिकट बुक कराने वाले यात्रियों के लिए भी %ऑप्शनल ट्रैवल इंश्योरेंस स्कीम% (ह्रञ्जढ्ढस्) शुरू कर दी गई है। रेलवे बोर्ड ने इस संबंध में सभी जोनल रेलवे को जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दे दिए हैं। यह फैसला %यूनियन ऑफ इंडिया बनाम राधा यादव% मामले में सुप्रीम कोर्ट के 6 अक्टूबर के आदेश के बाद लिया गया है।

इस योजना के तहत यात्री मात्र 45 पैसे प्रति यात्री का प्रीमियम देकर यह बीमा चुन सकते हैं। इस बीमा योजना में मिलने वाली मुख्य सुविधाएं इस प्रकार हैं- इस पॉलिसी में स्थायी आंशिक विकलांगता के लिए 7.5 लाख रुपये, अस्पताल में भर्ती होने के खर्च के लिए 2 लाख रुपये तक, और शव को ले जाने के लिए 10,000 रुपये तक की सुविधा भी शामिल है। रेलवे बोर्ड के अनुसार, यह बीमा पूरी तरह से वैकल्पिक (ऑप्शनल) रहेगा, और टिकट बुक करने से पहले रिजर्वेशन स्टाफ को यात्रियों को इस सुविधा के बारे में बताना होगा। रेलवे बोर्ड ने साफ किया है कि यह बीमा पूरी तरह से वैकल्पिक (ऑप्शनल) है यानी यात्री की मर्जी पर निर्भर करेगा। टिकट काउंटर पर बुकिंग करते समय रिजर्वेशन स्टाफ की जिम्मेदारी होगी कि वे यात्रियों को इस बीमा सुविधा के बारे में बताएं, ताकि

एआई कंपनियों से कमाई बढ़ाने की तैयारी में टाटा कम्युनिकेशंस

10,000 किमी के नेटवर्क पर लगाएगी अरबों

नयी दिल्ली। टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा कम्युनिकेशंस भारत में एआई और डेटा सेंटर की बढ़ती जरूरत को पूरा करने के लिए बड़ा निवेश करने जा रही है। कंपनी अगले 3 से 5 साल में 400 से 450 मिलियन डॉलर यानी करीब 3,500 से 4,000 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करेगी। इस रकम से देश में 10,000 किलोमीटर लंबा फाइबर नेटवर्क बनाया जाएगा। कंपनी के मुताबिक, इस नेटवर्क की क्षमता 7.2 पेटाबाइट होगी। इसके जरिए देश के बड़े डेटा सेंटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई केंद्रों को जोड़ा जाएगा। कंपनी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि यह भारत के सबसे बड़े एआई के लिए तैयार नेटवर्क में से एक होगा। टाटा कम्युनिकेशंस इस नेटवर्क को तीन चरणों में तैयार करेगी। पहले चरण में मुंबई, पुणे, हैदराबाद और चेन्नई को जोड़ा जाएगा। ये शहर एआई और बड़े डेटा सेंटर के विकास के लिहाज से अहम हैं। यहां प्रमुख समुद्री केबल केंद्र भी हैं, जहां से अंतरराष्ट्रीय इंटरनेट नेटवर्क जुड़ते हैं। दूसरे चरण में हैदराबाद, विशाखापत्तनम और चेन्नई के बीच नेटवर्क का विस्तार किया जाएगा। तीसरे चरण में भुवनेश्वर, विशाखापत्तनम, बेंगलुरु, चेन्नई, मुंबई, अहमदाबाद और जामनगर को जोड़ा जाएगा। इससे देश के पूर्वी तट और पश्चिमी भारत में डेटा सेंटर से जुड़ी सुविधाओं का विस्तार होगा। इसमें गुजरात की गिफ्ट सिटी जैसे अहम केंद्र भी शामिल हैं। एआई से जुड़े काम में बहुत ज्यादा डेटा का इस्तेमाल होता है। ऐसे में डेटा सेंटरों के बीच तेज कनेक्शन और कम देरी वाला नेटवर्क जरूरी होता है। कंपनी का कहना है कि पुराने नेटवर्क से एआई की बढ़ती जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो सकता है। टाटा कम्युनिकेशंस के रूष्ठ और CEO गणेश लक्ष्मीनारायणन ने कहा कि भारत में डेटा सेंटरों को आपस में जोड़ने का कारोबार आने वाले कुछ साल में 1 अरब डॉलर से बड़ा बाजार बन सकता है। कंपनी का कहना है कि नया नेटवर्क उसे इस बढ़ते बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने में मदद करेगा। इससे एआई कंपनियों, बड़े क्लाउड सेवा देने वालों और अन्य कारोबारों को अपने डेटा सेंटर जोड़ने के लिए बेहतर सुविधा मिल सकेगी। कंपनी के नेटवर्क कारोबार के प्रमुख रूपेश चोकशी के मुताबिक, इस निवेश के लिए कंपनी अपने कारोबार से होने वाली नकदी का इस्तेमाल करेगी। कंपनी ने बताया कि सितंबर 2026 को खत्म हुई चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में उसे कारोबार से 1,562 करोड़ रुपये की नकदी मिली। वित्त वर्ष 2026 में यह रकम 4,479 करोड़ रुपये थी। सितंबर 2026 को खत्म तिमाही में कंपनी ने 335.6 करोड़ रुपये का मुनाफा और 6,704 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया। चोकशी ने कहा कि जैसे-जैसे फाइबर नेटवर्क चालू होगा और उसकी क्षमता का इस्तेमाल शुरू होगा, वैसे-वैसे कमाई और मुनाफे में सुधार होगा। कंपनी को वित्त वर्ष 2028 से 2029 के आसपास इस निवेश से अच्छी कमाई मिलने की उम्मीद है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर

पत्रांक- 4861/53एम0-मी0वृत्त/2026-27 दिनांक - 16.10.2026

अल्पकालीन राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मिक बिडिंग
(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

1. महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर द्वारा उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत कालम-13, ठेकेदारों से अधोलिखित कार्य के लिए आईटम रेट के आधार पर ऑन-लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई0टी0बी0 की धारा-4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है।

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	अनुरक्षण लागत (रू0 लाख में)	कुल लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जी0एस0टी0	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदार का पंजीकरण श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
स्वीकृति की प्रत्याशा में राज्य योजनान्तर्गत प्रमुख/अन्य जिला मार्गो के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के नये कार्य (बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार)												
1	मीरजापुर	जनपद मीरजापुर में लहंगपुर-दुबार-बरकछ-पचोखर-हलिया मार्ग (अ0जि0मा0) चै0-0.000 से चै0-16.000 तक (लम्बाई 16.000 किमी0) चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण सहित)	1946.00	49.13	1995.13	30.00	निविदा मूल्य 300.00 + 2000.00 जी0एस0टी0 ... कुल रू0 2720.00 मात्र।	12 माह	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मीरजापुर।	मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर।	मुख्य अभियन्ता, मीरजापुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, मीरजापुर।	A

2. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं0-9 के अनुसार होगी।
3. निविदा की बैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 120 दिवस होगी।
4. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात् वापस नहीं ली जा सकती।
5. बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये गलाई गयी है।
6. ई-निविदा सूचना एवं विड डाक्यूमेंट (SBD) आन लाईन दिनांक 30.10.2026 से दिनांक 19.11.2026, 12:00 बजे अपरान्ह तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर उपलब्ध है जो आन लाईन (http://e-tender.up.nic.in) पर ही सबमिट किया जायेगा।
7. यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई-टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर ही सर्वजनिक की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी विड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

नोट :- ई-निविदा की समस्त शर्ते ई-टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर देखी जा सकती है।

(अशोक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
मीरजापुर

(डी0के0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0
मीरजापुर

उ.प्र.-259502, दिनांक-26.10.2006
वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। निर्यातकों की मांग सुस्त पड़ने से बासमती चावल के भाव 100 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। दाल मिलों की मांग कमजोर होने से दहलनों में उड़द, मूंग, अरहर की कीमतों में 100 रुपये की नरमी रही। जबकि हाजिर में माल की कमी के कारण चने के भाव 175 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। आटा मिलों की मांग घटने से गेहूं में भी 10 रुपये की नरमी रही। जबकि आवक कमजोर होने से त्योहारी मांग निकलने तथा बिकवाली कमजोर होने से चीनी, गुड़ व शक्कर की कीमतों में 100/200 रुपये क्विंटल की तेजी रही। ग्राहकी निकलने से खाद्य तेलों में सरसों व इसके तेल के भाव 100 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। जबकि उठाव न होने से अरंडी तेल में 50 रुपये की नरमी रही। किराना जिंसों में मांग बढने् से काली मिर्च, मगजतरबूज व बड़ी इलायची के भाव 5/50 रुपये प्रति किलो बढ़ गए। सीमित बिकवाली से हल्दी की कीमतों में भी 100 रुपये क्विंटल की तेजी रही। मेवों में मांग बढने् से चिलगोजा के भाव 100 रुपये प्रति किलो बढ़ गए।

अनाज-दाल

फ्लोर मिलों की मांग कमजोर होने से गेहूं 5/10 रुपये मुलायम होकर मिल डिलीवरी 3130/3135 रुपये तथा चक्की पहुंच के भाव 3140/3150 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। निर्यात मांग कमजोर होने से बासमती चावल 100 रुपये घटकर 1509 सेला 8200/8300 रुपये तथा स्टीम 8500/8600 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। दाल मिलों की मांग कमजोर होने से उड़द 50/100 रुपये मुलायम होकर रंगूनी एफएक्यू 9800/9810 रुपये तथा एसक्यू 10140/10150 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। यूपी के उड़द के भाव भी 9100/9400 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। मूंग भी लिवाली कमजोर होने से 100 रुपये घटकर राजस्थान की 8500/8700 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। आयातकों की बिकवाली से रंगूनी अरहर भी 50/100 रुपये घटकर 9840/9850 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। महाराष्ट्र का काबली चना भी मांग सुस्त पडने् से 100 रुपये घटकर 8200/8500 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। जबकि निचले स्तर पर दाल मिलों की मांग बढने् तथा बिकवाली कमजोर होने से राजस्थानी चना 175 रुपये बढक़र 7475/7500 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। इसके समर्थन में चना दाल भी 150 रुपये बढक़र 8500/8850 रुपये प्रति क्विंटल हो गई।

तेल-तिलहन

त्योहारी मांग निकलने तथा आपूर्ति कमजोर होने से सरसों तेल 100 रुपये बढक़र



17950 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। तेल मिलों की मांग बढने् तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से सरसों भी 100 रुपये बढक़र 9050/9100 रुपये प्रति क्विंटल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। आपूर्ति कमजोर होने से तिल तेल के भाव 20100 रुपये तथा बिनौला तेल के भाव 14900 रुपये प्रति क्रिंटल पर मजबूत रहे। जबकि ब्लैंडिंग वालों की मांग कमजोर होने से राइसब्रान ऑयल 50 रुपये मुलायम होकर 12650 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। वनस्पति घी निर्माताओं की मांग सुस्त पडने् से कांदला में क्रूड पॉम ऑयल के भाव भी 50 रुपये घटकर 11850 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। साबुन निर्माताओं की मांग कमजोर होने से सोया एसिड ऑयल के भाव 50 रुपये घटकर 9700/9750 रुपये प्रति क्विंटल रह गए।

गुड़-चीनी

दीपावली की मांग बढने् तथा हाजिर में माल की कमी के कारण मिलों द्वारा भाव बढ़ाकर सेल दिए जाने से चीनी 100/200 रुपये बढक़र मिल डिलीवरी 5300/5650 रुपये तथा हाजिर में इसके भाव 5800/6100 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। महाराष्ट्र में भी बिकवाली कमजोर होने के कारण चीनी की कीमतों में तेजी का रुख रहा। उत्तर प्रदेश की मंडियों से आवक न बढने् तथा मांग बढने् से गुड़ के भाव 100 रुपये बढक़र पेड़ी 5000/5100 रुपये, चाकू 5400/5500 रुपये तथा ढैया के भाव 5300/5400 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। बिकवाली कमजोर होने से शक्कर 100 रुपये बढक़र 5900/6000 रुपये तथा खांडसारी के भाव 6100/6200 रुपये प्रति क्विंटल हो गए।

किराना-मेवे

ग्राहकी निकलने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली से हल्दी 100 रुपये बढक़र ईरोड गट्ठा 100 रुपये बढक़र 23400/23500 रुपये तथा सेलम फली के भाव 24300/29700 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। मगजतरबूज भी बिकवाली कमजोर होने से 5 रुपये बढक़र 635/640 रुपये तथा काली मिर्च के भाव 825/875 रुपये प्रति किलो हो गए। बड़ी इलायची भी मांग बढने् से 30/50 रुपये बढक़र 1650/1680 रुपये प्रति किलो हो गई। मेवों में बिकवाली कमजोर होने से चिलगोजा रोस्टिड 100 रुपये बढक़र 3900/4200 रुपये प्रति किलो हो गया।

सर्राफा

विदेशों के तेज समाचार आने से सोने के भाव 400 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ गए। चांदी में भी पूछपरख बढने् से स्थिरता रही।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मांग बढने् से सोना 15 डॉलर बढक़र 4010 डॉलर प्रति ओंस हो जाने तथा बिकवाली कमजोर होने से सोना 400 रुपये बढक़र किलोबार 145300 रुपये तथा स्टैंडर्ड 146000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। 8 ग्राम वाली गिन्नी भी बिकवाली कमजोर होने से 109000 रुपये पर मजबूत रही। विदेशों में चांदी के भाव 20 सेंट बढक़र 5410 सेंट प्रति ओंस हो जाने तथा औद्योगिक मांग निकलने से चांदी हाजिर में भाव 202000 रुपये प्रति किलो पर मजबूत रहे।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
कनहर निर्माण मण्डल, पिपरी-सोनभद्र

निविदा सूचना
ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यो की निविदा सूचना
निविदा सूचना संख्या-07/एस.ई/2026-27

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य की ऑन लाइन प्री-क्वालीफिकेशन टेक्नीकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड http://etender.up.nic.in के माध्यम से किसी राज्य सरकार या केन्द्र सरकार के किसी विभाग/निगम/बोर्ड में निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत सिविल कार्यो में दक्ष एवं टनल सम्बन्धी कार्यो का अनुभव रखने वाले ठेकेदारो से निम्न तालिकाओं के अनुसार आमंत्रित की जाती हैं। प्री-क्वालीफिकेशन टेक्नीकल बिड दिनांक 18.11.2026 को 15:00 बजे अधीक्षण अभियन्ता कनहर निर्माण मण्डल, पिपरी-सोनभद्र के कार्यालय में निर्धारित समिति द्वारा ऑनलाईन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की स्थिति में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

प्री-क्वालिफिकेशन बिड में उपयुक्त पाये गये निविदाताओं के फाइनेन्शियल बिड खोलने की तिथि कुल प्राप्त निविदाओं के आधार पर नोटिस बोर्ड/ई-पोर्टल पर सूचित की जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधीक्षण अभियन्ता, कनहर निर्माण मण्डल, पिपरी-सोनभद्र/टेण्डर समिति का होगा।

तालिका सं0-01

लाट सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए) (रू0 लाख में)	धरोहर राशि (लाख रू0 में) I.N.R.	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित)	निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 में (अतिरिक्त कर सहित) I.N.R.	न्यूनतम पंजीकृत श्रेणी	सम्बन्धित खण्ड
1	2	3	4	5	6	7	
1.	Construction of Tunnel From Km. 3.875 to 4.500 and Earthwork for making Canal Section from Km 3.635 to Km 3.875 and Km 4.500 to Km 4.700 of Gajarawakhadi Dy..	1086.47	21.73	6 माह	2000.00 + जी0एस0टी0	AA श्रेणी	कनहर निर्माण खण्ड- 1 पिपरी-सोनभद्र

तालिका सं0-02 महत्वपूर्ण तिथियॉं

S.No.	Particulars	Date	Time
1.	Uploading of Tender on Website	29.10.2026	12:00 hr.
2.	Bid Submission Start	29.10.2026	15:00 hr.
3.	Bid Submission End	18.11.2026	14:00 hr.
4.	Technical Bid Opening	18.11.2026	15:00 hr.
5.	Financial Bid Opening	Date and place to be decided after technical bid evaluation and will be communicated on-line to successful bidders in technical bid.	-

इस निविदा/बिड की सूचना/विवरण/शर्ते उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.up.nic.in पर भी उपलब्ध है।

उ.प्र.-259450
दिनांक-26.10.2026

(सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय)
अधीक्षण अभियन्ता

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

अयोध्यामें आवास योजनाओंके लिए जमीन अधिग्रहण को कोर्टमें चुनौती

नयी दिल्ली (आससे.)। अयोध्या में आवास योजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण को चुनौती पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है. यह याचिका श्री सरयू नगर विकास समिति नाम की संस्था ने दाखिल की है. संस्था ने जमीन अधिग्रहण में सही नियमों का पालन न किए जाने का मुद्दा उठाया है. उसका कहना है कि सही तरीके से अधिग्रहण न होने के चलते ज़मीन मालिकों को बेहतर मुआवजे और पुनर्वास जैसी सुरक्षा वंचित होना पड़ा. चीफ जस्टिस सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली 3 जजों की बेंच के सामने चली लगभग 25 मिनट की सुनवाई के दौरान एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने अधिग्रहण प्रक्रिया का बचाव किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में हो रहे विकास पर दुनियाभर की निगाह है. बड़ी संख्या में लोग वहां धार्मिक यात्रा के लिए आ रहे हैं. उनके लिए होटल समेत दूसरी सुविधाएं ज़रूरी हैं बहस के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायण ने कहा कि किसानों की उपजाऊ जमीन ली जा रही है. इन ज़मीनों पर एक से ज़्यादा फसलें होती हैं. किसानों को भूखा क्यों रखा जाए? सरकार को पहले अधिग्रहण के प्रभाव का सही अनुमान लगाना चाहिए.मामला उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद की ओर से अयोध्या में 2020 में किए गए लगभग 450 एकड़ जमीन के अधिग्रहण से जुड़ा है. याचिकाकर्ता का कहना है कि राज्य सरकार ने 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून की बजाय उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद कानून, 1965 के तहत जमीन का अधिग्रहण किया. 2013 के कानून में अधिग्रहण के असर के आकलन, मुआवजे और पुनर्वास की बेहतर व्यवस्था है. लोगों को उसका लाभ मिलना चाहिए था.इस साल अप्रैल में इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रथमदृष्टया याचिकाकर्ता की दलील को विचार योग्य कहा था. बेंच ने अधिग्रहण की कार्रवाई पर रोक लगाते हुए यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था. हाई कोर्ट ने कहा था कि 1965 के कानून के तहत अधिग्रहण की प्रक्रिया जमीन मालिकों के लिए कम फायदेमंद हो सकती है. हालांकि, सितंबर 2026 में हाई कोर्ट ने इस रोक को हटा लिया. हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि 2013 का भूमि अधिग्रहण कानून एक केंद्रीय कानून है. 1965 का कानून राज्य का कानून है, जिसका मुख्य उद्देश्य आवास और शहरी विकास है. दोनों कानून एक-दूसरे के खिलाफ नहीं हैं. हाई कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि भले ही 1965 के कानून के तहत ज़मीन का अधिग्रहण किया गया है, लेकिन उसका मुआवजा और पुनर्वास 2013 के कानून में तय मानकों के मुताबिक किया जाए. इस फैसले पर असंतोष जताते हुए याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

संक्षिप्त समाचार

जेल में बंद कैदियों के मानवाधिकार पर मंथन

लखनऊ। प्रदेश की जेलों में बंद कैदियों के मानवाधिकार, स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन को लेकर बड़ी बैठक हुई। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष प्रतिवेदक उपेन्द्र सिंह बघेल और महानिदेशक कारागार पी.सी. मीना के बीच कारागार प्रशासन को और अधिक संवेदनशील बनाने पर चर्चा हुई। बैठक में डीआईजी कारागार प्रदीप गुप्ता ने प्रेजेंटेशन के जरिए बताया कि यूपी की जेलों में बंदियों के स्वास्थ्य, कौशल विकास, मानसिक स्वास्थ्य, भोजन और अन्य बुनियादी सुविधाओं के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि महिला बंदियों, उनके साथ रह रहे छोटे बच्चों, बुजुर्ग और दिव्यांग कैदियों की विशेष जरूरतों को ध्यान में रखकर अलग व्यवस्थाएं की जा रही हैं। जेलों को सिर्फ सजा की जगह नहीं, बल्कि सुधार और पुनर्वास का केंद्र बनाने पर जोर दिया जा रहा है।एनएचआरसी के विशेष प्रतिवेदक उपेन्द्र सिंह बघेल ने कहा कि जेल में बंद हर व्यक्ति के साथ गरिमा और मानवीय संवेदनशीलता के साथ पेश आना सबसे जरूरी है। उन्होंने यूपी की जेलों में बंदियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार और सीसीटीवी के जरिए निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने के प्रयासों की सराहना की।बैठक में जेलों को अधिक सुरक्षित, मानवीय और सुधारोन्मुख बनाने पर विस्तार से मंथन हुआ। इस दौरान वरिष्ठ अधीक्षक कारागार रंग बहादुर पटेल समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

यूपी बोर्ड : ७५२६ केंद्रो पर आयोजित होगी परीक्षा

लखनऊ (आससे.)। माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा इस बार 7526 परीक्षा केंद्र पर आयोजित होगी।भगवती सिंह सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जानकारी देते हुए बताया कि यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र निर्धारण की कार्रवाई अंतिम तौर पर जारी कर दी गई है। प्रदेश के 862 राजकीय, 3276 ऐडेड इंटर कॉलेज तथा 3388 स्ववित्त पोषित विद्यालयों को यूपी बोर्ड परीक्षा के आयोजन के लिए प्रस्तावित किया गया है। चयनित परीक्षा केदो के आवंटन के संबंध में विद्यालय प्रबंधक, प्रधानाचार्य छात्र साक्ष्य सहित 28 अक्टूबर तक अपनी आपत्ति माध्यमिक शिक्षा परिषद में दर्ज कर सकते हैं। प्रदेश में सर्वाधिक परीक्षा केंद्र प्रयागराज में 269 बनाए गए हैं ।वहीं सबसे कम परीक्षा केंद्र जनपद महोबा में 29 निर्धारित किए गए हैं। भगवती सिंह सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जानकारी देते हुए बताया की राजधानी लखनऊ में 127, उन्नाव में 122, रायबरेली में 108, कानपुर नगर में 116, कानपुर देहात में 73, प्रतापगढ़ में 164, चित्रकूट में 41, बांदा में 67, हमीरपुर में 40, ललितपुर में 50, झांसी में 65 तथा जालौन में 64 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। चर्चित गाजीपुर जनपद में 187, जौनपुर में 181, भदोही में 81, मिर्जापुर में 104 तथा सोनभद्र में 66 परीक्षा केदो पर यूपी बोर्ड परीक्षा आयोजित की जाएगी।

प्रधानमंत्री ने ब्राजील के राष्ट्रपति चुनाव में जीत के लिए लुइज़ इनासियो लूला डा सिल्वा को बधाई दी

नयी दिल्ली (आससे.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा को उनके दोबारा निर्वाचित होने पर बधाई दीहै। साथ ही प्रधानमंत्री ने भारत-ब्राजील की बहुआयामी रणनीतिक साझेदारीको और गहरा तथा व्यापक बनाने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्?स पर एक पोस्ट में लिखा कि मेरे प्रिय मित्र, राष्ट्रपति लूला को उनके शानदार पुनर्निर्वाचन पर हार्दिक बधाई। मैं भारत-ब्राजील की बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी को और गहरा और व्यापक बनाने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्सुक हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में अपने सहयोग को मजबूत करना जारी रखेंगे, श्ग्लोबल साउथश् की साझा प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाएंगे और अधिक समावेशी, न्यायसंगत तथा स्थायी दुनिया की दिशा में काम करेंगे।

आशीष मिश्रा को परिवार संग दिवाली मनाने की अनुमति


नयी दिल्ली (आससे.)। सुप्रीम कोर्ट ने लखीमपुर खीरी किसान हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त आशीष मिश्रा को परिवार के साथ दिवाली मनाने के लिए लखनऊ स्थित अपने पैतृक घर जाने की अनुमति दे दी है। बार एंड बेंच के अनुसार, यह अनुमति 24 मार्च 2025 के आदेश में निर्धारित शर्तों के अधीन दी गई है। मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने मुकदमे की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अभियोजन पक्ष को निर्देश दिया कि गवाहों की अदालत में उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि सुनवाई में अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिरह में जल्दबाजी नहीं होनी चाहिए और किसी भी महत्वपूर्ण साक्ष्य को दर्ज किए बिना नहीं छोड़ा जाना चाहिए।पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा को नौ अक्टूबर 2021 को करीब 12 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था। उन पर लखीमपुर खीरी के तिकुनिया में किसानों को गाड़ी से कुचलने के मामले में हत्या, गैर इरादतन हत्या और हत्या की साजिश सहित अन्य आरोपों के तहत मुकदमा दर्ज है।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुरः** बैंक रोड, **प्रयागराजः 3**,लीडर रोड, **कानपुरः** बांसमण्डी, **झांसीः** झोंकन बाग, **लखनऊः 1**,जापलिंग रोड, **आगराः** महात्मा गांधी रोड, **बरेलीः** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटनाः** फ्रेजर रोड, **रांचीः** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुरः** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022462
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोनः- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
W ebsite : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

यूपी : अनलिमिटेड पोटेंशियल का स्टेट, प्रगति-गति से दे रहा जवाब-योगी

लखनऊ (आससे.) । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश का मतलब पूछने वालों को अब प्रदेश की प्रगति और विकास की गति से जवाब मिल रहा है। उत्तर प्रदेश 'अनलिमिटेड पोटेंशियल' यानी असीमित संभावनाओं वाला प्रदेश है, जो निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर, तकनीक, उद्योग, रोजगार और नवाचार के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। एक समय निवेशक लखनऊ आने से इनकार कर देते थे, लेकिन नए उत्तर प्रदेश में ?50 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जिनमें ?15 लाख करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है और साढ़े सात लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव इसके लिए तैयार हैं। प्रदेश में 36 सेक्टोरल पॉलिसी हैं और सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को जीसीसी, आधुनिक तकनीक और उच्च कौशल वाले रोजगार का प्रमुख केंद्र बनाना है।मुख्यमंत्री सोमवार को राजधानी में जीसीसी इनोवेशन समिट 2026 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 10 वर्ष पहले लखनऊ में जीसीसी समिट की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। वर्ष 2015-16 में उत्तर प्रदेश में इन्वेस्टर समिट होना था, लेकिन एक भी इंडस्ट्री लीडर लखनऊ आने को तैयार नहीं हुआ। निवेशकों ने शहर की खतरनाक छवि का हवाला देकर आने से इनकार कर दिया। नतीजतन, उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए समिट दिल्ली के पांच सितारा होटल में आयोजित करना पड़ा। उस समय प्रदेश की पहचान उपद्रव, अराजकता, माफिया के वर्चस्व और पॉलिसी पैरालिसिस से थी।



जब व्यक्ति सुरक्षित नहीं था तो पूंजी कैसे सुरक्षित होती? इसी अकर्मण्यता और अव्यवस्था ने उत्तर प्रदेश को बीमारू बना दिया था। युवाओं के लिए नौकरी नहीं थी, व्यापारियों को सुरक्षा नहीं थी, सूर्यास्त के बाद महिलाएं घर से बाहर नहीं निकल सकती थीं और बेटियां स्कूल नहीं जा सकती थीं। मुख्यमंत्री ने तत्कालीन सरकार के कुछ एमओयू पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्हें देखकर लोग हंसेंगे। उस समय की सरकार को अंग्रेजी के 'ह्नऋ' और हिंदी के 'और' में भी अंतर नहीं महसूस होता था।मुख्यमंत्री ने बताया कि 2017 में सरकार बनने के बाद औद्योगिक विकास मंत्री और अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त इन्वेस्टर समिट की तैयारी को लेकर उनसे मिले। जब अधिकारियों ने समिट का नाम ग्लोबल इन्वेस्टर समिट और निवेश लक्ष्य ?20 हजार करोड़ बताया तो उन्होंने पूछा कि लक्ष्य इतना कम है तो नाम ग्लोबल क्यों रखा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लखनऊ इन्वेस्टर समिट नाम रखिए या लक्ष्य को ग्लोबल स्तर का बनाइए। तब अधिकारियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कौन निवेश करेगा। मुख्यमंत्री ने उनसे पहले तैयारी करने, पॉलिसी व लैंड बैंक बनाने को कहा। उन्होंने लक्ष्य की निचली सीमा ?2 लाख करोड़ रखने का निर्देश दिया और रोड शो की तैयारी करने को कहा। पहले इन्वेस्टर समिट में ?4.65 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले। आज प्रदेश में ?50 लाख करोड़ से अधिक के प्रस्ताव हैं, ?15 लाख करोड़ की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है और साढ़े सात लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं तैयार हैं।

प्रयागराज : किसानों की समस्याओं पर गरजे राकेश टिकैत

प्रयागराज (आससे.)। भारतीय किसान यूनियन की ओर से प्रयागराज के मुंडेरा में किसान क्रांति महापंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने किसानों की समस्याओं को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने खाद, बिजली और पानी की उपलब्धता का मुद्दा उठाते हुए किसानों को हो रही परेशानियों पर चिंता जताई।चौधरी राकेश टिकैत ने आरोप लगाया कि सरकार जमीन अधिग्रहण के नाम पर किसानों की जमीन ले रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। इससे खेती के प्रति किसानों का मोहभंग हो रहा है। कहा कि सरकार किसानों को खास तौर पर युवाओं को खेती से दूर करने का प्रयास कर रही है। टिकैत ने आशंका जताई कि ऐसी परिस्थितियों में किसान खेती को घाटे का सौदा मानकर अपनी जमीन उद्योगपतियों को कम कीमत पर बेचने के लिए मजबूर हो सकते हैं।

विपक्ष के झूठे और दोहरे मानदण्ड को जनता के बीच उजागर करेगी भाजपा-धर्मपाल सिंह

लखनऊ (आससे.)। भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ अभियान चलाकर संवैधानिक मूल्यों तथा चुनावी प्रक्रियों के संबंध में विपक्ष के झूठे राजनैतिक एजेंडे और दोहरे मानदण्ड को जनता के बीच पहुंचकर उजागर करेगी। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने सोमवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में अभियान की प्रदेश टोली की बैठक का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि भाजपा लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ अभियान के द्वारा विपक्ष के आधारहीन विरोध प्रदर्शनों का उत्तर देगी।प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा 6 क्षेत्रों में पदयात्राएं निकालेगी। पदयात्राओं के माध्यम से विपक्ष की देश विरोधी राजनीति, सत्ता परिवर्तन के खतरनाक एजेंडे, देश को अस्थिर करने के खतरनाक मंसूबों को जनता के समक्ष प्रस्तुत करेगी और राष्ट्रीय एकता, संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्यों के माध्यम से जनता को एकजुट करेगी। भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मोर्चा-प्रकोष्ठ पदाधिकारी, संत, महात्मा, व्यापारी, शिक्षक, अधिवक्ता, चिकित्सक, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठन, भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक लोकतंत्र की हुंकार और अराजकता की हार के संकल्प के साथ पदयात्रा पर निकालेगें। अवध क्षेत्र की पदयात्रा 3 नवम्बर को लखनऊ में निकलेगी। काशी क्षेत्र की पदयात्रा प्रयागराज में 4 नवम्बर तथा गोरखपुर क्षेत्र की पदयात्रा गोरखपुर में 4 नवम्बर को निकलेगी। कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र की पदयात्रा कानपुर में 4 नवम्बर को तथा पश्चिम क्षेत्र की गाजियाबाद और बृज क्षेत्र की पदयात्रा बरेली में 5 नवम्बर को निकलेगी।बैठक में प्रदेश महामंत्री एवं अभियान के संयोजक दिलीप पटेल ने अभियान की तैयारियों की विस्तृत चर्चा की। बैठक में अभियान टोली के सह संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका सिंह रावत, नीरज सिंह, प्रदेश मंत्री अंकुर शर्मा, पदयात्रा प्रमुख एवं प्रदेश महामंत्री संजय राय सहित प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी, रमेश सिंह, प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान, गीता शाक्य, अभिजात मिश्रा, प्रदेश मंत्री अवधेश श्रीवास्तव, महामेधा नागर, दीपमाला संतोषी, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा रोहित मिश्रा, प्रदेश मीडिया संयोजक मनीष दीक्षित, सह संयोजक हिमांशु दुबे, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक हिमांशु राज पंडित, क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरन लाल लोधी, अवधेश द्विवेदी, अशोक चौरसिया, विनोद राय एवं राम किशोर साहू उपस्थित रहे।

चक्रवात 'अर्णब' को लेकर यूपी में अलर्ट, राहत-बचाव की तैयारियों में जुटी योगी सरकार

लखनऊ (आससे.) । चक्रवात 'अर्णब' के संभावित प्रभाव से उत्तर प्रदेश में 28 से 31 अक्टूबर के बीच बेमौसम बारिश, गरज-चमक और तेज हवाएं चलने की आशंका है। इसको देखते हुए योगी सरकार अलर्ट हो गई है। मौसम पूर्वानुमान को देखते हुए उत्तर

यूपी में २८ से ३१ अक्टूबर तक बारिश और तेज हवाओं का पूर्वानुमान

प्रदेश राहत आयुक्त कार्यालय ने जनसामान्य और किसानों के लिए सतर्कता संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश सरकार ने संभावित मौसम परिवर्तन के मद्देनजर राहत-बचाव और एहतियाती उपायों पर जोर दिया है। मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक 28 अक्टूबर को सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, गाजीपुर और बलिया में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 29 अक्टूबर को कई जिलों में भारी बारिश और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका के चलते ऑरेंज अलर्ट है। चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, रायबरेली, अमेठी और सुल्तानपुर सहित कई क्षेत्रों में वर्षा का अनुमान है। 30 अक्टूबर को पूर्वांचल, अवध और तराई के कई जिलों के साथ बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर में भी भारी बारिश व तेज हवाओं की संभावना जताई गई है। इसके चलते दिन के तापमान में 5 से 8 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है।राहत आयुक्त कार्यालय ने लोगों से मौसम संबंधी चेतावनियों और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की है। आंधी-तूफान के दौरान पक्के भवनों में शरण लेने, पेड़ों, बिजली के खंभों और कमजोर संरचनाओं से दूर रहने व अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। बिजली कड़कने के दौरान खुले मैदानों, खेतों और जलाशयों के पास जाने से भी बचने को कहा है।

अयोध्या, काशी-मथुरा की तर्ज पर होगा संकिसा, बौद्ध सर्किट का समग्र एवं सुनियोजित विकास- केशव प्रसाद मौर्य

मैनपुरी/ फर्रुखाबाद (एजेंसी)। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जसाराजपुर संकिसा में आयोजित अभिधम्म दिवस महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि संपूर्ण मानवता को करुणा, दया, अहिंसा और शांति का अमर संदेश देने वाले तथागत भगवान बुद्ध केवल भारत ही नहीं बल्कि समूचे विश्व में आराध्य एवं वंदनीय हैं। उन्होंने कहा कि भारत भूमि पर भगवान बुद्ध से जुड़े आठ प्रमुख पावन तीर्थ स्थलों में संकिसा का एक अत्यंत विशिष्ट, ऐतिहासिक और गौरवशाली स्थान है। उन्होंने इस पावन धरा, यहां के निवासियों को सादर नमन करते हुए देश-विदेश से पधारे



सभी पूज्य भंतेगणों, उपासकों और बुद्ध अनुयायियों का हृदय से स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने संकिसा में पाली शोध संस्थान एवं विपश्यना ध्यान केंद्र की स्थापना की मांग पर स्पष्ट करते हुए कहा कि यह जनता के लिए कोई मांग का विषय नहीं बल्कि उनका स्वाभाविक अधिकार है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मैनपुरी और फर्रुखाबाद दोनों जनपदों के समन्वय से संकीसा के समग्र विकास के लिए एक सुनियोजित एवं विस्तृत कार्य-योजना तैयार की जायेगी।अभिधम्म दिवस के पावन अवसर पर जनपद फर्रुखाबाद स्थित ऐतिहासिक बौद्ध तीर्थस्थली संकिसा में पवित्र बौद्ध स्तूप के दर्शन-पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर समाज में शांति, करुणा एवं परस्पर सम्मान की भावना निरंतर मजबूत हो, यही मंगलकामना है।उन्होंने कहा कि इस पावन स्थल के विकास के लिए जनता ने जितनी अपेक्षाएं रखी हैं, सरकार उन अपेक्षाओं से कहीं आगे बढ़कर कार्य धरातल पर उतारने का प्रयास करेगी ताकि संकीसा की वैश्विक पहचान और अधिक सुदृढ़ हो सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्तमान समय में तथागत भगवान बुद्ध के सबसे बड़े अनुयायी के रूप में कार्य कर रहे हैं, उन्होंने यह सिद्ध करके दिखाया है।

यूपी के जदयू कार्यकर्ता स्वास्थ्य मंत्री निशांत से मिलने को हैं काफी उत्सुक -श्रवण

वाराणसी में 1 नवंबर को आयोजित जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर कई स्थानों पर चलाया गया जनसंपर्क अभियान, सोमवार को वाराणसी के लोहता बाजार, मेहंदीगंज, दरेखूं, रखौना, हरसोस समेत अन्य स्थानों पर चलाया जनसंपर्क अभियान

पटना, बिहार का सत्तारुढ़ दल जदयू इस बार उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में पूरी मजबूती से उतरने की तैयारी कर ली है। वाराणसी के रोहनिया विधानसभा इलाके में 1 नवंबर को आयोजित जदयू के कार्यकर्ता सम्मेलन को हर स्तर पर सफल बनाने के लिए बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्री श्रवण कुमार पिछले तीन दिनों से निरंतर जनसंपर्क अभियान चलाने में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में सोमवार को उन्होंने वाराणसी और इससे सटे इलाके लोहता बाजार, मेहंदीगंज, दरेखूं, रखौना, हरसोस समेत अन्य इलाकों में स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं के बीच जनसंपर्क अभियान चलाया। मंत्री श्री कुमार ने बताया कि जदयू के स्थानीय कार्यकर्ता, नेता और आम लोग बिहार के स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत को देखना या उनसे मिलना चाहते हैं। स्थानीय लोगों में श्री निशांत को लेकर काफी क्रेज है। लोग उन्हें सुनना चाहते हैं। इस बार के कार्यकर्ता सम्मेलन में वे भी शिरकत करेंगे, इसका



काफी प्रभाव भी यहां के स्थानीय राजनीति पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यकर्ता सम्मेलन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और खासकर युवा कार्यकर्ताओं के शामिल होने की काफी संभावना है। यूपी के लोग बिहार में पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले 20 वर्षों के दौरान हुए विकासात्मक कार्यों के बारे में जानना और सुनना चाहते हैं। यहां लोग इस बात को पूरी शिद्दत से जानना चाहते हैं कि किसी जमाने बिहार को बदहाली का अभिप्राय माना जाता है और वही बिहार आज के समय में पूरी तरह से बदला हुआ और विकास का नया उदाहरण बनकर तेजी से विश्व पटल पर उभर रहा है। इसका एकमात्र श्रेय पिछले 20 सालों के बेहतरीन, समर्पित और पूरी तरह कर्तव्यनिष्ट नेतृत्व को जाता है, जिसकी बागडोर श्री नीतीश कुमार ने पूरी मजबूती से थामे रखी थी।

यूपी और बिहार का रिश्ता काफी पुराना रहा है खासकर वाराणसी और इसके आसपास के इलाके के लोगों का रिश्ता काफी धनिष्ठ रहा है। इसी कारण जदयू को लेकर यहां के लोग काफी उत्साहित हैं। इस कारण जदयू का यह कार्यकर्ता सम्मेलन आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को नई दिशा देने का काम करेगा। चुनिंदा सीटों की पहचान की जाएगी, जहां जदयू की स्थिति बेहद मजबूत है।मंत्री के साथ जनसंपर्क अभियान के दौरान फूलचंद पटेल, सदानंद सिंह पटेल, सुशील पटेल, सुनील पटेल, मोहन राजभर, सत्येंद्र सिंह, शालिनी पटेल, चंदन पटेल रजनीश पटेल, राकेश पटेल, अशोक पटेल, आकाश पटेल समेत अन्य मौजूद थे।

शेष

सपा-कांग्रेस...

साधा। सीएम योगी ने कहा, भगवान राम पुष्पक विमान से लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद अयोध्या आए। हजारों वर्षों पहले भगवान राम आए थे। हजारों वर्षों तक अयोध्या में आवागमन के लिए केवल सड़क मार्ग था वह भी टूटा-फूटा था। बिजली गायब थी। सब कुछ गायब। गंदगी रहती थी। जो कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के संस्कार हैं गंदगी में रहने की आदत, गंदे कार्यों को करने आदत अंधेरे में डकैती डालने की जो आदत थी वही उन्होंने अयोध्या में भी किया। अयोध्या को बिजली नहीं दी। अयोध्या का विकास नहीं किया और जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अयोध्या के विकास के लिए कार्य योजना बनाई तो उन्होंने रोड़े अटकाने शुरू किए। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में काशी में काशी विश्वनाथ धाम, जहां 17 के पहले 20 श्रद्धालु एक साथ दर्शन नहीं कर सकते थे, आज उसी काशी विश्वनाथ धाम में 20,000 श्रद्धालु एक साथ दर्शन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। चमक गई है काशी। नए कलेवर के रूप में नई काशी आ चुकी है। प्रधानमंत्री जी ने उसकी कायाकल्प कर दी है। और अयोध्या फिर से चमक पड़ा है।

मोदीके पिता...

अब बीजेपी ने इसे मुद्दा बना लिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ पटना बीजेपी का विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम शुरू। बीजेपी के कार्यकर्ता और नेता पार्टी दफ्तर से निकले। इनकम टैक्स चौराहे तक विरोध प्रदर्शन किये। बीजेपी नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे से बिना शर्त माफी मांगने की मांग की है। बीजेपी का कहना है कि राजनीतिक मतभेदों को व्यक्तिगत अपमान का रूप नहीं देना चाहिए। आज देशभर में बीजेपी कार्यकर्ता कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ सड़कों पर उतरे हैं। बीजेपी आज हर जिला मुख्यालय पर प्रोटेस्ट कर रही है। पटना में बीजेपी प्रदेश कार्यालय से आयकर गोलंबर तक विरोध मार्च निकाल रही है और पुतला दहन करेगी। बीजेपी ने कहा कि खरगे ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो पहले गुंडों और बदमाशों से जुड़ी मानी जाती थी। पार्टी ने इसे कांग्रेस की 'वैचारिक दिवालियापन' का संकेत बताते हुए कहा कि कांग्रेस अब राजनीतिक दल के बजाय %माफिया गैंग% जैसी दिखने लगी है। बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन ने इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश की जनता इस तरह की अशोभनीय राजनीति को करीब से देख रही है और समय आने पर इसका उचित जवाब देगी। इस बीच खरगे के लिए एक और मुसीबत खड़ी हो गई है। उनके खिलाफ पटना के एक थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।ललन सिंह ने सवाल उठाया कि इतने ऊंचे राजनीतिक पद पर बैठा कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसी भाषा का इस्तेमाल कैसे कर सकता है। उन्होंने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष ने बार-बार मर्यादा की सारी हदें पार कर दी हैं, उन्होंने कोई ऐसी सीमा नहीं छोड़ी जिसे पार न किया हो। इसके केवल दो ही कारण हो सकते हैं- या तो उम्र का असर उन पर हो रहा है, या फिर वे मानसिक रूप से अस्वस्थ हो गए हैं। कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसी भाषा का इस्तेमाल कैसे कर सकते हैं? ऐसी बात की कल्पना भी नहीं की जा सकती। कर्नाटक कांग्रेस के सीनियर लीडर मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष आर अशोक की अगुवाई में बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने फ्रीडम पार्क में विरोध प्रदर्शन किया । मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए उनसे तत्काल माफी मांगने को कहा और आरोप लगाया कि खरगे ने कर्नाटक की 7 करोड़ जनता का अपमान किया है और इसका परिणाम कांग्रेस पार्टी को चुनावों में भुगतना पड़ेगा।

ब्रिक्स...

और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों के बीच संवाद, कूटनीति और सहयोग का महत्व बढ़ गया है। संसदें आपसी विश्वास मजबूत करने और समस्याओं के शांतिपूर्ण समाधान में प्रभावी योगदान दे सकती हैं। साथ ही, वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं को ठोस नीतियों और व्यावहारिक सहयोग में बदलना आवश्यक है।इस वर्ष संसदीय मंच का विषय 'जन-केंद्रित विकास के लिए संसदों को सशक्त बनाना' है। दो दिवसीय बैठक में लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास पर चर्चा होगी। बिरला ने कहा कि विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने संसदों से युवाओं की आकांक्षाओं को समझने, उन्हें बेहतर अवसर देने और उनकी प्रतिभा को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का भी आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी के ब्रिक्स को 'समाधानों का पारिस्थितिकी तंत्र' बनाने के विचार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सदस्य देशों को साझा उद्देश्यों के लिए विश्वास और सहयोग बढ़ाना चाहिए। बिरला ने विश्वास जताया कि यह मंच अधिक समावेशी, शांतिपूर्ण और सतत विश्व के निर्माण में योगदान देगा। इस अवसर पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने भी संबोधित किया। लोकसभा महासचिव ने स्वागत भाषण दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स देशों के संसदीय प्रतिनिधिमंडलों से भी मुलाकात की।

यूपी : पूर्व आईएएस..

होने जा रही है। दारा सिंह प्रजापति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, जिनके साथ दारा होंगे, अखाड़ा वही जीतेंगे। अखिलेश यादव ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर अवकाश देने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर आउटसोर्सिंग व्यवस्था खत्म की जाएगी और सफाई कर्मचारियों के हित में विशेष घोषणा की जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि गरीब परिवारों को उनके घरों का मालिकाना हक दिलाने की दिशा में काम किया जाएगा। जिन गरीबों के पास घर नहीं हैं, उनके लिए अलग से आवास बनाकर देने की व्यवस्था की जाएगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा वोटर लिस्ट में धांधली और वोट डकैती कर रही है। अखिलेश ने कहा कि एक ही नाम की कई जिलों में एंट्री सामने आ रही हैं और मतदाता सूची को लेकर आयोग की जिम्मेदारी है कि कोई पात्र मतदाता छूटे नहीं और किसी गलत नाम की एंट्री न हो।अखिलेश यादव ने मतदाता सूची को आधार से जोड़ने और बूथ स्तर पर बायोमेट्रिक व्यवस्था लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मतदाता पहचान पत्र ऐसा होना चाहिए, जिसकी नकल बनाना आसान न हो। उन्होंने भाजपा और चुनाव आयोग के बीच मिलीभगत का आरोप भी लगाया। अखिलेश ने कुछ नामों के उदाहरण देते हुए मतदाता सूची में बड़ी संख्या में एंट्री होने का दावा किया। उन्होंने कहा कि आयोग को तकनीक की मदद से ऐसी गड़बड़ियों की जांच करनी चाहिए।सपा अध्यक्ष ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें कुछ हत्याओं के कारणों की जानकारी नहीं है, लेकिन उनके अनुसार देश में कानून-व्यवस्था की स्थिति सबसे खराब है। उन्होंने आरक्षण में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाते हुए टीजीटी भर्ती का भी जिक्र किया। अखिलेश ने भाजपा पर चुनाव में घुसपैठ का मुद्दा उठाने और सीमाओं की सुरक्षा के मामले में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के संदर्भ में चीन की घुसपैठ से जुड़ी खबरों का भी उल्लेख किया। विपक्षी गठबंधन को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि वह गठबंधन को मजबूत करना चाहते हैं और भाजपा को उत्तर प्रदेश की सत्ता से हटाने के लिए मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य सत्ता की गद्दी नहीं, बल्कि जनता की सेवा करना है। सपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के जो विधायक सपा से टिकट चाहते हैं, उन्हें उनके पास लाया जाए।

ज्ञानेश कुमार...

ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर मार्च दीपावली के बाद आयोजित करने की अपील की थी। संगठन का कहना है कि एक नवंबर के आसपास धनतेरस, दीपावली और भैया दूज जैसे प्रमुख त्योहारों के कारण बाजारों में भारी भीड़ रहती है। व्यापारियों के मुताबिक, रामलीला मैदान के पांच किलोमीटर के दायरे में चांदनी चौक, सदर बाजार, खारी बावली और कनॉट प्लेस जैसे प्रमुख बाजार हैं। रैली के कारण बैरिकेडिंग और यातायात मार्गों में बदलाव से त्योहारों के दौरान कारोबार प्रभावित हो सकता है। सीटीआई ने करीब 10 हजार करोड़ रुपये के संभावित नुकसान की आशंका जताई है। एलपीजी वितरक संगठनों ने भी भीड़ के कारण आपूर्ति प्रभावित होने की चिंता व्यक्त की है।

मानहानि..

परिसर के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोल बजाकर खुशी जताई और एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। राहुल गांधी के अदालत से बाहर निकलने पर कार्यकर्ताओं ने %सत्यमेव जयते% के नारे भी लगाए।कांग्रेस के महासचिव और संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी के पुराने बयान का जिक्र करते हुए कहा कि देश के लोग भूल जाते हैं कि भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष पर हत्या का आरोप लगा था। उन्होंने सवाल उठाया कि जो पार्टी ईमानदारी और शालीनता की बात करती है, उसके अध्यक्ष पर ऐसा आरोप कैसे लगा सकता है। वेणुगोपाल ने कहा कि अदालत ने साफ कर दिया है कि साल 2018 में अमित शाह को लेकर राहुल गांधी ने जो बयान दिया था, उसमें मानहानि जैसी कोई बात नहीं थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपराधियों को बढ़ावा देती है और उन्हें सत्ता के ऊंचे पदों तक पहुंचाती है।

अयोध्याको...

व्यवस्था के साथ-साथ सुंदरीकरण करने के लिए ऐसे 4,000 स्थानों पर यह कार्य वर्तमान में प्रारंभ होने वाला है। सीएम योगी ने कहा कि जो लोग दंगाइयों के यार हों, अराजकता पैदा करना और अंधेरे में रख करके डकैती डालना जिन्होंने अपने जीवन का हिस्सा बना दिया था, पहले परिवार ही प्रदेश हो गया था, यह लोग विकास क्या कराएंगे? इस समय देश के अंदर दो मियां हैं। एक छोटे मियां, एक बड़े मियां। छोटे मियां और बड़े मियां को घुसपैठियों से बड़ा प्यार है। ये बांग्लादेशी घुसपैठियों को गले लगाते हैं और दलितों का, वंचितों का, गरीबों का, अन्नदाता किसानों का,

अंतरराज्यीय खरवार गैंग का खुलासा, आठ गिरफ्तार

६५ लाख रुपये के आभूषण बरामद, पुलिस टीम को २५ हजार का पुरस्कार



मीरजापुर। जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कटरा कोतवाली पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने अंतरराज्यीय खरवार गैंग का पर्दाफाश करते हुए आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से करीब 65 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण तथा चोरी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं। सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। पुलिस के अनुसार, 23 अगस्त 2026 को कटरा कोतवाली क्षेत्र के चिनियहवा इनारा, डंकीनगंज निवासी रोहित कुमार विश्वकर्मा की दुकान से रात में आभूषण चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना तथा भौतिक एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर 25 अक्टूबर को आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित बिहार के कैमूर, भोजपुर और रोहतास जिले के निवासी हैं। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में रेलवे स्टेशन और बस अड्डों के आसपास डेरा डालते थे। दिन में शहद या खिलौने बेचने के बहाने घरों और सर्राफा दुकानों की रेकी करते थे तथा रात में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस ने बरामदगी में 585 जोड़ी पायल, 1,316 पीस मीना, चांदी के अन्य आभूषण तथा सोने के आभूषण शामिल बताए हैं। इसके अलावा पेचकस, प्लास, हथौड़ा, छेनी और कटर सहित चोरी में प्रयुक्त उपकरण भी बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध मीरजापुर के कटरा, मड़िहान, लालगंज, देहात, राजगढ़, जिगना और संतनगर थानों में दर्ज चोरी के विभिन्न मुकदमों के संबंध में कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी में कटरा कोतवाली प्रभारी नीरज पाठक, एसओजी प्रभारी राजीव सिंह और सर्विलांस प्रभारी अजय कुमार सेठ अपनी टीमों के साथ शामिल रहे।

दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

कछवां। थाना क्षेत्र के बजरडीहा चट्टी के पास रविवार देर रात करीब 12:30 बजे दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में 50 वर्षीय रऊक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, जलालपुर निवासी रऊक पुत्र मुख्तार अपनी मां को वाराणसी स्थित पॉपुलर हॉस्पिटल में खाना पहुंचाकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बजरडीहा चट्टी के पास उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रऊक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में उनके साथ बाइक पर सवार नूर आलम घायल हो गए। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार चुनार थाना क्षेत्र के हरसिंहपुर निवासी अनुराग सिंह पटेल पुत्र हनुमान सिंह पटेल भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

पालतू कुत्ते को लेकर हुए विवाद के बाद वृद्ध की रहस्यमय मौत

परिजनों ने पड़ोसी पर लगाया मारपीट का आरोप, बताया सदमे से गयी जान



चौरी। थाना क्षेत्र के भुलईपुर गांव स्थित पाल बस्ती में सोमवार की सुबह एक 65 वर्षीय वृद्ध की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने पड़ोसी पर मारपीट का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार शनिवार को कैलाश पाल का पालतू कुत्ता पड़ोसी के घर चला गया था। इसी बात को लेकर पड़ोसी लाठी-डंडा लेकर कैलाश के घर पर चढ़ाई कर दिए और आरोप है कि मारपीट भी की गई। सूचना पर डायल-112 टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया था। परिजनों का आरोप है कि मारपीट की घटना से कैलाश आहत और सदमे में थे। सोमवार सुबह करीब 7 बजे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में चौरी में ही उनकी मौत हो गई। वृद्ध की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और गांव में भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कुलदीप मिश्र और चौरी चौकी प्रभारी नथुनी सिंह मय हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष कुलदीप मिश्र ने बताया कि प्रथम दृष्टया मृतक के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं पाए गए हैं। विवाद कुत्ते को लेकर बताया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा, उसके बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

रिवर क्रूज एमवी गंगा विलास को देखने उमड़ी भीड़

जमानियां,गाजीपुर। दुनिया का सबसे लंबा रिवर क्रूज एमवी गंगा विलास सोमवार को स्विट्जरलैंड के 15 पर्यटकों को लेकर गाजीपुर के जमानियां पहुंचा। यहां धरम्मरपुर गंगा सेतु के नीचे से होते हुए यह क्रूज गंगा नदी के जलमार्ग से अपने अगले पड़ाव काशी के लिए सुरक्षित रवाना हो गया। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस विशालकाय क्रूज को देखने के लिए नदी किनारे ग्रामीणों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने मोबाइल फोन से क्रूज की तस्वीरें और वीडियो बनाए। जलमार्ग को सुगम और सुरक्षित रखने के लिए एक अन्य सहायक जहाज भी क्रूज के आगे नदी मार्ग को क्लीयर करते हुए चल रहा था।क्रूज के गाइड सव्यसाची भट्टाचार्य ने बताया कि 15 विदेशी सैलानियों को लेकर गंगा विलास 12 अक्टूबर को कोलकाता से रवाना हुआ था। रविवार, 25 अक्टूबर को यह गाजीपुर के हमीद सेतु के पास पहुंचा और वहां लंगर डाला गया।



इस दौरान विदेशी पर्यटकों ने गाजीपुर शहर का भ्रमण किया और ऐतिहासिक लॉर्ड कॉर्नवालिस के मकबरे का दीदार किया। शहर भ्रमण के बाद पर्यटकों ने क्रूज पर ही रात्रि विश्राम किया और सोमवार सुबह क्रूज वाराणसी के लिए आगे बढ़ गया। तय कार्यक्रम के अनुसार, क्रूज 28 अक्टूबर को काशी पहुंचेगा। वहां पर्यटक श्री काशी विश्वनाथ धाम सहित वाराणसी के अन्य ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण करेंगे तथा विश्वप्रसिद्ध गंगा आरती में शामिल होंगे। गाइड ने जानकारी दी कि कोलकाता से वाराणसी तक जलमार्ग की दूरी लगभग 1,350 किलोमीटर से अधिक है, जिसे पूरा करने में दो सप्ताह से ज्यादा का समय लगता है। क्रूज में 18 विशेष सुइट्स हैं और यहां भारतीय व कॉन्टिनेंटल व्यंजनों की उत्तम व्यवस्था है। वर्ष 2023 से संचालित इस क्रूज की लंबाई 62 मीटर, चौड़ाई 12.8 मीटर और कुल ऊंचाई 9 मीटर है। गंगा की गोद में लग्जरी और भारतीय संस्कृति का संगम कराता यह क्रूज अंतरराष्ट्रीय सैलानियों के बीच आकर्षण का बड़ा केंद्र बना हुआ है।

सड़क हादसे में घायल सेवानिवृत्त कानूनगो की मौत

चहनियां। बलुआ थाना क्षेत्र के सेमरा गांव स्थित पेट्रोल टंकी के पास हाईवे पर रविवार की देर शाम को हुए सड़क हादसे में घायल सेवानिवृत्त कानूनगो 67 वर्षीय राधेश्याम यादव की इलाज के दौरान सोमवार को निधन हो गया । स्कॉर्पियो चालक फरार हो गया । पुलिस ने स्कॉर्पियो को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई । शव घर पर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया । सेमरा गांव निवासी राधेश्याम यादव कानूनगो पद से रिटायर होकर घर पर रहकर खेती बाड़ी का कार्य करते थे । रविवार की शाम को डेयरी पर दूध लेने के लिए हाइवे पर जा रहे थे कि अचानक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने उनको जोरदार टक्कर मार दी । जिससे घायल होकर रोड पर गिरकर छटपटाने लगे। आसपास के ग्रामीणों ने दौड़कर उनको तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चहनिया ले गए, जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया । ट्रामा सेंटर में उनका इलाज चल रहा था । सोमवार को उनकी हालत और खराब हो गई और उनका निधन हो गया। राधेश्याम यादव कानूनगो के पद से कुछ वर्ष पहले सेवानिवृत हुए थे । उनको एक पुत्र अभिषेक यादव और एक पुत्री कंचन यादव हैं। पुत्री की शादी हो चुकी है । जबकि पुत्र अभिषेक यादव जालंधर में रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई करता है । पत्नी कमलेश देवी, पुत्र और पुत्री अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

टेंट का पैसा मांगने पर मारपीट, मुकदमा दर्ज

मीरजापुर। देहात कोतवाली क्षेत्र के बेलहरा मोड़ स्थित टेंट संचालक उमेश गुप्ता को कोटवा गांव के कमला शंकर के यहां टेंट लगाना उस समय महंगा पड़ गया, जब टेंट का उधारी पैसा 5 महीने बाद भी नहीं मिलने पर संचालक ने बस इतनी गलती कर दिया कि उसने अपने उधारी के पैसे की मांग कर दिया। इसके बाद वह आग बबूला होकर आए दिन उसकी दुकान पर पहुंचने लगा और उल्टा पैसे की मांग करने लगा कि पैसा दे दो नहीं तो तुम्हारी दुकान नहीं चलने देंगे। इस पर जब दुकानदार ने विरोध किया तो वह लाठी- डंडे से मारपीट करने लगा। हालांकि, जब पीड़ित दुकानदार देहात कोतवाली पुलिस के चौखट पर पहुंचा तो मामले का संज्ञान लेकर तत्काल आरोपित के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आरोप है कि कमला शंकर पुत्र रामनरायन के द्वारा सरकारी योजनाओं का गलत लाभ लेने के लिए पहले आठ नवम्बर से 2025 में अपनी बेटी का ब्याह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत कराया, उसके बाद पुनः 20 मई सन 2026 को अपने घर से धूमधाम से बेटी की शादी किया।

सड़क हादसे में दो बाइक सवारों की मौत, गांवों में पसरा मातम

हलिया। प्रयागराज के शंकरगढ़ में रविवार को हुए सड़क हादसे में स्थानीय थाना क्षेत्र के दो लोगों की जान चली गई। चित्रकूट में सत्संग में शामिल होने जा रहे बाइक सवारों की सामने से आ रहे चारपहिया वाहन से भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों की मौत की सूचना मिलते ही हथेड़ा और पथरहा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, हथेड़ा गांव निवासी 43 वर्षीय अशोक कुमार मिश्र प्रयागराज के नैनी में अपने परिवार के साथ रहते थे और स्टेशनरी की दुकान चलाते थे। रविवार को वह पथरहा गांव अपने साथी 43 वर्षीय सुनील कुमार मिश्र के साथ बाइक से चित्रकूट में आयोजित सत्संग में जा रहे थे। दोनों शंकरगढ़ पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे चारपहिया वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों घायलों को स्वरूपरानी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर परिवारों तक पहुंचते ही चीख पुकार मच गई। अशोक कुमार मिश्र छह भाइयों में सबसे छोटे थे।उनकी असमय मौत से परिवार के सामने दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

पड़ाव चौराहे पर किराये के विवाद में हंगामा

पड़ाव। स्थानीय चौराहे पर ऑटो के किराये को लेकर हुए विवाद के बाद दो युवकों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान पुलिस पिकेट में लगे शीशे तोड़ दिए गए। मौके पर तैनात ट्रैफिक पुलिस ने एक युवक को पकड़कर स्थानीय पुलिस चौकी के सुपुर्द कर दिया,जबकि दूसरा युवक मौके से फरार हो गया। पकड़ा गया युवक सुजाबाद निवासी बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, दोनों युवकों ने शराब पी रखी थी। बताया जा रहा है कि ऑटो में बैठे दो लोगों से किराये को लेकर उनका विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर मौके पर तैनात ट्रैफिक पुलिस ने बीच-बचाव कर दोनों युवकों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद दोनों चौराहे के बीच बने पुलिस पिकेट में बैठ गए।

४२ लाख से बनेगी सीसी सड़क, लोगों को मिलेगी राहत

चकिया। नगर पंचायत चकिया के वार्ड नंबर नौ स्थित विभूति नगर की नई बस्ती में सड़क निर्माण कार्य से स्थानीय लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के तहत 42 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। नई बस्ती के लोग पिछले करीब दस वर्षों से जर्जर रास्ते की समस्या से जूझ रहे थे। सड़क की खराब स्थिति के चलते आवागमन में परेशानी होती थी। खासकर बारिश के दिनों में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। स्थानीय नागरिकों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव ने सड़क निर्माण के लिए शासन से 42 लाख रुपये की परियोजना स्वीकृत कराई।

परियोजनाओं को समय से करायें पूरा-डीएम

निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए श्रमिकों की बढ़ायें संख्या



गाजीपुर। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में रविवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। इसमें उन्होंने विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों से परियोजनाओं की भौतिक प्रगति की जानकारी ली और सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन परियोजनाओं में कार्य की गति धीमी है, वहां आवश्यकतानुसार श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने फूड हाउसिंग योजना की टेंडर प्रक्रिया, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मनिहारी, कारागार, कंपोजिट विद्यालय, जल जीवन मिशन ग्रामीण के तहत पेयजल कनेक्शन, सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की समीक्षा की। इसके अलावा नगर पंचायत सैदपुर में पेयजल पुनर्गठन, सेतु निर्माण निगम के अंतर्गत पुल निर्माण तथा राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सहित अन्य परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।डीएम ने मरदह स्थित गो संरक्षण केंद्र में जल्द विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया। वहीं, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति का सत्यापन कर व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।बैठक में संबंधित विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कुंडाखुर्द गांव में गंगा कटान का कहर, आरआरसी सेंटर,बारात घर का हिस्सा ढहा

पड़ाव। नियामताबाद ब्लॉक क्षेत्र के कुंडाखुर्द गांव में गंगा नदी के भीषण कटान से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। डीह बाबा मंदिर के समीप गंगा नदी के तेज कटान की चपेट में आने से गांव के आरआरसी सेंटर और बारात घर का हिस्सा ढहकर क्षतिग्रस्त हो गया। भवन का मलबा सीधे गंगा नदी में समा गया। गंगा कटान की जानकारी मिलने पर सोमवार की सुबह बड़ी संख्या में महिला और पुरुष ग्रामीण डीह बाबा मंदिर के समीप पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। कटान की भयावह स्थिति देखकर ग्रामीणों ने गंगा किनारे बने मकानों और रास्तों की सुरक्षा को लेकर आपस में चर्चा की। ग्रामीणों के अनुसार, गंगा नदी का जलस्तर घटने के बाद से लगातार कटान हो रहा है। इसके चलते नदी के किनारे की मिट्टी तेजी से कटकर ढह रही है। कटान के कारण तट के किनारे स्थित आरआरसी सेंटर और बारात घर का ढांचा पहले हवा में लटक गया और बाद में अचानक ढह गया। भवन का टीन शेड और दीवारों का मलबा गंगा नदी में समा गया। ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार शिकायत किए जाने के बावजूद जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश और भय व्याप्त है। उन्हें आशंका है कि यदि समय रहते गंगा कटान को रोकने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो नदी की कटान की चपेट में गांव के अन्य रिहायशी मकान, रास्ते और दूसरी संपत्तियां भी आ सकती हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से गंगा कटान रोकने के लिए तत्काल प्रभावी उपाय किए जाने की मांग की है, ताकि गांव और वहां के लोगों की संपत्तियों को सुरक्षित रखा जा सके।



एक नज़र इधर भी

अन्विकशिकी में बीएचयू की श्रुति प्रथम, डीएवी के प्रत्युष को मिला दूसरा स्थान

डीएवी पीजी कॉलेज में सोमवार को सांस्कृतिक समिति के अंतर्गत कॉलेज की शास्त्रार्थ डिबेटिंग सोसाइटी द्वारा आयोजित अन्विकशिकी में शहर के विभिन्न कॉलेजो और विश्वविद्यालयों के छात्रों ने समाज के ज्वलंत मुद्दों पर जोरदार बहस की। छात्रों ने एससी/एसटी के लिए आरक्षण में क्रिमीलेयर, जियो पॉलिटिक्स में अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध के अंतरराष्ट्रीय कानून, वैश्यावृत्ति का वैधीकरण स्वतंत्रता या शोषण का सामान्यीकरण, भारत मे होने वाले समलैंगिक विवाह संवैधानिक समानता या पारंपरिक पारिवारिक मूल्यों का क्षरण जैसे सामाजिक विषयों पर खुलकर विमर्श किया। डिबेट में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की श्रुति भौमिक प्रथम, डीएवी के प्रत्युष गोयल द्वितीय एवं



रितिका सिंह तृतीय रहे। चौथा एवं पांचवा स्थान डब्लू एच स्मिथ के ज्योत्सना श्रीवास्तव एवं दिग्विजय यादव ने प्राप्त किया। अशोका की खुशी चौबे और डीएवी की अनन्या तिवारी ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेताओं को बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक भारत भूषण, कॉलेज प्रबन्धक अजीत कुमार सिंह यादव, कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर मिश्रीलाल, उप प्राचार्य प्रोफेसर संगीता जैन, डॉक्टर तरु सिंह, डॉक्टर हसन बानो ने विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मैडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। निर्णायक मण्डल में एडवोकेट साक्षी सिंह, उज्ज्वल पाण्डेय एवं बादल सिंह राज शामिल रहे। संचालन शाश्वत, अंकित, तन्मय, श्रेयस, वैभवी ने किया। संयोजन सक्षम राय ने किया। कार्यक्रम में डीएवी पीजी कॉलेज के अलावा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, आर्यमहिला पीजी कॉलेज, बसन्ता कॉलेज राजघाट, डब्ल्यू एच स्मिथ, सनबीम भगवानपुर, अशोका इंस्टीट्यूट, गुरुनानक खालसा आदि कॉलेज के प्रतिभागी शामिल हुए।

लॉन्ग नाइट ऑफ लिटरेचर्स २०२६ के छठे संस्करण का आगाज

यूरोपीय संघ के सांस्कृतिक संस्थानों (यूनिक इंडिया), यूरोपीय दूतावासों और एलिस बोनर इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में लॉन्ग नाइट ऑफ लिटरेचर्स २०२६ के छठे संस्करण का भव्य शुभारंभ सोमवार को अस्सी घाट स्थित एलिस बोनर इंस्टीट्यूट में हुआ। यह वार्षिक अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव यूरोपीय और भारतीय साहित्यिक परंपराओं के बीच एक सेतु की तरह कार्य करता है। वैश्विक कहानियों और कविताओं के माध्यम से भाषा की सीमाओं को तोड़ते हुए, यह आयोजन पाठकों और अंतरराष्ट्रीय लेखकों के बीच एक आत्मीय व सीधा संवाद स्थापित करता है। दो दिवसीय इस उत्सव के दौरान यूरोप के नौ देशों के प्रतिष्ठित साहित्यकार मां गंगा के तट पर स्थित संस्थान की छत पर अपनी कृतियों का पाठ कर रहे हैं। कार्यक्रम के प्रत्येक सत्र को दो विशेष भागों में विभाजित किया गया है। प्रथम बीस मिनट में लेखक अपनी मूल भाषा में काव्य व गद्य का वाचन करते हैं, जिसके बाद अगले बीस मिनट भारतीय मूल विद्वान, शोधकर्ता और प्राध्यापक लेखक के साथ विषय पर परिचर्चा करते हैं। यह स्वरूप अंतरराष्ट्रीय रचनाकारों और बनारस की विद्वत परंपरा के बीच एक जीवंत वैचारिक आदान-प्रदान निर्मित करता है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते



हुए एलिस बोनर इंस्टीट्यूट के निदेशक एवं सचिव अनूप कुमार शर्मा ने बताया कि यह आयोजन काशी की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक साहित्य से जोड़ने की एक अनूठी पहल है। कार्यक्रम के पहले दिन पुर्तगाल की डायना वी. अल्मीडा, फ्रांस के ओलिवियर लिरोन, स्लोवेनिया की अना स्वेतेल और ऑस्ट्रिया की डॉक्टर फ्रेडरिक गोसवेनर अपनी रचनाओं का पाठ कर रहे हैं। वहीं दूसरे दिन जर्मनी के क्रिस्टोफर क्लोएबल, पोलैंड की मार्गी रेजमेर, इटली के एंटोनियो फ्रांकिनी, एस्टोनिया की लिली लूक और स्विट्जरलैंड के मार्को मिलाडिनोविक सत्रों का संचालन करेंगे। सभी सत्र प्रतिदिन शाम छह बजे से अस्सी घाट स्थित संस्थान की छत पर आयोजित हो रहे हैं।

सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ, निकली १५१ कलश यात्रा

जन-जन के कल्याण, समाज में धार्मिक चेतना जागृत करने तथा भावी पीढ़ी में संस्कारों का संचार करने के संकल्प के साथ कोशलेस नगर नागरिक समिति एवं श्रीराम कथा आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का सोमवार को भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर नरिया स्थित श्री दुःख हरण हनुमान जी मंदिर से 151 कलशों की भव्य यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाओं एवं पुरुषों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ सहभागिता की। धार्मिक जयकारों एवं भक्तिमय वातावरण से पूरा क्षेत्र राममय हो उठा।कलश यात्रा के शुभारंभ से पूर्व श्रीराम कथा के मुख्य यजमान डॉक्टर आनंद मिश्रा 'नूतन' एवं श्रीमती सत्या मिश्रा ने विधि-विधान के साथ कलश पूजन किया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में भाग लेकर श्रीराम कथा के सफल आयोजन तथा विश्व कल्याण की मंगलकामना की।इस अवसर पर श्रीराम कथा के संयोजक वरुण सिंह, अशोक पटेल एवं प्रमिल पाण्डेय ने कलश यात्रा में सम्मिलित महिलाओं एवं पुरुषों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए सभी से धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर




सहभागिता करने की अपील की।कथा व्यास पीठ पर वृंदावन से पधारीं साध्वी श्रीनिष्ठा ने संगीतमय श्रीराम कथा का रसपान कराते हुए भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों, मर्यादा, त्याग, सेवा एवं कर्तव्यनिष्ठा के महत्व पर प्रकाश डाला। कथा के प्रारंभिक प्रसंगों के माध्यम से उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम का जीवन मानव मात्र के लिए आदर्श आचरण की प्रेरणा देता है। कथा में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा को समिति द्वारा अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। पूजन आचार्य आशीष तिवारी और पंडित राकेश कुमार दूबे ने कराया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरुण सिंह, प्रमिल पाण्डेय, अशोक पटेल, फतह बहादुर सिंह, राजेश नागर, राजीव सिंह पटेल, विपिन सिंह, शत्रुधन त्रिपाठी, संतोष श्रीवास्तव, इंद्रजीत सिंह, मंचल मिश्र, कैलाश तिवारी, अंशुमाली प्रताप, धीरज सिंह, प्रियांशु सिंह, हिमांशु, उमाकांत उपाध्याय, सतीश पाल, वीरेन्द्र यादव, रीना त्रिपाठी, रीता सिंह, इंदु सिंह, प्रियंका पाण्डेय, अंकित ओझा, गोपाल खरवार , सूरज पाण्डेय,सहित अन्य श्रद्धालु एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अजेय बढ़त लेने उतरेगा भारत

भुवनेश्वर पर होंगी निगाहें, न्यूजीलैण्ड भी करना चाहेगा जीत का दीदार, तीसरा टी-२० आज

वेलिंगटन (एजेन्सियां)। बल्लेबाजों के दम पर पहले दो मैचों में जीत हासिल करने वाली भारतीय टीम न्यूजीलैण्ड के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे टी-२० अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी जिसमें तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह के प्रदर्शन पर निगाह टिकी रहेगी। भारत २०२० से न्यूजीलैण्ड में अजेय रहा है। उसने विराट कोहली की अगुवाई में तब न्यूजीलैण्ड को ५-० से हराया था। इसके बाद २०२२-२३ में अपने अगले दौरे में भारतीय टीम ने एकमात्र ऐसा मैच जीता जो खराब मौसम से प्रभावित नहीं हुआ था जबकि शृंखला का निर्णायक मैच टाई रहा था। अब श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम सुनिश्चित करना चाहेगी कि जसप्रीत बुमराह (जिन्हें आराम दिया गया है) और हार्दिक पंड्या (जो लंबे समय से चोट के कारण बाहर हैं) की अनुपस्थिति के बावजूद उनका अजेय रेकार्ड बरकरार रहे। क्राइस्टचर्च में खेले गये शुरुआती दो मैचों में बड़े लक्ष्य हासिल करने के बाद टीम निश्चित रूप से सही राह पर दिख रही है। भारत के लिए हालांकि चुनौती आसान नहीं है क्योंकि न्यूजीलैण्ड की टीम वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होगी और इसके अलावा यहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना भी आसान नहीं होगा। भारतीय टीम को तीन तरफ से खुले बेसिन रिजर्व ग्राउंड पर अक्सर चलने वाली तेज हवाओं से निबटना होगा। क्या इस तरह की परिस्थितियों को देखते हुए अंतिम एकादश में कोई रणनीतिक बदलाव किया जायेगा इस बारे में भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कोई खुलासा नहीं किया लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि चार साल बाद वापसी करने वाले भुवनेश्वर को बिना दबाव में आये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी लय हासिल करने की जरूरत है। उन्होंने पहले दो मैचों में ४९ और ५० रन




लुटाये। भुवनेश्वर को हालांकि बेसिन रिजर्व की परिस्थितियां रास आ सकती हैं। उन्हें अर्शदीप के रूप में एक भरोसेमंद साथी मिलेगा जो दोनों तरफ स्विंग करने की अपनी क्षमता से न्यूजीलैण्ड के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों फिन एलन, टिम सीफर्ट और डैरिल मिचेल के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। इन तीनों बल्लेबाजों ने अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है और जैसे-जैसे शृंखला आगे बढ़ रही है उन पर भी दबाव बढ़ता जा रहा है। न्यूजीलैण्ड की तरफ से मध्यक्रम में ग्लेन फिलिप्स ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है। उन्होंने पहले दोनों मैच में अर्द्धशतक बनाया। पिछले मैच में बेवन जैकब्स ने भी अच्छी बल्लेबाजी की। भारत ने पहले दो मैचों में १३ खिलाड़ियों का इस्तेमाल किया है। चोटिल ईशान किशन की जगह वैभव सूर्यवंशी को शामिल किया गया और दूसरे मैच में डेथ ओवरों के विशेषज्ञ प्रिंस यादव ने मयंक यादव की जगह ली। न्यूजीलैण्ड में अभी गर्मियों की शुरुआत है और ठंडी और हवादार परिस्थितियों में शाम का मैच भारतीय बल्लेबाजों की भी परीक्षा ले सकता है जो सीधी लाइन में शाट लगाना पसंद करते हैं। न्यूजीलैण्ड की तेज गेंदबाजों के लिए कार्यभार प्रबंधन योजना के तहत लाकी फर्ग्यूसन और मैट हेनरी की अनुपस्थिति भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। न्यूजीलैण्ड ने इन दोनों की जगह पर मैट फिशर और ब्लेयर टिकनर को टीम में शामिल किया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन हवा और ठंड के उतार-चढ़ाव से कैसे निबटते हैं। १५ वर्षीय सूर्यवंशी के लिए इस तरह की परिस्थितियां निश्चित रूप से उन्हें एक बेहतर खिलाड़ी बनाने में बहुत मददगार साबित होंगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर की तिलक वर्मा, नमन धीर और नीतीश कुमार रेड्डी को मध्यक्रम में इस्तेमाल करने की रणनीति पहले दो मैचों में कारगर साबित हुई है लेकिन गेंदबाजी के मामले में भारत अभी अपनी कमियों को दूर नहीं कर पाया है। **भारत**-श्रेयस अय्यर (कप्तान), संजू सैमसन , अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, नमन धीर, तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, प्रिंस यादव, अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर कुमार, मयंक यादव, कुमार कुशाग्र, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव। **न्यूजीलैण्ड**-फिन एलन, टिम सीफर्ट , बेवन जैकब्स, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, डेवोन कानवे, मिचेल सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रैसवेल, नाथन स्मिथ, ब्लेयर टिकनर, मैट फिशर, काइल जैमीसन, जैकब डफी, एडम मिल्ने, जोश क्लार्कसन। **समय**-दोपहर १२.३० बजेसे।

मुम्बई और दिल्ली पहले ही दिन फ्रंटफुट पर

रणजी ट्राफी

मुम्बई/रांची (एजेन्सियां)। अंगकृष रघुवंशी (११४) और मुशीर खान (१०९) के शानदार शतक की मदद से मुम्बई ने सोमवार को यहां हरियाणा के खिलाफ रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले के पहले दिन तीन विकेट पर २९० रन बनाकर मजबूत स्कोर की ओर कदम बढ़ा दिये। रघुवंशी ने अपना पहला प्रथम श्रेणी शतक जड़ा जबकि मुशीर ने टूर्नामेंट में तीसरी बार ५० से अधिक रन की पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए २०८ रन की साझेदारी करके मुम्बई की पारी को मजबूती दी। मुम्बई को दिव्यांश सक्सेना (१०) के जल्दी आउट होने से शुरुआती झटका लगा लेकिन सलामी बल्लेबाज रघुवंशी और तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे मुशीर ने तेज गर्मी और उमस के बीच शानदार शतक लगाकर मेजबान टीम को संभाल लिया। रघुवंशी ने १८० गेंद का सामना करते हुए १३ चौके और एक छक्का जड़ा जबकि मुशीर ने १८५ गेंद की अपनी पारी में चौके और एक छक्का लगाया। दिन का खेल समाप्त होने पर कप्तान सिद्धेश लाड २९ और सरफराज खान २० रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। रांची में शानदार फार्म में चल रहे कप्तान आयुष बडोनी के लगातार दूसरे शतक से दिल्ली ने ग्रुप सी मुकाबले के पहले दिन झारखंड के खिलाफ पांच विकेट पर ३०९ रन बना कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। टास जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की टीम एक समय १९१ रन तक पांच विकेट गंवा चुकी थी लेकिन बडोनी (नाबाद १०६) ने आलराउंडर सुमित माथुर (नाबाद ५०) के साथ छठे विकेट के लिए १२८ रन की अटूट साझेदारी करके पारी को संभाला। न्यूजीलैण्ड दौरे के लिए भारत ए टीम में जगह नहीं बना पाने वाले बडोनी ने अपनी पिछली तीन पारियों में ८५, २१७ और नाबाद १०६ रन बनाये हैं। उन्होंने अपनी पारी में अब तक ११ चौके और दो छक्के लगाये हैं। दिल्ली ने अच्छी शुरुआत की। प्रियांश आर्य (३९) और सनत सांगवान (३७) ने नयी गेंद का सामना करते हुए पहले विकेट के लिए ५६ रन जोड़े। आर्य के आउट होने के बाद सांगवान और यश धुल (२९) ने दूसरे विकेट के लिए ४३ रन की साझेदारी की। आयुष दोसेजा



(२३) और अनुज रावत (१८) भी सस्ते में आउट हो गये जिसके बाद बडोनी और माथुर ने पारी को संभाला। आफ स्पिनर प्रत्युष ने दो विकेट लिए। इंदौर में भारतीय टीम के आफ स्पिनर सारांश जैन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात विकेट झटके जिससे मध्य प्रदेश ने ग्रुप ए मुकाबले में बिहार की पहली पारी महज ९९ रन पर समेट दी। बिहार के लिए मंगल महरौर ने सर्वाधिक ४२ रन बनाए। उनके अलावा नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे सूरज कश्यप (१५) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। जवाब में मध्य प्रदेश ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर २६१ रन बना लिए जिससे उसने पहली पारी के आधार पर १६२ रन की बढ़त हासिल कर ली। सक्षम पुरोहित नाबाद ११३ रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि उनके सलामी जोड़ीदार यश दुबे ने ८४ रन की पारी खेली। दिन का खेल समाप्त होने तक कप्तान रजत पाटीदार २१ रन बनाकर पुरोहित का साथ दे रहे थे। वहीं वडोदरा में खेले जा रहे ग्रुप के एक अन्य मुकाबले में प्रियांशु मोलिया (११३) के शतक की मदद से बड़ौदा ने गत चैम्पियन जम्मू-कश्मीर के खिलाफ छह विकेट पर २५९ रन बना लिए। पुडुचेरी में खराब मौसम के कारण केवल ३७ ओवर का ही खेल हो सका जिसमें उत्तर प्रदेश ने पुडुचेरी के खिलाफ चार विकेट गंवाकर ६७ रन बनाये थे। चेन्नई में जुबैर अली की ७५ रन की पारी और हिमांशु सांगवान के साथ दसवें विकेट के लिए उनकी ६१ रन की साझेदारी के बावजूद तमिलनाडु के खिलाफ रेलवे की टीम पहली पारी में १८४ रन पर आउट हो गयी। इसके जवाबमें तमिलनाडु ने दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट पर ७१ रन बना लिए थे और वह पहली पारी के आधारपर ११३ रनसे पीछे है।

चैम्पियन भारत खिताब का होगा प्रबल दावेदार



एशियाई चैम्पियंस ट्राफी हाकी
बांग्लादेश की होगी चुनौती

जालंधर (एजेन्सियां)। पांच बार की चैम्पियन और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम मंगलवार से यहां शुरू होने वाले छह देशों के एशियाई चैम्पियंस ट्राफी (एसीटी) हाकी टूर्नामेंट में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी जहां उसका पहला मुकाबला बांग्लादेश से होगा। इस टूर्नामेंट से १७ साल के बाद पंजाब में अंतरराष्ट्रीय हाकी की भी वापसी होगी। यह राज्य कई दशकों से भारतीय हाकी का केंद्र रहा है और आज भी टीम के आधे से अधिक खिलाड़ी यहीं से आते हैं लेकिन इससे पहले यहां आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय हाकी टूर्नामेंट २००९ में गोल्ड कप के रूप में खेला गया था। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, जरमनप्रीत सिंह, राजिंदर सिंह, हार्दिक सिंह, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह और मनदीप सिंह जैसे खिलाड़ियों का अपने राज्य में अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलने का इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। हरमनप्रीत पहले ही कह चुके हैं कि स्टैंड में अपने परिवार को देखना उनके लिए बेहद खुशी का पल होगा। हालांकि अभ्यास सत्र के दौरान पिंडली में चोट लगने के कारण मनप्रीत सिंह पहले मैच में नहीं खेल पायेंगे। उनकी जगह विवेक सागर प्रसाद को अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन भी पंजाब में खेलने को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने कहा हम घरेलू दर्शकों से मिलने वाले जोश और ऊर्जा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। भारतीय टीम मौजूदा चैम्पियन है और वह विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर है जो इसमें भाग लेने वाली टीमों में सर्वोच्च है। भारत ने सर्वाधिक पांच बार २०११, २०१६, २०१८, २०२३ और २०२४ में खिताब जीता है। भारतीय टीम सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से हटने वाले पाकिस्तान की जगह लेने वाले बांगलादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी और फिर २९ अक्तूबर को चीन, ३० अक्तूबर को जापान, एक नवम्बर को मलयेशिया और दो नवम्बर को कोरिया के खिलाफ खेलेगी। प्रतियोगिता के लीग चरण से शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। सेमीफाइनल और फाइनल चार और पांच नवम्बर को मोहाली में खेले जायेंगे। भारत ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम के मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा है और कुछ मामूली बदलाव किये हैं। गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक ने मोहित एचएस की जगह ली है जबकि युवा डिफेंडर अमनदीप लाकड़ा और मिडफील्डर आदित्य लालागे को राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह पक्की करने का मौका मिला है। चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के नहीं होने के कारण भारत के लिए टूर्नामेंट में सबसे बड़ा खतरा मलयेशिया होगा जो एक ऐसी टीम है जिसने अतीत में अक्सर भारतीय टीम को परेशान किया है। एशियाई खेलों के फाइनल में भारत ने भले ही उसे ५-१ से हराया हो लेकिन हरमनप्रीत की अगुवाई वाली टीम मलयेशिया को हल्के में लेने की गलती नहीं कर सकती। कोरिया का प्रदर्शन लगातार गिरता जा रहा है लेकिन उसमें भारत को हराने की क्षमता है। हाल ही में एशियाई खेलों में हुए मुकाबले में उन्होंने भारतीय टीम को कड़ी टक्कर दी लेकिन आखिर में ०-२ से हार गये। भारतीय टीम के चार सीनियर खिलाड़ियों मनदीप सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास और नीलाकांत शर्मा के लिए यह टूर्नामेंट भावनाओं से भरा होगा क्योंकि सूत्रों के अनुसार वह देश की तरफ से आखिरी बार खेलते हुए नजर आयेंगे।

मुक्केबाजी : आदित्य फाइनलमें

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। आदित्य ने मोंटेनेग्रो के बुडवा में चल रही विश्व मुक्केबाजी अंडर-१९ चैम्पियनशिप के पुरुषों के ५५ किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में अजरबेजान के निहात गासिमोव को हराकर फाइनल में जगह बनायी और इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय मुक्केबाज बने। एशियाई अंडर-१९ चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता आदित्य ने तीनों राउंड में दबदबा बनाए रखा और जजों ने उनके पक्ष में ५-० का फैसला सुनाया। अब स्वर्ण पदक के मुकाबले में उनका सामना रूस के इस्लाम मागोमेदोव से होगा। इससे पहले मेघा श्योकंद ने महिला ८० किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में किर्गिस्तान की मेरिम चिनीबेकोवा को आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) के आधार पर हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले महिला ६५ किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में हर्षिका ने अमेरिका की लारिन एलमोर को कड़ी चुनौती पेश की लेकिन उन्हें २-३ से हार का सामना करना पड़ा जिससे उन्हें कांस्य पदक मिला। प्राची टोकस को भी महिला ८० किग्रा से अधिक भार वर्ग के सेमीफाइनलमें हारने के बाद कांस्य पदक मिला।

भारतके पास गेंदबाजोंके कार्यभार प्रबंधनकी अचूक योजना

-मोर्ने मोर्कल


वेलिंगटन (एजेन्सियां)। भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने सोमवार को कहा कि कि भारत के पास गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के लिए 'अचूक' योजना है और वह न्यूजीलैण्ड के खिलाफ अगले महीने होने वाली दो टेस्ट मैच की शृंखला के लिए वैकल्पिक गेंदबाजों को भी रखने पर विचार कर रहा है जिसमें बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह भी शामिल हैं। भारतीय टीम प्रबंधन ने अपने गेंदबाजों के लिए यह योजना तैयार की है ताकि उन्हें यहां पांच टी-२० अंतरराष्ट्रीय, पांच एकदिनी और दो टेस्ट मैचों वाले इस दौरे के व्यस्त कार्यक्रम से निबटने में मदद मिल सके। मोर्कल ने यहां तीसरे टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर कहा हम गेंदबाजों का एक ऐसा समूह तैयार कर रहे हैं जिन्हें हम व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए बैकअप के तौर पर रखना चाहेंगे। जैसे-जैसे समय करीब आयेगा और हमें साल के इस समय की परिस्थितियों का बेहतर अंदाजा हो



जायेगा। तब हमारे पास अपनी गेंदबाजी इकाई की संरचना को लेकर स्पष्ट तस्वीर होगी। सीमित ओवरों की क्रिकेट के विशेषज्ञ अर्शदीप ने भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है लेकिन वह गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराने में माहिर है और इसलिए वह टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के लिए दावेदार बने हुए हैं। मोर्कल ने कहा हमारे दिमाग में गेंदबाजों का एक अच्छा समूह है जो प्रत्येक तरह की परिस्थितियों में कारगर साबित हो सकता है और निश्चित रूप से अर्शदीप इसका हिस्सा हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो हमेशा कड़ी मेहनत करता है और हर कसौटी पर खरा उतरता है इसलिए अगर उसे लाल गेंद से गेंदबाजी करने की जरूरत पड़ी तो मुझे पूरा विश्वास है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेगा। भारत अपने मौजूदा न्यूजीलैण्ड दौरे में पांच टी-२० मैच की शृंखला खेल रहा है। इसके बाद पांच मैच की एकदिनी शृंखला होगी। इसके चार दिन बाद १९ नवम्बर से दो टेस्ट मैच की शृंखला खेली जायेगी। तेज गेंदबाजों को कवर के तौर पर टीम में बनाये रखने का फैसला दौरे से महीनों पहले तैयार की गयी दीर्घकालिक कार्यभार प्रबंधन रणनीति का हिस्सा है। मोर्कल ने कहा प्रत्येक गेंदबाज को पता है कि उससे कार्यभार और गेंदबाजी के मामले में क्या अपेक्षा की जाती है। कुछ खिलाड़ी लाल गेंद की क्रिकेट की तैयारी के लिए भारत ए टीम की तरफ से खेल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि टेस्ट शृंखला से पहले गेंदबाजों को मैच अभ्यासके लिए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान रोटेट किया जायेगा जिससे वे थकान के जोखिम के बिना धीरे-धीरे अपना कार्यभार बढ़ा सकें।

भारत के ग्रीको रोमन पहलवानों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी

अस्ताना (एजेन्सियां)। भारतीय ग्रीको-रोमन पहलवानों का विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन सोमवार को भी जारी रहा तथा एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता सुनील कुमार सहित तीन पहलवानों को यहां अपने-अपने भार वर्ग में पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। हाल में दो एशियाई खेलों के पदक जीतने वाले एकमात्र भारतीय पहलवान बने सुनील से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी लेकिन निष्क्रियता के लिए 'पार टेरे' स्थिति में डाले जाने के बाद उन्हें ८७ किलोग्राम वर्ग के इस मुकाबले में नार्वे के एक्सौस मुकुबू



से तकनीकी श्रेष्ठता (०-९) से हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला पूरे एक राउंड भी नहीं चला जिससे भारतीय खिलाड़ी के खराब प्रदर्शन का पता चलता है। भारत के अन्य खिलाड़ियों में साहिल (६३ किलोग्राम) और सचिन सहरावत (६७ किलोग्राम) भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। साहिल क्वालीफाइंग राउंड में बुल्गारिया के एडमंड आर्मेन नाजारियन से ०-७ से जबकि सहरावत दक्षिण कोरिया के हांजे चुंग से ५-६ से हार गये। इस प्रतियोगिता में ललित ही पदक जीतने के करीब पहुंचे थे। उन्हें ५५ किलोग्राम वर्गमें कांस्य पदक के प्लेआफ में हार का सामना करना पड़ा।

आर्यन को तीसरा स्थान

वाराणसी। वाराणसी के आर्यन वर्मा ने शतरंज की बिसात पर बौद्धिक श्रेष्ठता का परिचय देते हुए गाजियाबाद में हुई राज्यस्तरीय शतरंज चैंपियनशिप में नौ चक्र के पश्चात ७.५ अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ आर्यन ने २९ नवम्बर से नौ दिसम्बर तक वाराणसी के सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल बाबतपुर में होने वाली राष्ट्रीय शतरंजशिप के लिए क्वालिफाई कर लिया। साथ ही आर्यन राष्ट्रीय टीम शतरंज चैम्पियनशिप में भी उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। आर्यन की इस उपलब्धि पर वाराणसी शतरंज असोसिएशन के अध्यक्ष दीपक कुमार बजाज, उपाध्यक्ष विजय कुमार, महासचिव तुषार सारस्वत ने बधाई दी।

पड्क्किल दोहरे शतक से चूके, भारत 'ए' ने की वापसी

अनौपचारिक टेस्ट

लिंकन (एजेन्सियां)। देवदत्त पडिक्कल भले ही विवादास्पद फैसले से दोहरे शतकसे चूक गये लेकिन उनकी १९९ रनकी शानदार पारीसे भारत ए ने शानदार वापसी करके न्यूजीलैण्ड ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट मैचमें अपनी स्थिति भी मजबूत कर ली। भारत ए ने तीसरे दिनका खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में आठ विकेटपर ४८८ रन बनाये हैं और २८४ रन की बढ़त हासिल कर ली। भारतीय टीम पहली पारी ने ११३ रन पर सिमट गयी थी जिसके जवाबमें न्यूजीलैण्ड ए ने ३१७ रन बना कर २०४ रन की बढ़त हासिल की थी। पडिक्कल उस समय दोहरे शतकसे चूक गये जब उन्हें मध्यम गतिके गेंदबाज जैक गिब्सन की गेंद पर लेग साइड में विकेट के पीछे कैच आउट दिया गया। जब अम्पायरने उंगली उठाई तो पडिक्कल हैरान रह गये और उन्होंने हाव-भाव से यह जताने की कोशिश की कि गेंद उनके बल्ले से नहीं लगी। वे वहीं अवाक खड़े रहे और फिर डगआउट की ओर चले गये। इस मैच में निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) या स्निकोमीटर का उपयोग नहीं किया जा रहा है और इसलिए पडिक्कल के पास वापस जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। पडिक्कल ने अपनी पारी में २४८ गेंदों में २३ चौके और तीन छक्के लगाये। श्रीलंका में लगातार दो टेस्ट शतक लगाने के बाद पडिक्कल ने तीसरे नंबर पर अपनी जगह लगभग पक्की कर ली थी, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की शृंखला से पहले टीम प्रबंधन ने फिट हो चुके साई सुदर्शन को भी आजमाना चाहा जिन्होंने प्रभावशाली ९१ रन बनाये। उन्होंने पडिक्कल के साथ तीसरे विकेट के लिए २१० रन की साझेदारी की। सुदर्शन ने अपनी १८४ गेंदों की पारी में १२ चौके लगाये। पडिक्कल को यश राठौड़ (६६) के रूप में अच्छा सहयोगी



मिला। इन दोनों ने १४२ रन की साझेदारी की। जब पडिक्कल और राठौड़ आउट हुए तब भारत की बढ़त १६५ रन थी लेकिन वाशिंगटन सुंदर (नाबाद ५१) ने अंशुल कंबोज (२३) के साथ ४१ रन की साझेदारी की और फिर औकिब नबी (३८) के साथ ६९ रन और जोड़े जिससे भारत का स्कोर आठ विकेट पर ४८८ रन पहुंच गया।।

सिंधू और लक्ष्य सेन पर रहेंगी नजरें



हाइलो ओपन बैडमिण्टन


जर्मनी (एजेन्सियां)। दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता पीवी सिंधु और पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू हो रहे हाइलो ओपन २०२६ बैडमिण्टन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। सिंधु पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन में उपविजेता रही थीं और अब वह जर्मनी में अपनी अच्छी फार्म जारी रखना चाहेंगी। वहीं लक्ष्य सेन के लिए यह टूर्नामेंट मौजूदा सत्र में वापसी का अहम मौका होगा। दुनिया की ११वें नंबर की खिलाड़ी और टूर्नामेंट की दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधु पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन के फाइनल में दक्षिण कोरिया की एन से-यंग से हार गयी थीं। एन से-यंग मौजूदा ओलम्पिक और विश्व चैम्पियन हैं। फाइनल में हार के बावजूद सिंधु का प्रदर्शन इस साल बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर अच्छा रहा है। उनकी नजरें अब हाइलो ओपन में एक और मजबूत प्रदर्शन करने पर होंगी। इस साल कोरिया मास्टर्स का खिताब जीतने वाली अश्मिता चालिहा ने फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने पिछले गुरुवार को तीन बार की विश्व चैम्पियन जापान की अकाने यामागुची को दूसरे दौर में हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। दूसरी ओर देविका सिहाग को शुरुआती दौर में कठिन चुनौती का सामना करना होगा। उनका मुकाबला दुनिया की आठवें नंबर की थाईलैण्ड की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग से होगा जो टूर्नामेंट की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी हैं। पुरुष एकल वर्ग में पूर्व चैम्पियन लक्ष्य सेन भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। हालांकि उनके लिए यह सत्र अब तक निराशाजनक रहा है। पिछले सप्ताह पेरिस में उन्हें शुरुआती दौर में वाकओवर स्वीकार करना पड़ा था। इसके अलावा बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के पिछले सात टूर्नामेंटों में से छह में उन्हें पहले दौर में ही बाहर होना पड़ा। ऐसे में लक्ष्य की कोशिश हाइलो ओपन में अपनी लय हासिल करने और बेहतर नतीजे दर्ज करने की होगी। भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने हाइलो ओपन के पुरुष युगल वर्ग से हटने का फैसला किया है।

कराटे : वाराणसी को दो स्वर्ण सहित सात पदक

वाराणसी। वाराणसी के खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का परिचय देते हुए लखनऊ में खेली जा रही कराटे प्रतियोगिता में दो स्वर्ण सहित सात पदक जीते। कोच आचल पाल, खुशी यादव और शीतल सिंह के प्रशिक्षण में राजबीर सिंह और प्रत्युष सिंह ने जहां स्वर्ण पदक हासिल किया, वहीं सूर्यांश यादव, दिव्यांश विश्वकर्मा और श्रेयांश तिवारी रजत पदक लाने में सफल रहे। सूर्यांश और आदित्य मोहन को कांस्य पदक मिला। राज्य कराटे संघ के महासचिव क्योशी, जशपाल सिंह और जिले कराटे संघ के महासचिव दिलीप कुमार सैनी ने सभी पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

न्यूजीलैण्ड ए के खिलाफ खेल सकते हैं बुमराह, पंत

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह न्यूजीलैण्ड ए के खिलाफ तीसरे अनौपचारिक टेस्ट में खेल सकते हैं जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के भी सात नवम्बर से लिंकन में शुरू होने वाले इस मुकाबले की अंतिम एकादश में जगह बनाने की संभावना है। दोनों खिलाड़ी फिलहाल बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) में अभ्यास कर रहे हैं। पंत शुक्रवार को यहां पहुंचे थे जबकि बुमराह सोमवार को पहुंचे। रिपोर्ट के अनुसार बुमराह का सीओई दौरा न्यूजीलैण्ड के लिए एक नवम्बर को रवाना होने से पहले किसी भी शृंखला में खेलने के लिए सभी खिलाड़ियों की अनिवार्य 'वापसी से खेल प्रक्रिया' की शर्तें पूरी करने के उद्देश्य से है। बुमराह इस महीने की शुरुआत में जापान में भारत के एशियाई खेलों के अभियान का हिस्सा थे जिसमें टीम ने



स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद से उन्होंने कोई मैच नहीं खेला है। उन्हें वेस्टइण्डीज के खिलाफ घरेलू सीमित ओवरों की शृंखला के अलावा न्यूजीलैण्ड दौरे पर जारी टी-२० अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय मुकाबलों से भी आराम दिया गया था। पंत अक्तूबर की शुरुआत में ईरानी कप के दौरान चोट का शिकार हो गये थे। उस मुकाबले में उन्होंने शेष भारत टीम की कप्तानी की थी जिसने जम्मू-कश्मीर को हराया था। इस चोट के कारण पंत दिल्ली के रणजी ट्राफी के शुरुआती मुकाबले और न्यूजीलैण्ड ए के खिलाफ पहले दो चार दिवसीय मैचों में भी नहीं खेल सके। रिपोर्ट के अनुसार पंत ने सीओई में हल्का अभ्यास फिर से शुरू कर दिया है जिसमें बल्लेबाजी की ड्रिल भी शामिल हैं, लेकिन उन्होंने अभी विकेटकीपिंग शुरू नहीं की है। पंत की गैरमौजूदगी में झारखंड के विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को शुरुआती दो मैच के लिए टीम में शामिल किया गया था। झारखंड के कप्तान कुशाग्र को जारी टी-२० अंतरराष्ट्रीय शृंखला में ईशान किशन के विकल्प के तौर पर भी चुना गया है। किशन दाएं पैर की मांसपेशी में खिंचाव के कारण चोटिल हो गये थे। बुमराह और पंत दोनों को न्यूजीलैण्ड के खिलाफ दो टेस्ट मैच की शृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। यह शृंखला १९ से २३ नवम्बर तक वेलिंगटन और २७ नवम्बर से एक दिसम्बर तक क्राइस्टचर्च में खेली जायेगी।

वुल्फ ताइक्वांडो अकादमी चैम्पियन

वाराणसी। वुल्फ ताईक्वांडो अकादमी ने यहां कमलाकर चौबे आदर्श सेवा विद्यालय ईश्वरगंगी में हुई अंतर जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया। युनिवर्सल मार्शल आर्ट इंस्टीट्यूट दूसरे तथा युवा ताइक्वांडो अकादमी तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता के पश्चात मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र दयालु ने पुरस्कार वितरित किये। इस मौके पर प्रेम प्रकाश सिंह गौतम, राजेन्द्र त्रिवेदी, श्रीप्रकाश यादव, शुभम मौर्य, शिवाकर चौबे, सृष्टि सोनकर, सृष्टि गुप्ता, अशीश प्रताप सिंह, मनीष कुमार सिंह, अरविन्द यादव, अशीष राय, रंजय तिवारी, दीक्षा पटेल, अंशिका सेठ, चंद्रभान पटेल आदि मौजूद रहे।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल मंगलवार, 27 अक्टूबर 2026

मेष-	मानसिक शांति, सलाह से कामयाबी, मानसम्मान की प्राप्ति, नवीन उपलब्धि, खुशी भी।
वृषभ-	आज रात्रि 9/07 बजे तक कार्यों में बाधा, तदनन्तर वातावरण सुखद, धर्म में आस्था, यात्रा सार्थक।
मिथुन-	आज रात्रि 9/07 बजे तक समय शुभ, तदुपरान्त जोखिम से नुकसान, कर्ज की चिन्ता।
कर्क-	समय आशाजनक, समस्या का निवारण, सम्मान का लाभ, आर्थिक सुधार, हर्ष।
सिंह-	योजना साकार, मित्रों का सहयोग, राजनैतिक लाभ, पारिवारिक खुशी, संत समागम।
कन्या-	आज रात्रि 9/07 बजे तक आपसी कटुता, तत्पश्चात् नवयोजना फलीभूत, मन में प्रसन्नता।
तुला-	आज रात्रि 9/07 बजे तक अनुकूलता, तदनन्तर योजना अधूरी, विरोधी प्रभावी, धनहानि।
वृश्चिक-	भाग्योन्नति, आर्थिक प्रगति, आरोग्य सुख, कार्यसिद्धि, मनोबल में वृद्धि, हर्ष भी।
धनु-	दिनमान अनुकुल, व्यवसाय में प्रगति, दाम्पत्य सुख, विरोधी परास्त, लाभ का सुयोग।
मकर-	आज रात्रि 9/07 बजे तक आर्थिक हानि, तदुपरान्त वांछित प्रगति, परिजनों का सहयोग।
कुम्भ-	आज रात्रि 9/07 बजे तक प्रगति, तत्पश्चात् पारिवारिक उलझनें प्रभावी, व्यय की अधिकता।
मीन-	अभीष्ट सिद्धि, आरोग्य सुख, शत्रु परास्त, मान-सम्मान की प्राप्ति, प्रतिभा का सदुपयोग।

आज है जिनका जन्मदिन 27 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 27 का मूलांक 9 का स्वामी ग्रह मंगल एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। व्यक्तित्व दृढ़ता और साहस का प्रतीक होगा। प्रदर्शन की भावना आपमें विशेष रूप से विद्यमान रहेगी। जो भी कार्य करेंगे। स्वतन्त्र रूप से कार्यशील रहेंगे। जीवन में अनुशासन को ज्यादा महत्व देंगे। स्वाभिमानी होंगे। हर परिस्थितियों में सामान्य रहेंगे। लोग स्वत: आपके व्यक्तित्व से प्रभावित होकर आपके सम्पर्क में आ जायेंगे। दाम्पत्य जीवन अनुकूल नहीं कहा जा सकता। कलात्मक कृत्यों में आपकी रुचि रहेगी। आधुनिकता व संगीत प्रेमी होंगे। विपरीत कार्यों से तुरन्त निराश हो जायेंगे। शत्रुओं के प्रति कठोर रुख अपनायेंगे। मार्ग निर्देशन के क्षेत्र में अग्रणी रहेंगे। राजनैतिक व सामाजिक गतिविधियों में आपकी रुचि रहेगी। कुल देवी-देवता की अराधना नियमित रूप से करें। दैनिक जीवन में लाल रंग का प्रयोग अधिकतम करें। मंगलवार के दिन गुड़ व मिठाई ग्रहण करें साथ ही दान में देवें। समाज सेवा निःस्वार्थ भाव से करें। सुख-समृद्धि व सफलता के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र	: ॐ अं अंगारकाय नम:	मास	: फरवरी, अक्टूबर एवं नवम्बर
व्रत	: मंगलवार	वर्ष	: 9, 18, 27, 36, 45, 54, 63, 72
दिन	: सोमवार, मंगलवार एवं गुरुवार	रंग	: लाल एवं नारंगी
दिनांक	: 9, 18, 27	जन्मरत्न	: मूंगा उपरत्न: लाल अकीक
अंक	: 1, 3, 6	जड़ी	: अनन्त मूल की जड़

वर्ष का महत्वपूर्ण समय— 15 मार्च से 14 अक्टूबर, 31 अक्टूबर से 14 नवम्बर

यन्त्र

8	3	10
9	7	5
4	11	6

सुडोकू ४०९६

				8		5		
				1				
2							3	6
		8				7		
					3			
			4		2			
		1						
	6	7			9			
							2	4

खेलने का तरीका : दिमागी खेल और सम्बंधों की पहेली है। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के प्रत्येक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के प्रत्येक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल अब नहीं दें।

हल ४०९५ सुडोकू

7	9	8	4	3	5	2	6	1
4	2	3	9	6	1	5	7	8
5	1	6	7	2	8	9	3	4
9	6	5	1	8	4	7	2	3
1	3	7	6	9	2	8	4	5
2	8	4	3	5	7	1	9	6
6	7	9	8	1	3	4	5	2
3	5	1	2	4	9	6	8	7
8	4	2	5	7	6	3	1	9

छत्तीसगढ़ समाचार............

रायपुर :शहीद गुंडाधुर की धरती से लिखी जा रही बस्तर में बदलाव की कहानी



रायपुर (आ.स.से.)। कभी नक्सल हिंसा और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण बुनियादी सुविधाओं से कोसों दूर रहने वाले बस्तर के गांवों में अब विकास और विश्वास की एक नई और स्वर्णिम इबारत लिखी जा रही है। कभी जिन क्षेत्रों में खौफ का साया रहता था, अब वहां सुरक्षा कैंप विकास और जनसेवा के केंद्र में तब्दील हो चुके हैं। बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित लगभग 200 सुरक्षा कैंपों को वीर शहीद गुंडाधुर सेवा डेरा के रूप में विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना पर काम चल रहा है, जिसके तहत पहले चरण में 70 कैंपों को इन सेवा डेरों में बदला जा रहा है। यह पहल आज बस्तर के ग्रामीणों के लिए डिजिटल सेवाओं, बैंकिंग, कौशल प्रशिक्षण और स्वरोजगार का एक नया संबल बन चुकी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दृढ़ संकल्प से बस्तर आज नक्सलवाद के प्रभावों से मुक्त हो रहा है। सरकार का मुख्य लक्ष्य इसे देश के अग्रणी विकसित जनजातीय क्षेत्रों में शुमार करना है। 'नियद नेल्ला नार' योजना के माध्यम से आज सुदूर अंचलों तक सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। कृषि, पशुपालन और सिंचाई योजनाओं के जरिए ग्रामीणों की आय में लगातार इजाफा हो रहा है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 18 मई 2026 को बस्तर जिले के नेतानार स्थित सीआरपीएफ कैंप परिसर में देश के पहले शहीद वीर गुंडाधुर सेवा डेरा जन सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया था। अब इस योजना का दायरा तेजी से बढ़ाया जा रहा है। नेतानार वही ऐतिहासिक भूमि है जो बस्तर के महान जननायक शहीद वीर गुंडाधुर की जन्मस्थली है। वर्ष 1910 के ऐतिहासिक भूमकाल विद्रोह में गुंडाधुर ने आदिवासी अस्मिता, स्वाभिमान और जल-जंगल-जमीन के अधिकारों के लिए शोषणकारी अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ हुंकार भरी थी। आज उसी ऐतिहासिक धरा पर खुला यह सेवा डेरा आदिवासी समाज के स्वावलंबन और आधुनिक विकास का नया केंद्र बन गया है। पहले बस्तर के ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों, जैसे आधार कार्ड बनवाने, बैंक खाता खोलने या जाति-निवास प्रमाण पत्र के लिए कई-कई किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता था। लेकिन अब सेवा डेरा के माध्यम से यह सारी व्यवस्थाएं उनके गांव के पास ही उपलब्ध हो गई हैं। डिजिटल सेवाएं जैसे आधार कार्ड बनवाने व अपडेट कराने, केवाईसी, मोबाइल नंबर लिंक करने और जन्म-मृत्यु, आय व जाति प्रमाण पत्र जैसी ऑनलाइन सुविधाएं अब स्थानीय स्तर पर मिल रही हैं। महिलाओं को बैंक सखी के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे वे गांव में ही पैसे निकालने, जमा करने और खाते खोलने जैसी बैंकिंग सुविधाएं दे रही हैं। इन केंद्रों के माध्यम से स्वास्थ्य परामर्श, आंगनबाड़ी और प्राथमिक शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं भी सुलभ हो रही हैं। सेवा डेरा स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक कौशल को बाजार से जोड़ने का बेहतरीन माध्यम बन गया है। नेतानार में गुंडाधुर महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं इमली का प्रसंस्करण कर उच्च गुणवत्ता वाला इमली पल्प तैयार कर रही हैं। समूह की सदस्य लंबी नाग बताती हैं कि इस कार्य से जुड़कर महिलाएं सालाना एक लाख रुपये तक की आय अर्जित करने की राह पर हैं। इसी तरह, सुखदेवी जैसी ग्रामीण महिलाओं के लिए जीवन आसान हुआ है, जिन्हें अब अपनी छोटी बच्ची का आधार बनवाने के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। स्थानीय परंपरा को सहेजते हुए पारंपरिक ढेंकी से चावल तैयार करने और उसकी बिक्री से महिलाओं को अतिरिक्त आमदनी हो रही है, जबकि धान की भूसी का उपयोग पशु आहार के रूप में हो रहा है। इसके अलावा, सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इन उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए अब पेशेवर संस्थानों की मदद ली जा रही है। हाल ही में अहमदाबाद के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइनिंग की टीम ने नेतानार पहुंचकर सिलाई, इमली प्रसंस्करण और पारंपरिक ढेकी के कार्यों का जायजा लिया तथा उत्पादों की आकर्षक पैकेजिंग और ब्रांडिंग पर चर्चा की। इससे बस्तर की ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। शहीद गुंडाधुर की पावन भूमि पर सुरक्षा कैंपों से लेकर सेवा डेरा तक की यह यात्रा इस बात का प्रमाण है कि मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति, दूरदर्शी नीतियों और प्रशासनिक मुस्तैदी से किस प्रकार सुदूर अंचलों की तस्वीर बदली जा सकती है। यह बदलाव केवल भौतिक विकास का नहीं, बल्कि बस्तर के हर नागरिक के जीवन में खुशहाली और आत्मविश्वास का नया सवेरा है।

- धनंजय राठौर संयुक्त संचालक, जनसंपर्क संचालनालय, रायपुर

खड़गेने देशवासियोंकी भावनाओंको किया आहत-राजनाथ



नयी दिल्ली (आससे.)। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ये बहुत दुखद है। कल पटना में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी के दिवंगत पिता के बारे में जो टिप्पणी की, उससे मुझे गहरा आघात लगा है और बहुत दुख हुआ है। इस पूरी घटना में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि ये टिप्पणियां किसी साधारण कांग्रेस कार्यकर्ता या युवा नेता ने नहीं, बल्कि उस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की हैं, जो खुद को देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी होने का दावा करती है। अपने इस आचरण से कांग्रेस अध्यक्ष ने करोड़ों देशवासियों की भावनाओं को आहत किया है। लेकिन कांग्रेस यहीं नहीं रुकी अब वे खरगे जी के शब्दों को सही ठहराने की कोशिश करके लोगों की भावनाओं को और अधिक आहत कर रहे हैं। अपनी गलती मानने और खेद प्रकट करने के बजाय, कांग्रेस इस बयान का बचाव करने और इसे सही साबित करने में लगी हुई है। वहीं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, पीएम मोदी के पिता के खिलाफ खरगे जी की टिप्पणी कोई इकलौती घटना नहीं हैं; यह उनकी मानसिकता को दर्शाती हैं, यह उनके डीएनए में ही बसा है। खरगे जी का यह बर्ताव एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। अगर राहुल गांधी इस पर कुछ नहीं बोलते हैं, अगर वह खरगे जी से माफी मांगने की मांग नहीं करते हैं, तो हम देश की जनता को बताते रहेंगे कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से हताशा में काम कर रही है। कांग्रेस अपने अंत की ओर बढ़ रही है। हम तब तक विरोध करते रहेंगे जब तक खरगे जी इस्तीफा नहीं दे देते, जब तक वह माफी नहीं मांग लेते, और जब तक राहुल गांधी और सोनिया गांधी अपनी चुप्पी नहीं तोड़ देते। मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणी पर यूपी के मंत्री ओपी राजभर ने कहा, उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है और पीएम मोदी का साथ दे रही है, इसलिए अब उनके कार्यक्रमों में कुर्सियां खाली रह जाती हैं। इसी वजह से खरगे जी का ध्यान खाली कुर्सियों पर ही अटका रहता है और वे सोचते हैं कि जो लोग यहां बैठने वाले थे, वे सब कहां चले गए। जिसके चलते वे चिड़चिड़े होते जा रहे हैं... हम उनके विवादित बयानों की निंदा करते हैं। खरगे जी को देश से माफी मांगनी चाहिए और यह स्वीकार करना चाहिए कि उन्होंने जो कहा वह गलत था; उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

सभी मानदंडोंको तोड़ दिया-शाह

नयी दिल्ली (आससे.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मल्लिकार्जुन खरगे के बयान की निंदा की। उन्होंने कहा कि अशोभनीय टिप्पणी करके खरगे ने शालीनता के सभी मानदंडों को तोड़ दिया है। अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पहली बार मोदी या उनके परिवार के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कभी प्रधानमंत्री की मां का अपमान किया गया, कभी उन्हें मौत का सौदागर कहा गया और कभी उनकी गरीबी का मजाक उड़ाते हुए चायवाला कहा गया।

दिल्ली : पशु आश्रय स्थल तोड़ने वाले जेई निलंबित

नयी दिल्ली (आससे.)। दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक जूनियर इंजीनियर को निलंबित करने का आदेश दिया है। यह आदेश बाहरी दिल्ली में एक निर्माणाधीन पशु आश्रय को गिराए जाने के बाद आया। यह पशु आश्रय पशु कल्याण कार्यकर्ता जागृति मिश्रा का था। मुख्यमंत्री ने जूनियर इंजीनियर विकास कुमार गुप्ता के निलंबन का निर्देश दिया। कंझावला के निजामपुर गांव में पशु कल्याण कार्यकर्ता जागृति मिश्रा के परिसर में तोड़फोड़ की घटना के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बीते रविवार को मौके पर पहुंचकर उन्हें सुरक्षा और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने जागृति मिश्रा से पूछा कि क्या वह घटना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराना चाहती हैं। उनके सहमति जताने पर मुख्यमंत्री ने पुलिस उपायुक्त को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और महिला की सुरक्षा के बंदोबस्त करने के निर्देश दिए।

२०२७ में यूपीसे भाजपा का सफाया होगा-अखिलेश

लखनऊ (आससे.)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीयय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि आगामी 2027 में भाजपा का यूपी से सफाया होगा प्रदेश के युवा,व्यापारी बेरोजगार,किसान,बेटियों ने भाजपा की वायदा खिलाफी से तंग आ चुके हैं। श्री यादव ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के काफिले पर हमले की निंदा की ,उन्होंने कहा कि भाजपा को हराने के लिए इण्डिया गठबंधन मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगा। सपा प्रमुख श्री यादव लोहिया सभागार में आयोजित पत्रकारवार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। सवालों के जवाब में श्री यादव ने यूपी की सरकार में भ्रष्टाचार के रिकार्ड बनते जा रहे हैं,बिना नाम लिए एक विभाग को 17 हजार करोड़ के टेण्डर मैनेज पर श्री यादव ने कहा कि मैनेज करने वाली कम्पनी से मोटा कमीशन लिया



गया,यह किसकी जेब में जा रहा है,मुझे अभी दस्तावेज प्राप्त हुए हैं। सपा प्रमुख के साथ महासचिव एवं चाचा शिपाल सिंह यादव ने कहा कि यूपी में भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ गया है कि आम जनता का कोई भी कार्य बिना रिश्वत के नहीं होता,अब जनता ने इन्हें हटाने का मन बना लिया है।समाजवादी पार्टी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा अभी भी वोटर लिस्ट में हेराफेरी, धांधली, वोट की डकैती कर रही है। भाजपा विधानसभा चुनाव में बड़े पैमाने पर वोट की धांधली करना चाहती है। समाजवादी पार्टी जैसे-जैसे वोटरलिस्ट की पड़ताल कर रही है, हर दिन वोटर लिस्ट में धांधली की नई-नई आश्चर्यजनक जानकारियां मिल रही है। सरोजनीनगर, आजमगढ़ से लेकर पीलीभीत तक विभिन्न विधानसभाओं में मतदाता सूची को लेकर अलग-अलग तरीके के मामले आ रहे हैं। अभी नई जानकारी आ रही है कि एक नाम की कई जिलों में इन्ट्री है।

अरुणाचलमें सीमा पर तनाव को लेकर चीन ने तोड़ी चुप्पी, कहा- शांति-स्थिरता बनाये रखें

बीजिंग (एजेंसी)। चीन ने सोमवार को अरुणाचल में सीमा पर विवाद को लेकर चुप्पी तोड़ी है। उसने भारत से सीमा पर बनी सहमति लागू करने और शांति बनाए रखने की अपील की। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा, चीन ने दोनों देशों के बीच हुए समझौतों और अहम सहमतियों का लगातार और सख्ती से पालन किया है। उन्होंने कहा, चीन सीमा पर क्षेत्रीय संप्रभुता और स्थिरता बनाए रखने के लिए नियमित गश्त और प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियां करता है। उन्होंने चीन-भारत सीमा पर एक बार फिर आमने-सामने की स्थिति बनने की खबरों पर यह बयान दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि ऐसी घटनाएं तब होती हैं, जब चीनी सैनिक गश्त के तय तरीकों से हटकर काम करते हैं। गुओ ने कहा, चीन और भारत राजनयिक और सैन्य माध्यमों से एक-दूसरे के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, चीन को उम्मीद है कि भारत भी इसी दिशा में काम करेगा। दोनों देश मिलकर आपसी सहमतियों को लागू करेंगे। साथ ही, सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाएंगे। इससे पहले, भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चीन के साथ सीमा पर आमने-सामने की स्थिति के सवाल पर कहा था, जहां तक इस मामले की खास जानकारी का सवाल है, मैं आपको रक्षा मंत्रालय से संपर्क करने के लिए कहूंगा। जैसा कि हम पहले भी बता चुके हैं, भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में स्थिति समय-समय पर तब बिगड़ती है, जब चीनी सेनाएं गश्त के तय तरीकों का पालन नहीं करती हैं।

हाईकोर्ट समाचार

एसआरएन अस्पताल में अधिवक्ता के साथ बदसलूकी पर भड़के वकील, किया चक्काजाम

प्रयागराज (आससे.)। एसआरएन अस्पताल में अधिवक्ता सर्वेश शुक्ला के साथ दो दिन पूर्व हुए बदसलूकी के खिलाफ अधिवक्ताओं ने सोमवार को सड़क जाम करके विरोध प्रदर्शन किया। कहा कि आए दिन वकीलों के साथ अपमान जनक व्यवहार किया जा रहा है। इसके पहले भी कई बार इस तरीके की घटनाएं हो चुकी हैं बावजूद इसके यह कृत्य रुक नहीं रहा है। इसके खिलाफ अधिवक्ता आरपार की लड़ाई लड़ने के लिए बाध्य हो गए हैं। अधिवक्ता सर्वेश शुक्ला से मारपीट के मामले में स्वरूप रानी अस्पताल परिसर में अधिवक्ताओं का विरोध प्रदर्शन किया। मामले में कड़ी कार्रवाई को मांग करते हुए अनिश्चितकालीन प्रदर्शन के लिए सड़क पर उतर गए हैं। स्वरूप रानी परिसर अस्पताल में एसीपी विवेक यादव और एसीपी निकिता श्रीवास्तव कई थानों के प्रभारी और पुलिसकर्मियों के साथ मौजूद हैं। फायर ब्रिगेड चौराहा, हनुमान मंदिर चौराहा समेत अन्य जगहों पर बैरिकेडिंग लगाकर पुलिस ने किया रूट डायवर्जन कर दिया है। एसआरएन मोड़ पर वकीलों के सड़क जाम के चलते सिविल लाइंस का पूरा इलाका जाम की चपेट में आ गया है। इसको देखते हुए प्रशासन भी अलर्ट हो गया है।

जम्मू कश्मीर में १६,३९७ महिलाएं और बच्चियां लापता, १,२७१ का अब तक सुराग नहीं

जम्मू (आससे.)। जम्मू कश्मीर में महिलाओं और बच्चियों के लापता होने के मामलों ने चिंता बढ़ा दी है। गृह विभाग से सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 2019 से 2026 के बीच 16,397 महिलाएं और नाबालिग बच्चियां लापता दर्ज की गईं। इनमें से 12,126 का पता लगा लिया गया, जबकि 4,271 का अब भी सुराग नहीं है। यह आंकड़ा कुल मामलों का 26 प्रतिशत से अधिक है। एक समाचार पत्र में आरटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, जिलावार विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया। आंकड़ों के मुताबिक, जून 2026 तक 14,593 वयस्क महिलाएं लापता हुईं। इनमें से 11,338 को खोज लिया गया, जबकि 3,255 अब भी लापता हैं। वहीं, अगस्त 2026 तक 18 वर्ष से कम आयु की 1,804 बच्चियां लापता दर्ज हुईं। इनमें से 788 का पता चला, जबकि 1,016 का कोई सुराग नहीं मिला। यानी नाबालिग बच्चियों के 56 प्रतिशत से अधिक मामले अब भी अनसुलझे हैं। वर्षवार आंकड़े बताते हैं कि 2019 में 1,388 वयस्क महिलाएं लापता हुईं। 2021 में यह संख्या 1,854 और 2023 में 2,242 रही। वर्ष 2025 में सर्वाधिक 2,595 वयस्क महिलाओं के लापता होने के मामले दर्ज हुए, जिनमें 493 का पता नहीं चला।नाबालिग बच्चियों के मामले भी बढ़े। 2019 में 150 बच्चियां लापता हुईं, जबकि 2023 में 261 और 2025 में 289 मामले दर्ज हुए। वर्ष 2026 में अगस्त तक 286 बच्चियां लापता हुईं, जिनमें 158 का पता नहीं चला। उम्रवार आंकड़े केवल 18 वर्ष से कम और 18 वर्ष से अधिक के वर्गों में उपलब्ध हैं। पांच, दस या 15 वर्ष जैसी आयु-श्रेणियों का अलग विवरण रिपोर्ट में नहीं है। आंकड़े पूरे दस साल के बजाय 2019 से 2026 तक की अवधि के हैं।


राष्ट्र नतमस्तक है आपके सम्मान में...



दिनाँक 27.10.1915 अविभाजित बंगाल के जिला मिदनापुर के पहाड़ीपारा गाँव में पिता बेनी माधब दत्त जी के घर जन्मे क्रांतिकारी संगठन बंगाल वॉलंटियर्स के बाल **क्रांतिकारी 'मृगेंद्र नाथ दत्त जी'** की आज 111वीं जयंती पर **'मातृभूमि सेवा संस्था'** तथा हिन्दी दैनिक समाचार पत्र **'आज'** इन्हें कोटिशः नमन करती है।

27.10.1915-03.09.1933

अपनी प्रारंभिक शिक्षा मिदनापुर टाउन स्कूल से करने वाले भारतीय क्रांतिकारी मृगेंद्रनाथ दत्त जी ने भारतीय स्वतंत्रता को सुरक्षित करने के प्रयास में ब्रिटिश औपनिवेशिक अधिकारियों के खिलाफ हत्याएँ कीं। 02.09.1933 को मृगेंद्रनाथ दत्त जी ने पश्चिम बंगाल के मिदनापुर में पुलिस ग्राउंड में जिला मजिस्ट्रेट बी.ई.जे. बर्गे को गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस गार्डों द्वारा की गई गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हुए मृगेंद्रनाथ दत्त जी ने मिदनापुर सदर अस्पताल में 03.09. 1936 को प्राण त्याग दिए। -''राकेश कुमार'

मातृभूमि सेवा संस्था
जीवन को सार्थक बनाने के प्रयास में...
(भारतीय न्यास अधिनियम 1882 के अन्तर्गत निर्मित, एक गैर-लाभकारी संगठन)
www.mss-ind.org

9891960477-क्रांतिकारियों के जीवन पर निर्मित कैलेंडर प्राप्त करने हेतु संपर्क सूत्र।

मध्य प्रदेश समाचार

आस्था, अध्यात्म, श्रद्धा-धार्मिक पर्यटन का बड़ा केन्द्र बनेगा मां बगलामुखी देवी लोक -मुख्यमंत्री

भोपाल (आससे.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आने वाले समय में नलखेड़ा में बन रहा मां बगलामुखी देवी लोक आस्था, अध्यात्म, श्रद्धा, अनुभव और धार्मिक पर्यटन का एक बड़ा केन्द्र बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि देश-दुनिया से नलखेड़ा आने वाले श्रद्धालुओं को अब यहां विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को आगर-मालवा जिले की सुसनेर विधानसभा क्षेत्र के नलखेड़ा में विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर परिसर में प्रस्तावित भव्य देवी लोक परियोजना का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पहले मां बगलामुखी मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए, विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ उन्होंने भव्य देवी लोक परियोजना के प्रथम चरण के कार्यों का भूमि-पूजन कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सिंगल क्लिक से निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन किया। अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा आगर-मालवा जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान, विधायक भैरव सिंह बापू एवं पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मां बगलामुखी देवी की तस्वीर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज नलखेड़ा में 85.40 करोड़ रुपए लागत के मां बगलामुखी देवी लोक का भूमि-पूजन हुआ है। यहां की महिमा अद्भुत है। मां सभी की मनोकामनाएँ पूरी करती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा हुए उज्जैन में श्रीमहाकाल लोक के लोकार्पण के बाद पूरा मालवांचल का वातावरण बदल गया है। अब मां बगलामुखी देवी लोक के विकास कार्यों को गति दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नलखेड़ा के मार्ग में आने वाली पुलिया और सड़क को आवश्यकतानुसार चौड़ा किया जाएगा, जिससे आवागमन में कोई परेशानी न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि आमला से नलखेड़ा तक 55 करोड़ रूपए से अधिक की लागत से लगभग 14 किमी लंबा एक नया बायपास भी बनाया जा रहा है। इस नए फोरलेन के भूमि-पूजन के माध्यम से नागरिकों को बड़ी सौगात मिल रही है।



किसानों की समृद्धि और कृषि विकास पर है विशेष फोकस- डॉ. यादव

भोपाल (आससे.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को कृषि उपज मंडी समिति प्रांगण नरसिंहपुर में हुए बलराम कृषि महोत्सव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) से संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बलराम कृषि महोत्सव आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि नरसिंहपुर जिला खेती-किसानी और उन्नत कृषि पद्धतियों के लिए विशेष पहचान रखता है। यहां की कृषि और किसानों की मेहनत के उदाहरण देशभर में देखने को मिलते हैं। बलराम कृषि महोत्सव किसानों के सम्मान, कृषि विकास और उनकी समृद्धि के संकल्प को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए कृषि के साथ-साथ सिंचाई, जल संसाधनों के बेहतर उपयोग और आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देना आवश्यक है। सरकार नदी जोड़ो अभियान सहित विभिन्न क्षेत्रों में कृषि एवं इससे जुड़े व्यवसायों के विकास के प्रयास कर रही है। कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने और किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बलराम कृषि महोत्सव को किसानों के बीच कृषि संबंधी जानकारी, आधुनिक तकनीकों और उन्नत खेती के तरीकों को साझा करने का महत्वपूर्ण मंच बताकर किसानों से नई कृषि पद्धतियों को अपनाने को कहा। मुख्यमंत्री ने किसानों से परम्परागत खेती के स्थान पर अब अधिक आमदनी देने वाली उन्नत खेती कर खेतों-खलिहानों और अपने जीवन को समृद्ध बनाने का आह्वान किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नरसिंहपुर जिले से उनका विशेष स्नेह रहा है। मुख्यमंत्री ने सभी के कल्याण एवं समृद्धि की कामना की तथा किसानों को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं।बलराम कृषि महोत्सव को मप्र राज्य सहकारी बैंक (अपैक्स बैंक) के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने भी संबोधित किया।

डॉ. मोहन यादव ने जामली (सेंधवा) के गायत्री धाम में किया योगाभ्यास


भोपाल (आससे.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार सुबह बड़वानी जिले के जामली (सेंधवा) के गायत्री धाम में गायत्री परिवार के सदस्यों के साथ योगाभ्यास किया। उन्होंने योग, आध्यात्मिक चेतना, सकारात्मक विचारों और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को सद्भावना एवं सत्कर्मों के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शरद पूर्णिमा के साथ आज से वास्तव में दीपावली का शुभारंभ हो गया है। परमात्मा ने हम सभी के मन में जो दीप प्रज्ज्वलित किया है, वह जीवन भर ऊर्जा का स्रोत बना रहे। हमारा शरीर जब तक साथ दे, तब तक हमारे हाथों से सत्कर्म होते रहें, मन में सद्भावना बनी रहे और दुर्विचार समाप्त हों। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मनुष्य का जन्म लेना और जीवन यात्रा पूर्ण करना, सब ईश्वर की कृपा से निर्धारित समय का हिस्सा है। महाकाल, भगवान श्रीकृष्ण और माँ गायत्री की कृपा से हमें जो जीवन मिला है, उसका अधिकतम सदुपयोग करना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन के समय का श्रेष्ठतम उपयोग करते हुए अच्छे कार्य करने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय दर्शन के प्रसिद्ध वैदिक वाक्य 'यत् पिण्डे तत् ब्रह्माण्डे' का उल्लेख करते हुए कहा कि जो तत्व हमारे शरीर में विद्यमान हैं, उन्हीं का व्यापक स्वरूप ब्रह्मांड में भी दिखाई देता है। प्रकृति, वनस्पति, पंचतत्व और प्राणतत्व का मानव जीवन में विशेष महत्व है। पंचमहाभूतों के माध्यम से सृष्टि और जीवन की संरचना को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि शरीर से आगे आत्मा की यात्रा का आध्यात्मिक महत्व भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परमात्मा की कृपा से हम सभी को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। जीवन में आध्यात्मिक चेतना, सद्भावना और सत्कर्मों को अपनाकर समाज एवं राष्ट्र के कल्याण में योगदान देना चाहिए।मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज राजधानी भोपाल में भाजपा की कोर समिति की अहम बैठक में शामिल हुए। इस दौरान बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी के पिता को लेकर की गई शब्दावली पर आपत्ति दर्ज कराई। साथ ही, भाजपा के आगामी कार्यक्रमों और प्रदेश के अलग अलग शहरों में होने वाली रैलियों के संबंध में अहम चर्चा की।बैठक को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर जानकारी देते हुए कहा कि आज भाजपा प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक माननीय प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की अध्यक्षता और राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब के विशिष्ट आतिथ्य और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सह-प्रभारी रखा वर्मा साथ ही प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर की मौजूदगी में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के साथ प्रदेश सरकार के अन्य और कोर ग्रुप के सदस्य बैठक में शामिल हुए।

मैं अपने पतिके प्यारमें दीवानी हूं-रश्मिका मंदाना



साउथ सिनेमा की चर्चित अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी शादीशुदा जिंदगी को लेकर हो रही चर्चाओं से परेशान नजर आ रही हैं। अभिनेता विजय देवरकोंडा के साथ उनकी शादी और रिश्ते को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। हाल ही में दोनों के शो कॉफी विद करण सीजन 9 में दिए गए बयानों के बाद यह चर्चा और तेज हो गई। कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने दोनों के रिश्ते पर सवाल उठाए, तो कुछ ने रश्मिका को बिना मांगी सलाह देनी शुरू कर दी। अब अभिनेत्री ने एक लंबी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए आलोचकों को जवाब दिया है। उन्होंने साफ किया कि लोग उनके रिश्ते के बारे में पूरी सच्चाई जाने बिना अपनी धारणाएं बना रहे हैं। रश्मिका ने बताया कि विजय ने शादी का फैसला लेने से पहले समय क्यों लिया, दोनों ने मिलकर अपनी जिंदगी का निर्णय कैसे किया और आखिर क्यों वह अपने रिश्ते को लेकर किसी अनजान व्यक्ति की राय से प्रभावित नहीं होना चाहतीं। इतना ही नहीं, अभिनेत्री ने अपने परिवार को इस विवाद में घसीटने वालों को भी जमकर फटकार लगाई है। रश्मिका मंदाना ने अपनी पोस्ट में कहा कि वह आमतौर पर लोगों की राय पर प्रतिक्रिया देना पसंद नहीं करतीं, क्योंकि हर व्यक्ति को अपनी बात रखने का अधिकार है। लेकिन इस बार उन्हें लगा कि लोग उनकी और विजय की बातचीत को समझने के बजाय किसी एक को गलत साबित करने में जुटे हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके रिश्ते की कहानी इस बात पर निर्भर नहीं करती कि किसने कितनी बार प्रपोज किया या शादी के लिए फैसला लेने में कितना समय लगा।

धर्मन : रजनीकांत की फिल्म में हुई नयनतारा की एंट्री, पांच साल बाद फिर साथ दिखेगी जोड़ी



जेलर 2 के बाद अब सुपरस्टार रजनीकांत की मोस्ट अवेटेड फिल्म धर्मन की रिलीज का फैंस बड़ी बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं। अब इस मूवी से जुड़ा एक अपडेट सामने आया है। दरअसल, थलाइवा की धर्मन में एक्ट्रेस नयनतारा की भी एंट्री हो गई है। बता दें कि इस फिल्म के जरिए रजनीकांत और नयनतारा पांच साल बाद एक बार फिर साथ नजर आएंगे। दोनों ने आखिरी बार साल 2021 में आई फिल्म अन्नात्थे में साथ काम किया था। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नयनतारा के फिल्म में शामिल होने की जानकारी दी। एक्ट्रेस का स्वागत करते हुए प्रोडक्शन हाउस ने लिखा, अब दमदार अंदाज दोगुना होने वाला है। फिल्म धर्मन में नयनतारा का स्वागत है।नयनतारा और रजनीकांत इससे पहले भी कई फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। इनमें चंद्रमुखी (2005), कुसेलन (2008), दरबार (2020) और अन्नात्थे (2021) शामिल हैं। हालांकि, फिल्म धर्मन में नयनतारा का किरदार क्या होगा और इसकी कहानी किस बारे में है, इसे लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। फिल्म धर्मन का निर्देशन अश्वथ मारिमुथु कर रहे हैं, जबकि इसे एक्टर और फिल्ममेकर कमल हासन प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल की शुरुआत में शुरू हुई थी और टीम अब तक कई शेड्यूल पूरे कर चुकी है। मेकर्स ने अभी तक फिल्म की रिलीज डेट की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। हालांकि, खबरों के मुताबिक, फिल्म को पोंगल 2027 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना बनाई जा रही है।

सत्यनिष्ठा से समृद्धि थीम के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरु

नयी दिल्ली (आससे.)। देशभर में आज से एक नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस वर्ष इसकी थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' रखी गई है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिकता को बढ़ावा देना तथा भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, बैंकों और अन्य संस्थानों में कर्मचारी सत्यनिष्ठा की शपथ लेंगे। हर वर्ष यह सप्ताह सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती वाले सप्ताह में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के प्रति नागरिकों और संबंधित पक्षों को जागरूक करना है।

अपनी बयानबाजी के कारण फिर चर्चा में हैं फारूक अब्दुल्ला

जम्मू (आससे.)। नेशनल कांफ्रेंस अध्यक्ष डा फारूक अब्दुल्ला के इस बयान पर विवाद खड़ा हो गया है कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर मुद्दा उठाकर इसे जिंदा रखे हुए है। भाजपा ने इसे पाकिस्तान को अनुचित श्रेय देने वाला बयान बताते हुए फारूक से माफी और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हालांकि यह पहली बार नहीं है कि डा फारूक अब्दुल्ला अपने किसी विवादित बयान के कारण चर्चा में आए हों बल्कि अतीत में भी वे कई बार ऐसे विवादित बयान देकर सुर्खियां बटोर चुके हैं। बारामुल्ला में पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में फारूक ने केंद्र सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा था कि दिल्ली से न्याय की उम्मीद करना मुश्किल है। उन्होंने पाकिस्तान की ओर से कश्मीर मुद्दा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाए जाने का उल्लेख करते हुए इसे कश्मीरियों के हितों और पहचान से जोड़ा। उनके इस कथन की आलोचना इसलिए हो रही है कि पाकिस्तान की भूमिका को कश्मीरियों के हितों के संरक्षण से जोड़कर देखा गया। हालांकि, फारूक ने जम्मू-कश्मीर के लोगों के भारतीय होने पर सवाल उठाने की बात नहीं कही।फारूक की टिप्पणियां पहले भी राजनीतिक विवाद का कारण बन चुकी हैं।



नवंबर 2015 में उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर पाकिस्तान के पास रहेगा और जम्मू कश्मीर का भारतीय हिस्सा भारत के पास। नवंबर 2017 में उन्होंने दोहराया कि पीओके पाकिस्तान के नियंत्रण में है और युद्ध से यह स्थिति नहीं बदलेगी। इन बयानों पर भाजपा ने कड़ा विरोध जताया था।दिसंबर 2016 में फारूक ने हुर्रियत नेताओं से कश्मीर मुद्दे पर एकजुट होने की अपील की थी। जुलाई 2017 में उन्होंने कश्मीर विवाद के समाधान के लिए अमेरिका और चीन जैसे देशों की मध्यस्थता का सुझाव दिया, जिस पर भी राजनीतिक विरोध हुआ। भाजपा नेताओं ने ताजा बयान को पाकिस्तान की भूमिका को सही ठहराने वाला बताया है। पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने भी असहमति जताते हुए पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।इस विवाद ने फिर सवाल खड़ा किया है कि कश्मीर मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों का उल्लेख करना और पाकिस्तान को कश्मीरियों के हितों का संरक्षक बताना एक ही बात है या दोनों में बुनियादी अंतर है। फारूक के आलोचक उनके बयान को पाकिस्तान को श्रेय देने के रूप में देख रहे हैं, जबकि उनके कथन का संदर्भ केंद्र से न्याय की उम्मीद और कश्मीरियों की पहचान को लेकर उनकी राजनीतिक चिंता है।







डिजिटल बैंकिंगमें बढ़ता जोखिम

ग्राहकों को भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी, यूपीआई पिन या इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड नहीं बताना चाहिए। संदिग्ध लेनदेन होने पर तुरंत बैंक को सूचित करें और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

भारत ने डिजिटल भुगतान और वित्तीय समावेशन में उल्लेखनीय प्रगति की है। अब उसी गंभीरता से ग्राहकों की जानकारी और उनके अधिकारों की रक्षा करनी होगी। एसबीआइ की घटना को किसी एक बैंक की प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाने के बजाय पूरे बैंकिंग क्षेत्र के लिए चेतावनी के रूप में देखना चाहिए। लोगों ने बैंकों को केवल अपना पैसा नहीं सौंपा, अपनी पहचान और निजी जीवन से जुड़ी संवेदनशील जानकारी भी सौंपी है। बैंकिंग व्यवस्था की सफलता का पैमाना केवल मुनाफा या डिजिटल लेनदेन की संख्या नहीं, बल्कि ग्राहकों का विश्वास और उनकी जानकारी की सुरक्षा भी होनी चाहिए। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के लगभग चार हजार ग्राहकों की निजी जानकारी जैसे कि नाम, मोबाइल नंबर, जन्मतिथि, ईमेल, आवासीय पता, ग्राहक पहचान संख्या और ऋण से जुड़े विवरण डार्क वेब पर सामने आने की खबर ने देश की बैंकिंग व्यवस्था के सामने एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है। जिस बैंक पर करोड़ों लोग अपनी जीवनभर की बचत के लिए भरोसा करते हैं, यदि उसके ग्राहकों की व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित नहीं रह पाती तो डिजिटल बैंकिंग पर लोगों का विश्वास कैसे बना रहेगा? यह घटना केवल तकनीकी सुरक्षा से जुड़ा मामला नहीं है। इसका सीधा संबंध ग्राहकों की गोपनीयता, वित्तीय सुरक्षा और बैंकों की जवाबदेही से है। व्यक्तिगत जानकारी का दुरुपयोग भविष्य में वित्तीय धोखाधड़ी का कारण बन सकता है। किसी साइबर अपराधी के पास ग्राहक का नाम, मोबाइल नंबर, जन्मतिथि और ऋण आवेदन का विवरण हो तो वह बैंक अधिकारी बनकर विश्वास हासिल करने का प्रयास कर सकता है। वह ग्राहक को ऋण स्वीकृति, केवाईसी अपडेट या खाते की सुरक्षा के नाम पर धोखा दे सकता है। इस प्रकार निजी जानकारी की चोरी आर्थिक नुकसान का रास्ता खोल सकती है। आज बैंक केवल जमा और ऋण देने वाले संस्थान नहीं रह गए हैं। उनके पास ग्राहकों की आय, संपत्ति, व्यवसाय, पारिवारिक विवरण, लेनदेन और वित्तीय व्यवहार से जुड़ी व्यापक जानकारी रहती है। यह जानकारी बैंकिंग सेवाओं को सुविधाजनक बनाती है, लेकिन इसके गलत हाथों में पहुंचने की कीमत बहुत अधिक हो सकती है। दूसरे देशों का अनुभव हमारे लिए उपयोगी सबक प्रस्तुत करता है। अमेरिका में 2019 में कैपिटल वन बैंक से जुड़ी एक बड़ी डाटा चोरी सामने आई थी। इससे अमेरिका के लगभग 10 करोड़ और कनाडा के लगभग 60 लाख लोग प्रभावित हुए थे। इससे स्पष्ट होता है कि साइबर सुरक्षा में कमजोरी को केवल तकनीकी चूक मानकर अनदेखा नहीं किया जा सकता। बैंक प्रबंधन की जवाबदेही भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। यूरोपीय संघ ने व्यक्तिगत डाटा की सुरक्षा के गंभीर जोखिम वाले डाटा उल्लंघन की सूचना नियामक को सामान्यतः 72 घंटे के भीतर देने की व्यवस्था की है। तकनीकी सेवाएं किसी बाहरी कंपनी को सौंप देने से बैंक की जिम्मेदारी समाप्त नहीं होती। सिंगापुर ने भी फिशिंग धोखाधड़ी के कुछ निर्धारित मामलों में बैंकों और दूरसंचार कंपनियों की साझा जिम्मेदारी तय करने वाला ढांचा विकसित किया है। इसका उद्देश्य केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि वित्तीय संस्थानों को धोखाधड़ी रोकने के लिए अधिक जिम्मेदार बनाना है। भारत ने डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण अधिनियम, 2023 और 2025 में अधिसूचित नियमों के माध्यम से महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हालांकि डाटा उल्लंघन की सूचना देने सहित कई प्रमुख प्रविधानों का लागू होना अभी शेष है। सबसे पहला सुधार ग्राहकों को सूचना देने की व्यवस्था में होना चाहिए। प्रत्येक बैंक को संभावित डाटा उल्लंघन की पुष्टि होने पर प्रभावित ग्राहकों को व्यक्तिगत रूप से सूचित करना चाहिए। उन्हें बताया जाए कि इससे क्या खतरा हो सकता है और ग्राहक को किन सावधानियों की आवश्यकता है। स्वतंत्र साइबर सुरक्षा परीक्षण होना चाहिए। बैंक नियमित रूप से बाहरी विशेषज्ञों से अपने डिजिटल सिस्टम की जांच कराएं। संवेदनशील जानकारी को सुरक्षित तकनीक से संरक्षित किया जाए और कर्मचारियों एवं सेवा प्रदाताओं को केवल आवश्यक डाटा तक ही पहुंच मिले। ऋण आवेदन और डिजिटल केवाईसी से जुड़े रिकार्ड के उपयोग, संग्रहण और निस्तारण की स्पष्ट नीति होनी चाहिए। किसी बाहरी एजेंसी की सुरक्षा में कमजोरी पाए जाने पर उसकी जिम्मेदारी भी तय हो। रिजर्व बैंक को बैंकों के लिए एक साझा साइबर घटना रिपोर्टिंग और सीखने की व्यवस्था विकसित करनी चाहिए। इससे एक बैंक पर हुए हमले के अनुभव से दूसरे बैंक भी अपनी सुरक्षा मजबूत कर सकेंगे। बड़े डाटा उल्लंघन के बाद स्वतंत्र जांच का सार्वजनिक सारांश उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जिसमें ग्राहकों की गोपनीयता बनाए रखते हुए घटना के कारण और सुधारात्मक कदम बताए जाएं। ग्राहकों को भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी, यूपीआई पिन या इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड नहीं बताना चाहिए। संदिग्ध लेनदेन होने पर तुरंत बैंक को सूचित करें और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

आर्टिफिशियल सोना गिरायेगा गोल्डके दाम



हम किस्सों-किताबों में एलकेमिस्ट्स की बातें पढ़ते हैं। सदियों पुराना कीमियागरों का वह सपना, जिसमें किसी साधारण से धातु को सोने में बदलने की बात कही जाती थी। ये क्या अब हकीकत बनने जा रहा है? सैन फ्रांसिस्को में स्थित अमेरिकी टेक स्टार्टअप मैराथन फ्यूजन ने एक ऐसा दावा किया है जिसने दुनियाभर के सराफा बाजार और फाइनेंशियल जगत में खलबली मचा दी है। कंपनी का दावा है कि उसने न्यूक्लियर फ्यूजन तकनीक का इस्तेमाल करके लिक्विड मेटल यानी मर्करी को असली और स्टेबल गोल्ड में बदल दिया है. इस खबर के सामने आते ही यह बहस छिड़ गई है कि क्या लैब में बनने वाला सोना भविष्य में डायमंड की तरह असली सोने की कीमतों को धड़ाम कर देगा? क्या है यह पूरी तकनीक, स्टार्टअप का दावा और क्या सच में सस्ता होने वाला है सोना.मैराथन फ्यूजन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि उसने हाई-रेट अल्केमी का प्रदर्शन किया है. न्यूट्रॉन बमबारी- इस प्रक्रिया के तहत पारे पर न्यूक्लियर फ्यूजन से पैदा हुए तेज न्यूट्रॉन की बमबारी की जाती है. परमाणु संरचना में बदलाव- न्यूट्रॉन टकराने से पारे का परमाणु एक न्यूट्रॉन खो देता है और 'मर्करी-197' में बदल जाता है. इसके बाद रेडियोधर्मी नुकसान की प्रक्रिया के जरिए 79 प्रोटॉन वाला 'गोल्ड-197' बनता है, जो कि सोने का इकलौता प्राकृतिक और स्थिर रूप है. कंपनी का दावा है कि उसने यूरोपीय परमाणु अनुसंधान संगठन की तरफ से 2025 में बनाए गए पिछले रिकॉर्ड की तुलना में 10 गुना अधिक दर से सोना तैयार किया है. इधर हाल-फिलहाल के सालों में लैबोरेटरी में तैयार हीरों के आने से असली प्राकृतिक हीरों के थोक दामों में 90 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। इसी वजह से इन्वेस्टर्स और सराफा व्यापारी आशंकित हैं कि क्या सोने के साथ भी ऐसा ही होगा? हालांकि बाजार एक्सपर्ट्स और वैज्ञानिकों का मानना है कि सोने की कीमतों के तुरंत क्रैश होने की संभावना बेहद कम है। इसके कुछ मुख्य वजह निम्न हैं। अधिक लागत और धीमा प्रॉसेसः सीईआरएन के रिकॉर्ड से 10 गुना तेज होने के बावजूद वर्तमान में प्रयोगशाला में महज 1 ग्राम सोना बनाने में सैकड़ों साल लग सकते हैं. यह कॉमर्शियल रूप से सोना निकालने की तुलना में अरबों गुना महंगा है। रेडियोधर्मिता और कूलिंग का समयः फ्यूजन से बने सोने को सुरक्षित रूप से संभालने योग्य बनाने के लिए वर्षों तक 'कूलिंग पीरियड' से गुजारना पड़ सकता है, जिस फ्यूजन रिएक्टर्स के जरिए बड़े पैमाने पर सोना बनाने का मॉडल तैयार किया गया है, वे अभी व्यावसायिक स्तर पर अस्तित्व में ही नहीं हैं। वर्तमान में वैश्विक स्तर पर सोने की मांग केंद्रीय बैंकों की खरीदारी और जियो पॉलिटिकल अनिश्चितताओं से तय होती है. एक्सपर्ट्स का कहना है कि जब तक कोई ऐसी तकनीक नहीं आ जाती जो कॉमर्शियल तरीके से माइन्स से सोना निकालने से भी सस्ती लागत में सोना बना सके, तब तक नैचुकल सोने का डॉमिनेंस बना रहेगा।

वो गांव, जहां धरती पर उतर आता है चांद

भारत में खूबसूरत जगहों की कमी नहीं है। कहीं हरे-भरे खेत और नदियां मन मोह लेते हैं, तो कहीं पहाड़ों के बीच बसे छोटे-छोटे गांव अपनी सादगी और प्राकृतिक सुंदरता से लोगों का दिल जीत लेते हैं। देश के कई गांव ऐसे भी हैं, जहां पहुंचकर ऐसा लगता है जैसे किसी दूसरी ही दुनिया में आ गए हों। लद्दाख का लामायुरू भी ऐसी ही एक खास जगह है। यहां दूर-दूर तक फैली भूरी, सुनहरी और स्लेटी पहाड़ियां किसी चांद की सतह जैसी नजर आती हैं। यही वजह है कि इसे लामायुरू मूनलैंड के नाम से जाना जाता है। अगर आपको पहाड़ों के बीच घूमना और प्रकृति के अनोखे रंग देखना पसंद है, तो यह जगह आपकी ट्रैवल लिस्ट में जरूर होनी चाहिए.लद्दाख की खूबसूरती बाकी पहाड़ी इलाकों से काफी अलग है. यहां सिर्फ हरे-भरे जंगल और बर्फ से ढकी चोटियां ही नहीं, बल्कि सूखी जमीन, ऊंची-नीची पहाड़ियां और चट्टानों की अनोखी बनावट भी देखने



को मिलती है। लामायुरू मूनलैंड अपनी इसी खास खूबसूरती के लिए मशहूर है। यहां की पहाड़ियों पर कहीं गोलाकार आकृतियां दिखाई देती हैं, तो कहीं गहरे कटाव और छोटी-बड़ी घाटियां नजर आती हैं. दूर से देखने पर ये पहाड़ियां चांद की सतह जैसी लगती हैं. इन्हें देखकर ऐसा लगता है, मानो चांद धरती पर उतर आया हो। हवा, पानी और मौसम के लंबे समय तक पड़ने वाले असर से यहां की जमीन ने यह अनोखा रूप लिया है. इस जगह की एक और खास बात यह है कि सूरज की रोशनी के साथ पहाड़ियों के रंग भी बदलते नजर आते हैं। सुबह और शाम के समय इनका नजारा बेहद आकर्षक लगता है। यही वजह है कि यहां आने वाले पर्यटक तस्वीरें खींचना पसंद करते हैं. अगर आप भीड़भाड़ से दूर प्रकृति के बीच कुछ सुकून भरे पल बिताना चाहते हैं, तो लामायुरू मूनलैंड आपके लिए एक शानदार जगह हो सकती है. लामायुरू की पहचान सिर्फ चांद जैसी दिखने वाली पहाड़ियों तक सीमित नहीं है। यहां स्थित प्राचीन बौद्ध मठ भी इस जगह को खास बनाता है. इसे लामायुरू मठ या युरु गोम्पा कहा जाता है. यह लद्दाख के प्रमुख बौद्ध धार्मिक स्थलों में गिना जाता है और बौद्ध धर्म की द्रिकुंग काग्यू परंपरा से जुड़ा हुआ है. समुद्र तल से करीब 3,510 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस मठ का धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है।

देशकी इस ट्रेनसे घूम सकते हैं पूरा भारत

ट्रेन की खिड़की से बाहर भागते पेड़, छोटे-छोटे स्टेशन, खेत, पहाड़ और बदलते शहर लंबी रेल यात्रा का अपना ही मजा होता है। कई बार सफर इतना लंबा होता है कि रास्ते में ही नई-नई जगहों को देखने और अलग-अलग संस्कृतियों को समझने का मौका मिल जाता है. लेकिन क्या आपने कभी ऐसी ट्रेन में सफर करने के बारे में सोचा है, जो एक छोर से दूसरे छोर तक पहुंचने में तीन दिन से भी ज्यादा समय लेती है और जिसके सफर के दौरान आप भारत की विविधता को करीब से देख सकते हैं? भारत में ऐसी ही एक ट्रेन है, जिसका सफर करीब 4,200 किलोमीटर लंबा है। इसका नाम है विवेक एक्सप्रेस, जो असम के डिब्रूगढ़ से चलकर तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक जाती है। विवेक एक्सप्रेस का सफर अपने आप में खास है। यह ट्रेन डिब्रूगढ़ से चलकर कन्याकुमारी तक पहुंचती है. इस दौरान करीब 4,200 किलोमीटर की दूरी तय करने में लगभग 74 घंटे यानी तीन दिन से ज्यादा का समय लगता है। इतने लंबे सफर में यात्रियों को देश के अलग-अलग हिस्सों को देखने का मौका मिलता है। रास्ते में कहीं चाय के बागान नजर आते हैं, तो कहीं बड़े शहरों की चहल-पहल दिखाई देती है। अलग-अलग इलाकों में बदलती भाषा, खानपान और रहन-सहन भी इस यात्रा को यादगार बना सकते हैं. यही वजह है कि लंबी रेल यात्रा पसंद करने वाले लोगों के लिए विवेक एक्सप्रेस का सफर खास दिलचस्पी रखता है.विवेक एक्सप्रेस का सफर कई राज्यों और शहरों से होकर गुजरता है। अपने लंबे रास्ते में यह ट्रेन असम, नागालैंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल से गुजरती है. इस दौरान यात्रियों को अलग-अलग जगहों की संस्कृति और रहन-सहन देखने का मौका मिलता है. रास्ते में तिनसुकिया, दीमापुर, गुवाहाटी, बोंगाईगांव, अलीपुरद्वार, सिलीगुड़ी, किशनगंज, मालदा, रामपुरहाट, पाकुड़, दुर्गापुर, आसनसोल, खड़गपुर, बालासोर, कटक, भुवनेश्वर, खोरधा और ब्रह्मपुर जैसे प्रमुख स्टेशन आते हैं. इसके बाद ट्रेन आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम, विजयनगरम, विशाखापत्तनम, राजमुंदरी, विजयवाड़ा, ओंगोल और नेल्लोर जैसे शहरों से होकर आगे बढ़ती है. आगे के सफर में रेनिगुंटा, वेल्लोर, सेलम, इरोड, कोयंबटूर, पलक्कड़, त्रिशूर, अलुवा, एर्नाकुलम, कोट्टायम, चेंगन्नूर, कोल्लम, तिरुवनंतपुरम और नागरकोइल जैसे स्टेशन भी पड़ते हैं. इस तरह विवेक एक्सप्रेस लगभग 59 स्टेशनों पर रुकते हुए जाती है, जिससे की यात्रियों को देश के अलग-अलग हिस्सों से रूबरू होने का मौका भी मिलता है।

अजब गांवकी गजब कहानी

दुनिया भर में वैज्ञानिक जीवन के रहस्यों को समझने में जुटे हैं। इसी बीच इटली के सार्डिनिया द्वीप पर स्थित एक छोटे से गांव बोलोटाना ने रिसर्च में लगे लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। लगभग 2300 की आबादी वाले इस गांव की महिलाएं असाधारण रूप से लंबा जीवन जी रही हैं, जिससे यह दुनिया का नया 'ब्लू जोन' बनने की रेस में सबसे आगे आ गया है.बोलोटाना में 70 साल की आयु तक पहुंचने वाली महिलाओं के 100 साल की उम्र तक जीवित रहने की संभावना लगभग 13.8 प्रतिशत है. तुलनात्मक रूप से अमेरिका में महिलाओं के लिए यह संभावना केवल 3.6 प्रतिशत है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि हांगकांग के बाद यह दुनिया में महिलाओं की सबसे लंबी जीवित रहने वाली आबादी में से एक है. सार्डिनिया को 25 साल पहले दुनिया के पहले 'ब्लू जोन' के रूप में पहचाना गया था, जहां शताब्दी से अधिक उम्र के लोग सबसे ज्यादा रहते हैं, लेकिन पारंपरिक रूप से सार्डिनिया में पुरुषों की लंबी उम्र को प्रमुखता मिलती थी.



बोलोटाना में यह ट्रेंड पूरी तरह से बदला हुआ है, जहां 100 वर्ष की आयु पार करने वाले सौतेलों में महिलाओं की तादाद पुरुषों से काफी अधिक है। इटली की यूनिवर्सिटी ऑफ ससानी और अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ अलबामा एट बर्मिंघम के रिसर्चर्स ने 1900 से 1925 के बीच बोलोटाना में पैदा हुए लोगों के सिविल और चर्च रिकॉर्ड का गहराई से एनालिसिस किया है. वेरिफिकेशन के बाद यह साबित हुआ कि यहां की महिलाएं इटली के राष्ट्रीय औसत से 57 प्रतिशत अधिक समय तक जिंदा रहती हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि बोलोटाना की महिलाओं की लंबी उम्र के पीछे कई सामाजिक, जेनेटिक और लाइफस्टाइल से जुड़ी वजहें हो सकती हैं। पहाड़ी इलाकों में दैनिक पैदल चलना और ताजा और प्राकृतिक भोजन इनकी जीवनशैली का प्रमुख हिस्सा है गांव की महिलाएं आपस में बेहद मजबूत सामाजिक संबंध बनाए रखती हैं. वे एक-दूसरे का ख्याल रखती हैं, जिससे तनाव का स्तर कम रहता है. गांव में कई पीढ़ियों वाले परिवार एक साथ रहते हैं, जहां पुरुष भी घर के कामकाज और जिम्मेदारियों में हाथ बंटाते हैं।

एक लाखके अनारकली सूटमें यामी गौतमने दिखायी खूबसूरत अदायें

यामी गौतम की आने वाली हॉरर-कॉमेडी फिल्म नई नवेली के प्रमोशन जोरों पर हैं। इसी बीच, लीड एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक से ट्रेडिशनल ड्रेसिंग का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। उन्होंने रेड कलर का सिल्क अनारकली सूट पहना और उसके साथ उन्होंने कढ़ाई वाला बांधनी दुपट्टा कैरी किया। यामी गौतम का यह आउटफिट पिंक सिटी बाय सारिका लेबल का सुर्ख लाल अनारकली है, जिसकी कीमत रु.1,01,000 है। गहरे लाल रंग के सिल्क से बने इस सेट का लुक बहुत ही ग्रेसफुल है। यामी ने इस आउटफिट के साथ व्हाईटॉ ईयर कफ्स पहने, इससे उनके ट्रेडिशनल लुक में चार चांद लग गए। इसके साथ ही उन्होंने एथनिक फुटवियर के साथ अपना लुक पूरा किया। यामी ने इस एथनिक लुक के साथ मिनिमल लुक और टेक्सचर्ड वेव्स के साथ हाई पोनीटेल की। यामी के इस सादगी भरे लुक की फैंस ने खूब तारीफ की। एक ने लिखा, ब्यूटीफुल। एक ने कमेंट किया, नई नवेली का बेसब्री से इंतजार है। यामी गौतम की पिछली बार हक में नजर आई थी जिसमें उनके साथ इमरान हाशमी थे। इस फिल्म को क्रिटीक्स और दर्शकों का पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिला था वहीं फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। उनकी आने वाली फिल्मों में नई नवेली है जो 16 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है। यामी गौतम को हाल ही में 72वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड में उनकी फिल्म आर्टिकल 370 के लिए बेस्ट एक्ट्रेस के नेशनल फिल्म अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अवॉर्ड सेरेमनी में वे अपने हसबैंड और फिल्ममेकर आदित्य धर के साथ पहुंची थीं। जिन्होंने इस साल की सबसे सफल फिल्मों में से एक धुरंधर दी है। 'नई नवेली' एक फैंटेसी कॉमेडी-हॉरर फिल्म है जो 16 अक्टूबर, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बालाजी मोहन द्वारा निर्देशित और हिमांशु शर्मा व दिव्य निधि शर्मा द्वारा लिखित इस फिल्म को आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा ने कलर येलो प्रोडक्शंस के तहत अमेजन एमजीएम स्टूडियोज के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।



नाकके रास्ते भी दिमाग तक पहुंच रहे प्रदूषक कण



वायु प्रदूषण अब केवल फेफड़ों की बीमारी तक सीमित नहीं है। लंबे समय तक प्रदूषित हवा में सांस लेने से डिमेंशिया यानी मनोभ्रंश का खतरा बढ़ रहा है। जो दिमाग की कार्यक्षमता और याददाश्त को प्रभावित कर रहा है। इसमें वैश्विक स्तर पर 49 अध्ययनों का विश्लेषण किया गया, जिसमें पीएम 2.5 की मात्रा प्रति घन मीटर एक माइक्रोग्राम बढ़ने पर डिमेंशिया का खतरा सात प्रतिशत अधिक पाया गया, हालांकि विशेषज्ञ इसे 14 प्रतिशत बताते हैं। वायु प्रदूषण के संपर्क से डिमेंशिया का खतरा 14 प्रतिशत बढ़ने का संबंध सामने आया है। अति सूक्ष्म कण मस्तिष्क में सूजन बढ़ा सकते हैं। सूक्ष्म कण श्वसन तंत्र के अलावा शरीर के दूसरे अंगों को भी प्रभावित करते हैं। इससे वायु प्रदूषण का स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ रहा है। एन95 मास्क पहनें, प्रदूषण अधिक होने पर सही फिटिंग वाला एन95 मास्क पहनना, अधिक यातायात वाले समय में खुले में व्यायाम से बचना और नाक की सफाई के लिए सलाइन नेजल वाश का इस्तेमाल करना उपयोगी है। प्रो. जीसी खिलनानी के अनुसार वायु प्रदूषण अधिक होने पर बाहर रहने का समय कम रखना चाहिए। बुजुर्गों और हृदय या सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। नाक से मस्तिष्क तक जाने वाली घ्राण तंत्रिकाएं अतिसूक्ष्म प्रदूषक कणों के मस्तिष्क तक पहुंचने का मार्ग होती हैं। लंबे समय तक प्रदूषण के संपर्क में रहने से शरीर में सूजन, आक्सीडेटिव स्ट्रेस और मस्तिष्क की प्रतिरक्षा कोशिकाओं की सक्रियता बढ़ने लगती है। इससे मस्तिष्क की कार्यप्रणाली और याददाश्त के प्रभावित होने का खतरा बढ़ जाता है। डॉ. राजेश भारद्वाज के अनुसार उनके क्लिनिक में कई मरीज ब्रेन फाग यानी सोचने-समझने में अस्पष्टता, सुस्ती, थकान और साइनस में जलन की शिकायत लेकर आते हैं। सर्दियों में इसका खतरा बढ़ जाता है।